माघ शुक्ल पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 16 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 364, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अब छंटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव 14

मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री 13

सोनिया ने लिखी चिट्ठी... परिवार को संभालिएगा

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

▸▸ अब सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा पर प्राण आपके पास

अमृत विचार : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान में राज्यसभा के नामांकन के बाद से भाजपा लगातार उन्हें ट्रोल कर रही है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अवसरवादी बताया तो इस बीच सोनिया गांधी ने रायबरेली के नाम एक भावानात्मक चिट्ठी लिखी है।

सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं रायबरेली से अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा।

मातृशक्ति के बिना समाज व राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव नहीं : धामी

▸▸ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली के गौचर में नंदा देवी महोत्सव में मातृशक्ति को किया संबोधित

▸▸ 97 करोड़ की 260 योजनाओं का लोकार्पण व 303 करोड़ की 344 योजनाओं का शिलान्यास भी किया

ब्यूरो, देहरादून

चमोली के गौचर में महिला लाभार्थी को भवन की चाबी देते मुख्यमंत्री धामी।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गौचर में नंदा-गौरा महोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य की मातृशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को धरातल पर उतारने का काम कर रही है। मातृशक्ति के सहयोग से राष्ट्र उन्नति के नए शिखर को छू रहा है। इस अवसर पर सीएम ने चमोली जिले में 400 करोड़ से अधिक की 604 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने गौचर हवाई पट्टी से मेला मैदान तक रोड शो किया। इस अवसर पर जनपदवासियों व छात्राओं ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। नंदा-गौरा महोत्सव को संबोधित करते हुए धामी ने कहा कि मां नंदा चमोली जनपद के साथ ही समूचे गढ़वाल और कुमांऊ में अधिष्ठात्री देवी के रूप में पूज्यनीय हैं। गौरा देवी पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिपको आंदोलन की अगुवा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान को समर्पित है। मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। इस दौरान सांसद तीरथ सिंह रावत, जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भोपाल राम टम्टा, दर्जा मंत्री रमेश गढ़िया, गढ़वाल मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय, डीएम हिमांशु खुराना, एसपी रेखा यादव, सीडीओ अभिनव शाह, जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, हिमानी वैष्णव मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने इन्हें किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने मत्स्य पालन में मुल्लागांव ग्वाड़ की लीला देवी, ग्राम पिंडवाली की सीता देवी, परम्परागत हस्तशिल्प में अपर बाजार चमोली की सुनीता देवी, ग्राम गमशाली की रूकमणि देवी, पर्यटन में मंडल की पूजा देवी, महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण में योगदान और तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित ग्राम मठ की चन्द्रकला तिवारी, गोपेश्वर की मीना तिवारी और शशि देवली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भवन की चाबियां सौंपी, चेक वितरित किए

मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना में ग्राम दुआ की राजेश्वरी, कुसुम और यशोदा देवी, अटल आवास योजना में ग्राम सूकी सुराईथोटा की नन्दी देवी एवं ग्राम तोलमा सुराईथोटा की सरिता देवी को भवन की चाबियां सौंपीं। ग्राम नौटी की नीमा मैठाणी को उत्कृष्ट कृषि को 25 हजार का चेक, युवक मंगल दल बूरा, लुणतरा एवं वादुक को 75-75 हजार और महिला मंगल दल आला जोखना को 37,500 हजार रुपये का चेक दिया।

एक नजर

किसानों के लिए खोलें सोयाबीन-चना खरीद केंद्र

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने महाराष्ट्र सरकार से यवतमाल, चंद्रपुर और विदर्भ जिलों में सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने को कहा है, जहां ज्यादातर किसान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने से इसकी खेती में लगे क्षेत्रीय किसानों को लाभ होगा। महाराष्ट्र के सहकारिता, विपणन और कपड़ा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी किसानों की शिकायत और ऐसे खरीद केंद्रों की उनकी मांग के बारे में सूचित किया गया।

सुप्रीम कोर्ट की चुनावी बॉण्ड पर रोक

योजना को निरस्त कर दानदाताओं और राशि के खुलासे का भी दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ सर्वोच्च न्यायालय ने कहा-यह अभिव्यक्ति और सूचना के अधिकारों का उल्लंघन

▸▸ 13 मार्च तक निर्वाचन आयोग को दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने के दिए निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया तथा चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया।

न्यायालय के आदेशानुसार, निर्वाचन आयोग 13 मार्च तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी देगा। संविधान पीठ ने 232 पृष्ठों के अपने दो अलग-अलग, लेकिन सर्वसम्मत फैसलों में कहा कि एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुगतान कराए गए सभी चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देना होगा। इस ब्योरे में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉण्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया, जिसमें बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

शीर्ष कोर्ट के फैसले का सम्मान : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी बॉन्ड योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसका प्रामाणिक उद्देश्य चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाना था। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद किए जाने के बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह टिप्पणी सामने आई। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है ।

फैसले से वोट की ताकत मजबूत होगी : कांग्रेस

कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर लिखा कि योजना की शुरुआत के दिन कांग्रेस ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी बॉण्ड को कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था।

सिपाही की पत्नी के अंतरंग वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल

दंगे की आड़ में सिपाही ने भुनाई रंजिश, पत्नी के प्रेमी की हत्या की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

पुलिस की गिरफ्त में प्रकाश के हत्यारोपी।

▸▸ सिपाही ने दोस्त, साले, साले के दोस्त, पत्नी के साथ रचा षड्यंत्र

▸▸ हत्या को दंगे में मौत का रंग देने के लिए दंगा स्थल के पास की हत्या

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे के दौरान मिली पहली लाश को दंगे से जोड़ कर देखा जा रहा था, लेकिन प्रकाश की मौत दंगे का नतीजा नहीं थी। बल्कि नैनीताल पुलिस के ही एक सिपाही ने अपनी पत्नी, साले, दोस्त और साले के दोस्त के साथ मिलकर प्रकाश के सिर में तीन गोली मारी थी। प्रकाश के सिपाही के पत्नी से अंतरंग संबंध थे और वो उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में दंगा भड़का था। दंगे की अगली सुबह 9 फरवरी बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के आंवला चौकी गेट के पास छिने गांव भोजपुर सिन्हा बिहार निवासी प्रकाश कुमार सिंह उर्फ अविराज पुत्र श्याम देव सिंह की लाश मिली थी। उसके सिर के पीछे तीन गोलियां लगी थीं। हल्द्वानी कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि ऊधम सिंह नगर के खटीमा निवासी कांस्टेबल चोरगलिया थाने में तैनात है, उसकी पत्नी से प्रकाश के अवैध संबंध थे। प्रकाश ने सिपाही की पत्नी प्रियंका के साथ अंतरंग वीडियो बनाए थे और उसी वीडियो के जरिये उसे ब्लैकमेल कर रुपये वसूल रहा था। यह बात सिपाही की पत्नी ने उसे बता दी। सिपाही के कहने पर पत्नी ने प्रकाश को फोन कर हल्द्वानी बुलाया। हत्या की साजिश पहले ही रची जा चुकी थी, लेकिन उसी रोज दंगा भड़क गया और सिपाही ने हत्या की साजिश में बदलाव कर दिया। 9 फरवरी की रात करीब 11 बजे सिपाही अपने दोस्त निवासी बनभूलपुरा, साले और साले के दोस्त के साथ आंवला चौकी गेट के पास पहुंचा और प्रकाश को तीन गोलियां मार मौत के घाट उतार दिया। सिपाही, उसके दोस्त, सिपाही के साले और साले के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि सिपाही पत्नी की तलाश की जा रही है। असलहा भी बरामद कर लिया गया है।

प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षक दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

दिनेश शर्मा

अंकुर प्रताप

▸▸ निजी स्कूलों की जांच में मिली खामियों को ऊपर न भेजने के एवज में मांगे थे रुपये

अमृत विचार : विजिलेंस टीम ने ग्राम बांसखेड़ा कला स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में छापा मारकर स्कूल के प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने निजी स्कूलों में छापे के दौरान मिली खामियों को उच्चाधिकारियों को न भेजने के एवज में रुपये मांगे थे।

महुआखेड़ा गंज स्थित एक निजी स्कूल संचालक ने सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत दर्ज कराई थी कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय बांसखेड़ा कला के प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा व सहायक अध्यापक अंकुर प्रताप निजी स्कूलों में चेकिंग के दौरान मिलने वाली खामियों को उच्च स्तर पर न भेजने के एवज में 10 हजार रुपये रिश्वत मांग रहे हैं। विजिलेंस टीम ने सीओ के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया। गुरुवार को टीम ने प्रधानाध्यापक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते व सहायक अध्यापक को साक्ष्यों के आधार पर रिश्वत की मांग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। निदेशक सतर्कता डॉ. वी मुरुगेशन ने ट्रैप टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की।

> प्राइमरी पाठशाला बांसखेड़ा कला के हेडमास्टर जो सीआरसी भी हैं को 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सीआरसी होने के नाते निजी स्कूलों में चेकिंग के दौरान मिली खामियों को उच्चाधिकारियों को न भेजने की एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। सहायक अध्यापक ने रिश्वत की डिमांड की थी।
>
> -अनिल मनराल, सीओ विजिलेंस, हल्द्वानी।

तहखाने में पूजा पर रोक के लिए दायर याचिका पर 28 को सुनवाई

ज्ञानवापी मामला

वाराणसी। वाराणसी की एक अदालत ने गुरुवार को मस्जिद के तहखाने में पूजा-पाठ करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश ((पंचम) अनिल कुमार की अदालत ने मस्जिद परिसर में तहखाने में पूजा-पाठ की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय की है। वाराणसी की जिला अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था कि एक पुजारी ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में प्रतिमाओं के सामने प्रार्थना कर सकता है। मस्जिद समिति ने इस फैसले के खिलाफ अदालत का रुख किया था। ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने जिला अदालत के इस फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भी एक याचिका दायर की थी।

पुलिस भर्ती फॉर्म में त्रुटि वाले अभ्यर्थी भी दे सकेंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 17-18 फरवरी को होगी सिपाही के लिए लिखित परीक्षा

▸▸ उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने जारी किए दिशा-निर्देश

अमृत विचार : उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में वह अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनके ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के उप सचिव ने सभी डीएम-एसपी को पत्र लिखकर इस बाबत दिशा-निर्देश जारी किया है। दरअसल, सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो पालियो में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसमें ढेर सारे अभ्यर्थियों ने भर्ती बोर्ड को यह जानकारी दी है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय अथवा उसमें संशोधन करते समय खुद से या साइबर कैफे द्वारा फार्म में विभिन्न तरह की त्रुटि हो गई हैं। ऐसे में उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित न किया जाए। उसके बाद बोर्ड की ओर से निर्देश जारी किया गया। जिसमें कहा गया है कि जरूरी औपचारिकता पूरी कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल कराना सुनिश्चित किया जाए।

फेमा मामले में टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को ईडी का समन

▸▸ पूछताछ के लिए 19 फरवरी को बुलाया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा कानून के कथित उल्लंघन के एक मामले में समन जारी कर अगले सप्ताह पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 49 वर्षीय मोइत्रा को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में 19 फरवरी को पेश होने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा के पेश होने पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया जा सकता है। मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी जांच कर रही है। वह लोकपाल द्वारा मामला भेजे जाने पर मोइत्रा के खिलाफ आरोपों की प्राथमिक जांच कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर उपहार के बदले लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था।

रामलला और अयोध्या थीम पर सिक्का जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर भी स्मारक सिक्के जारी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया। राम लला और अयोध्या की थीम पर आधारित रंगीन सिक्का में एक तरफ राम लला की प्रतिमा तो दूसरी ओर राम मंदिर की आकृति बनी है। यह सिक्का एसपीएमसीआईएलआई की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। इसके अलावा दो अन्य स्मारक सिक्के भी जारी किए जो महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर हैं।

उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. (एसपीएमसीआईएल) के 19वें स्थापना दिवस समारोह में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और इसमें एक सींग वाले गैंडे (देश में लुप्तप्राय पशु श्रृंखला का हिस्सा) पर सिक्का जारी किया। बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति पर जारी सिक्का सीमित संस्करण वाला है और इस पर बुद्ध और स्तूप की तस्वीर है। सीतारमण ने पंचतंत्र विषय पर स्मारक टिकट और सिक्के लाने के लिए एसपीएमसीआईएल के प्रयासों की सराहना की। इन्हें भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष-विश्व बैंक की द्विपक्षीय बैठकों के दौरान उपहार में दिया था।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने रास के लिए किया नामांकन

देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम की मौजूदगी में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। भट्ट ने गुरुवार को राज्य निर्वाचन कार्यालय में नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं, जिनकी वजह से ऐसे व्यक्ति जिनका सामान्य स्थितियों में विकास हुआ है उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। सीमांत चमोली के व्यक्ति को मौका मिलने से बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में खुशी है।

पंजाब में पटरियों पर बैठे किसान, कई ट्रेनों का मार्ग बदला

लुधियाना/होशियारपुर, एजेंसी

कई टोल प्लाजा पर दिया धरना, पथकर न लेने का बनाया दबाव

पटियाला के राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान।

'दिल्ली चलो' आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को लेकर पंजाब में कई स्थानों पर किसान घंटों पटरियों पर बैठे रहे। जिससे दिल्ली-अमृतसर मार्ग पर कुछ ट्रेनों को दूसरे मार्गों से भेजा गया। किसानों ने कई टोल प्लाजा पर धरना भी दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से पथकर नहीं लेने के लिए दबाव बनाया।

भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) और बीकेयू डकोंदा (धनेर) ने पंजाब में कई जगहों पर चार घंटे के लिए 'रेल रोको' का आह्वान किया था। किसानों ने दोपहर करीब 12 बजे अपना आंदोलन शुरू किया और कई स्थानों पर पटरियों पर बैठ गए। प्रदर्शन शाम चार बजे तक जारी रह सकता है। चूंकि किसान मुख्य दिल्ली-अमृतसर मार्ग पर कई स्थानों पर रेलवे पटरियों पर बैठे, इसलिए रेलवे अधिकारियों ने ट्रेनों को चंडीगढ़ (दिल्ली की ओर) और लोहियां खास (अमृतसर और जालंधर की ओर) के रास्ते भेजा है। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली से आने वाली शताब्दी और शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस ट्रेनों को लुधियाना रेलवे स्टेशन पर रद कर दिया गया। इस बीच, जब न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग कर रहे किसान मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च कर रहे थे, तब हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस के इस्तेमाल के विरोध में किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कई टोल प्लाजा पर प्रदर्शन भी किया। भारतीय किसान यूनियन के नेता हरमीत सिंह कादियान ने कहा कि वे दिल्ली जाने की कोशिश कर रहे किसानों पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। होशियारपुर में किसानों ने जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया।

हमें किसानों के तौर-तरीके पर आपत्ति



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए किसानों के तौर तरीके निंदनीय हैं क्योंकि वे आक्रमण करने जा रही किसी सेना की तरह दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खट्टर ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को रोक सकती थी। अगर वे नहीं रुके, तो वहां कुछ समझ होनी चाहिए और 'दिल्ली वाले' कहते हैं कि वे किसानों के आंदोलन के साथ हैं। किसानों के 'दिल्ली चलो' आह्वान में आप की भागीदारी को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि टिप्पणी करना सही नहीं है लेकिन उनके (किसानों के) व्यवहार से पता चलता है कि उन्हें किसी तरह का समर्थन प्राप्त है।

बर्फबारी और बारिश नहीं होने से परेशानी, वनाग्नि की घटनाओं में होगी बढ़ोतरी, काश्तकारों पर भी भारी पड़ेगी मौसम की बेरुखी

नैनी झील के जलस्तर में कमी होने से बढ़ेगी पेयजल समस्या

संतोष बोरा, नैनीताल

अमृत विचार : 15 फरवरी के बाद भी नगर में बारिश, बर्फबारी नहीं हो पाई है। इसके चलते फरवरी में ही अप्रैल वाली गर्मी का एहसास होने लगा है।

हालांकि नैनीताल में पूरे वर्ष भर सुबह शाम को ठंड रहती है, लेकिन इस बार बर्फबारी नहीं होने से जहां प्राकृतिक जल स्रोत सूखने के कगार पर आ चुके हैं, वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि झील के स्तर में भी कमी आ रही है।

इस बार अभी से भीषण गर्मी के भी संकेत मिलने लगे हैं, जो कि नैनीताल के भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। बारिश व बर्फबारी नहीं होने के चलते जमीन पूरी तरह से गर्म हो चुकी है। इससे फायर सीजन के दौरान जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं में भी बढ़ोतरी होगी। पर्यावरण के साथ-साथ जंगली जानवरों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। हालांकि वनाग्नि को रोकने के लिए वन विभाग ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

नैनीझील में नौकायन का आनंद लेते सैलानी। ● अमृत विचार

वन विभाग ने कसी कमर

नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि चाइना पीक, नगर पालिका, कोसी, दक्षिणी गोला, बड़ौन, नैना, मनोरा, भवाली, उत्तरी गोला, नथवाखान समेत कई अन्य क्षेत्रों में सेंसर युक्त फायर डेंजर रेटिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। जो जंगलों की आर्द्रता बढ़ते ही अग्नि नियंत्रण कक्ष को अलर्ट करेंगे और वन कर्मी इसकी सूचना पर आसपास के जंगलों को आग से बचाने के काम में जुट जाएंगे।

पिछले वर्ष पड़ी थी रिकॉर्ड ठंड

बता दें कि बीते वर्ष अब तक बर्फबारी चुकी थी और रिकॉर्ड ठंड ने लोगों को घरों में दुबके रहने पर मजबूर कर दिया था। लेकिन इस वर्ष लोग अब तक ठंड बारिश व बर्फबारी की आस में टकटकी लगाए बैठे हैं। बर्फबारी नहीं होने से काफी कम सैलानी नैनीताल पहुंच रहे हैं, जिसके चलते पर्यटन पर आधारित व्यापारियों के चेहरों पर हताशा देखने को मिल रही है।

जल स्रोत सूखने से बढ़ेगा संकट

मौसम के जानकारों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में काफी बदलाव आ चुके है। बर्फबारी नहीं होने से इस बार प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखने के कगार पर आ चुके हैं, जिससे झील के जल स्तर पर भी काफी प्रभाव पड़ेगा। इस वर्ष गर्मी का एहसास भी ज्यादा रहेगा।

फसलों की बुआई नहीं कर पाए किसान

बारिश व बर्फबारी नहीं होने से खेती भी संकट में है। नैनीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश लोगों की आजीविका खेती से जुड़ी है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में मटर, पालक, प्याज, गाजर और सभी हरी सब्जियों को लगाने का समय है। मगर बारिश नहीं होने से काश्तकार फसलों की बुआई तक नहीं हो पाई है। जिससे काश्तकार बेहद मायूस हैं।

निर्माण कार्य के लिए 15 करोड़ का प्रस्ताव भेजा

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : समग्र शिक्षा के तहत शिक्षा विभाग ने नैनीताल जनपद में स्कूलों की दशा को सुधारने, नई कक्षाओं का निर्माण, संवेदनशील भवन निर्माण के लिए भारत सरकार को 15 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है। अन्य कार्य को संपादित करने के लिए हर वर्ष की भांति धन की मांग अलग से है।

विभाग ने समग्र शिक्षा के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी है। यदि भारत सरकार सहमति व्यक्त करती है तो नैनीताल जनपद में आठ बालिका शौचालय निर्माण, 6 बालक शौचालय, 40 प्राइमरी व जूनियर प्राइमरी विद्यालयों की मरम्मत, 6 निर्माण को लेकर संवेदनशील विद्यालयों के पुनर्निर्माण, चार भौतिक विज्ञान और जीव विज्ञान की प्रयोगशाला आर 6 इंट्रीगेटड प्रयोगशाला निर्मित किए जाएंगे। मालूम हो कि पहले भी निर्माण के लिए सात करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था जिसमें से पांच करोड़ रुपये पर सहमति मिली थी।

> 15 करोड़ का प्रस्ताव भारत सरकार को निर्माण के लिए भेज दिया गया है। इस राशि से कई निर्माण किए जाने है। वहीं प्रस्ताव पर शीघ्र सहमति मिलने की उम्मीद है।
> **–गोकुल नेगी, सहायक अभियंता समग्र शिक्षा**

दिन में सामान्य से ज्यादा तापमान रात को सर्दी

हल्द्वानी, अमृत विचार : फरवरी में हुई बारिश के एक सप्ताह के बाद मौसम पूरी तरह से बदल गया। दिन में समय अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा चल रहा है तो वहीं रात को न्यूनतम तापमान सामान्य से कम चल रहा है। इस वजह से दोपहर के समय जहां लोगों को हल्की गर्मी महसूस हो रही है तो रात के समय कंपकपी छूट रही है।

हल्द्वानी में गुरुवार को सुबह से ही धूप खिली रही। दिन के समय धूप अपेक्षाकृत तेज रही। अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री रहा जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। अधिकतम तापमान विगत कुछ दिनों से सामान्य से ज्यादा चल रहा है।

रात को न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने 19 और 20 फरवरी को बारिश का अनुमान जताया है।

शीघ्र ही होगा प्राथमिक शिक्षकों की लंबित समस्याओं का निराकरण

प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में उठे कई मुद्दे, तीनों संवर्गों में पदोन्नतियों की मांग

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद नैनीताल के ब्लॉक एवं जनपद पदधिकारियों की संयुक्त बैठक शिक्षा भवन भीमताल में जिला अध्यक्ष मनोज तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में शिक्षकों के चयन वेतनमान प्रोन्नत वेतनमान एवं तीनों संवर्गों में पदोन्नतियां तथा अवशेष देयकों सहित विभिन्न मुद्दे छाए रहे।

संगठन के पदाधिकारियों ने पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी नागेंद्र बर्थवाल के स्थानांतरण पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में प्रारंभिक शिक्षकों के सारे कार्य लंबित रहे। अब उनके जाने के बाद कार्य के निस्तारण में तेजी आएगी।

भीमताल के शिक्षा भवन में बैठक करते शिक्षक। ● अमृत विचार

बैठक में वक्ताओं ने वर्तमान में पदोन्नति एवं चयन प्रोन्नत वेतनमान के लिए गोपनीय आख्या की अनिवार्यता में आ रही जटिलताओं को लेकर शिथलीकरण की मांग को प्रमुखता से उठाया। मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल जगमोहन सिंह सोनी ने इस संदर्भ में निदेशालय से अनुमति प्राप्त करने तथा पदोन्नति एवं चयन प्रोन्नत वेतनमान को लेकर मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा शीघ्र ही उनके समाधान का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार ने किया। बैठक में जिला तदर्थ समिति के अध्यक्ष नंदराम, जिला कोषाध्यक्ष मदन मोहन सिंह बिष्ट, बंशीधर कांडपाल, नवीन चंद, प्रकाश चंद फ्लोरिया, हरीश पाठक, कमल गिनती, गोपाल सिंह बिष्ट, शमशेर सिंह, गोविंद चंद्र, सुरेश चंद जोशी, मदन सिंह बर्थवाल आदि उपस्थित रहे।

भवाली में आयुष ग्राम योजना के तहत होंगे विकास कार्य

▸▸ केंद्रीय मंत्री ने घोड़ाखाल मंदिर मार्ग पर हफ्ते भर में डामरीकरण शुरू करने के दिए निर्देश

संवाददाता, भवाली

अमृत विचार : नगर के सैनिटोरियम में आयुष ग्राम के तहत कई विकास कार्य किए जाएंगे। केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि आयुष ग्राम के तहत सैनिटोरियम में नए निर्माण कार्य किए जाएंगे।

इससे ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। यहां पहुंचे केंद्रीय मंत्री भट्ट ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर हफ्ते भर के भीतर मानसखंड योजना के अंतर्गत स्वीकृत घोड़ाखाल- श्यामखेत मार्ग स्थित गोल्ज्यू देवता व चाय बागान को जाने वाले मुख्य मार्ग पर डामरीकरण शुरू करने के निर्देश दिए। यहां लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मोहन चंद्र तिवारी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि जल्द ही सैनिटोरियम बाईपास पर 453.44 लाख से डामरीकरण व सुधारीकरण के कार्य की शुरुआत की जाएगी।

लोक निर्माण के अधिकारियों को निर्देश देते केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट। ● अमृत विचार

इसके साथ ही सैनिटोरियम नैनीबैंड के लिए भी 1162.33 लाख पुल निर्माण के लिए 546.75 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, मंडल अध्यक्ष पंकज अद्वेति, गोपाल रावत, शिवांशु जोशी, प्रकाश आर्य, पूरन जोशी, पवन भाकुनी, सचिन गुप्ता, कमल पाठक, राजेन्द्र जोशी, कबीर साह मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

भवाली की प्रज्ञा बनीं डिप्टी जेलर

भीमताल : भवाली की बेटी ने लोअर पीसीएस परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिरोड़ी गांव निवासी प्रज्ञा तिवारी के पिता नवीन चन्द्र तिवारी और माता कुसुम तिवारी हैं। उनका चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों, मित्रों तथा गुरुजनों को दिया है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय सुयालबाड़ी व उच्च शिक्षा एमबीपीजी हल्द्वानी से हुई।

पूर्व मंडल अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को भेजा बधाई पत्र

मनोज भट्ट।

भीमताल : पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रभु श्री राम को उनकी जन्मभूमि अयोध्या में पुनर्स्थापित किए जाने को लेकर बधाई संदेश भेजा है। भेजे गए पत्र में अवगत कराया है कि उनके साथ भीमताल मंडल के समस्त लोग इस मंदिर निर्माण के कार्य से जुड़े रहे हैं। प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व में 500 वर्षों से चले आ रहे प्रयासों को सफलता मिली है।

क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल अमेल बेतालघाट के नाम

खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

बेतालघाट : शहीद खेम चंद्र डॉर्बी सेना मेडल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अमेल बेतालघाट व रामनगर के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेल बेतालघाट की टीम ने रामनगर को निर्धारित 15 ओवर में 227 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में रामनगर की टीम मात्र 100 रन ही बना पाई। इस तरह फाइनल पर बेतालघाट का कब्जा रहा। प्रतियोगिता में कुल 64 टीमों ने प्रतिभाग किया था। फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा कार्यकर्ता हेम आर्य ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस दौरान शुभम कुमार, उमेश जोशी, दिलीप बोहरा, तारा भंडारी, पुष्कर बोहरा, कमल सिंह आदि मौजूद रहे।

इंटरनेट सेवा बाधित होने से जमा नहीं हुए बिजली के बिल

नैनीताल : ऊर्जा निगम के दफ्तर में इंटरनेट सेवा नहीं चलने के कारण लोगों को बिल जमा करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। निगम के सहायक अभियंता राम सिंह बिष्ट ने बताया कि कार्यालय में इंटरनेट सेवा बाधित होने के चलते बिल जमा नहीं हो रहे हैं। मामले में बीएसएनएल के मंडल अभियंता विकास मेहरा का कहना है कि शिकायत आने पर उनकी ओर से टेक्नीशियन को भेजा गया था। लेकिन विद्युत विभाग के सिस्टम में तकनीकी परेशानी के चलते यह समस्या उत्पन्न हो रही है। हमारी तरफ से इस समस्या के समाधान के लिए संभव प्रयास किया जा रहा है।

नैनीताल की तर्ज पर भीमताल में भी सीवर लाइन की मांग

पूरन वृजवासी।

भीमताल : नगर पंचायत के विस्तार के बावजूद आज तक यहां सीवर लाइन का निर्माण नहीं हो पाया है। इस कारण आए दिन नगर के कई स्थानों पर सीवर चोक हो जाना आम बात हो गई है। भीमताल में भी नैनीताल की तर्ज पर सीवर लाइन का निर्माण करने और विभाग को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी ने उपजिलाधिकारी नैनीताल और नगर पालिका प्रशासक को पत्र लिखकर नगर को स्वच्छ बनाए जाने की मांग की है।

पूर्व सैनिकों व आश्रितों की समस्याओं पर चिंतन किया

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : पूर्व सैनिक लीग उत्तराखंड शाखा भीमताल ने भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं पर चिंतन किया।

विकास खंड सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि अध्यक्ष पूर्व सैनिक लीग उत्तराखंड मेजर जनरल एन एल अक्सवाल, विशिष्ट अतिथि मेजर मुकुल भंडारी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में लीग कार्यालय के लिए जमीन आवंटन करने की मांग प्रमुखता से उठी। इस दौरान अवगत कराया गया कि स्पर्श कार्यालय को कैंट एरिया हल्द्वानी में स्थापित किया जाएगा। वही वायु सेवा कैंटीन भवाली की समस्या को भी भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों ने उठाया।

ब्लॉक सभागार में पूर्व सैनिक लीग की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बैठक का संचालन लीग जिला अध्यक्ष मेजर बीएस रौतेला ने किया। इस दौरान बैठक में संरक्षक नंदा बल्लभ जोशी, अध्यक्ष गोपाल पडियार, उपाध्यक्ष कृपाल रौतेला, सचिव संदीप गोरखा, कैप्टन महेश जोशी, ब्लॉक प्रभारी जीवन पलडिया, घनश्याम खड़का, लवेन्द्र रौतेला, सुशील खड़का, वीर नारियों में उषा देवी शांति देवी आदि मौजूद थे।

दो जनपदों को जोड़ने वाले बूढ़े हो चुके सेतु को गहरे जख्म दे रहे गड्ढे

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर क्वारब क्षेत्र में अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद को जोड़ने वाले सेतू के बीचोंबीच हो चुके गड्ढे दुर्घटना का सबब बन चुके हैं बावजूद एनएच प्रशासन अनदेखी पर आमादा है। बाइक व स्कूटी सवार लोग जान हथेली पर रख आवाजाही को मजबूर हो चुके हैं बावजूद सुध नहीं ली जा रही। क्वारब क्षेत्र के बाशिंदों ने अनदेखी पर रोष जताया है। कुमाऊं की लाइफ लाइन अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर जगह खतरा मुंह उठाए खड़ा है। बदहाली का दंश झेल रहे हाइवे पर आए दिन है रही दुर्घटनाओं में लोग घायल हो चुके हैं जबकि कई लोग जान तक गंवा चुके हैं। क्वारब क्षेत्र में कोसी नदी पर अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण सेतू पर हो चुके गड्ढे विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली को उजागर कर रहे हैं। कोसी नदी पर बने सेतू पर रोजाना हजारों छोटे बड़े वाहन आवाजाही करते हैं। पूर्व में महत्वपूर्ण सेतू को काफी नुकसान भी हो चुका है पर पुल की सुध नहीं ली जा रही। हालांकि पुराने पुल के बगल में नया पुल भी अस्तित्व में आ चुका है पर अभी नए पुल पर यातायात सुचारु नहीं किया जा सका है। फिलहाल अभी पुराने पुल पर ही आवाजाही की जा रही है। गड्ढे होने से खतरा बढ़ता ही जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि लगातार सेवा दे रहे वर्षों पुराने पुल की ओर ध्यान न दिए जाने से कभी भी बड़ा हादसा सामने आ सकता है बावजूद विभागीय अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं।

स्वस्थ शरीर से बेहतर भविष्य का होता है आधार

गरमपानी : समीपवर्ती अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान में समग्र शिक्षा अभियान के तहत नवीं से बारहवीं कक्षा तक की छात्राओं को बेहतर कैरियर व सामाजिक स्थितियों से निपटने को गाइडेंस व कैरियर काउंसलिंग शिविर लगा। छात्राओं को विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने छात्राओं से शैक्षिक जीवन में प्रतिबद्धता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन का आह्वान किया। विद्यालय परिसर में लगे एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य भंवर सिंह व समग्र शिक्षा प्रभारी डा. संजीव सिंह अहलावत ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रधानाचार्य भंवर सिंह ने कहा की शिविर से मिली जानकारी छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। डा. संजीव अहलावत ने जानकारी का लाभ उठाने का आह्वान किया। छात्राओं को सरकार तथा शिक्षा विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी भी दी।

गायत्री शक्तिपीठ में 500 का यज्ञोपवीत

संवाददाता, हल्दूचौड़

अमृत विचार : बसंत पंचमी पर यहां गायत्री शक्तिपीठ में 500 सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजित किए गए।

दूरदराज से आए लोगों ने अपने-अपने बटुकों का उपनयन संस्कार कराया। गायत्री शक्तिपीठ के प्रबंधक पंडित बसंत पांडे ने बताया कि 500 उपनयन संस्कार में 475 जनेऊ संस्कार, 20 मुंडन संस्कार, दो विद्यारम संस्कार एवं तीन दीक्षा संस्कार हुए। यह कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ के नए भवन में अलग-अलग मंजिल में 150-150 बटुकों को एक साथ बैठ कर उनके परिवार के साथ कराए गए। इस सम्पूर्ण संस्कार को श्री राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, महेश चंद तिवारी, डॉक्टर चंद्रशेखर जोशी, हरिश्चंद्र तिवारी, शैलेंद्र शर्मा, प्रमोद गोयल, गणेश नेगी, सीमा जौहरी, सरस्वती देवी, दीप्ति, मीरा, सोनी आदि ने कर्मकांड संपन्न किया।

हल्दूचौड़ में सामूहिक उपनयन संस्कार के दौरान यज्ञ करते बटुक। ● अमृत विचार

एक नजर

हाईकोर्ट की निगरानी में हो हिंसा की जांच

हल्द्वानी : भाकपा माले की राज्य कमेटी के सदस्य केके बोरा व जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बनभूलपुरा हिंसा मामले की जांच उच्च न्यायालय की निगरानी में कराने की मांग की है। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बोरा व पांडे ने कहा कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुई हिंसा की घटना अफसोसजनक और निंदनीय है। प्रशासनिक मशीनरी की विफलता है कि वह हिंसा रोकने में नाकामयाब रही। इस घटना के जिम्मेदारी प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए। इस मामले में नगर आयुक्त की भूमिका सर्वाधिक सवालों के घेरे में है। कहा कि सरकार ने मंडलायुक्त से घटना की जांच कराने का निर्णय लिया है, लेकिन घटना की गंभीरता को देखते हुए यह अपर्याप्त है। इसलिए घटना की जांच उच्च न्यायालय की निगरानी में सेवारत व सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराई जाए।

बनभूलपुरा में कर्फ्यू के दौरान आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर क्षेत्रवासी अधिकारियों से जता रहे अफसोस, अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

बनभूलपुरा में 'पत्थरों' के बोझ से झुकी 'नजर'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक दिन वो भी था जब बनभूलपुरा में हजारों की उन्मादी भीड़ पुलिस, प्रशासन और नगर निगम कर्मचारियों पर मारने के लिए पत्थर उठाए हुई थी। आज ये दिन भी है कि इस घटना से शर्मसार लोग अपनी नजर भी नहीं उठा पा रहे हैं। चंद अराजक तत्वों की करतूत का हवाला देकर खुद को इससे अलग करने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं।

बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने अवैध ढांचों को ध्वस्त करने गई नगर निगम, प्रशासन, पुलिस की संयुक्त टीम और पत्रकारों पर हजारों की उन्मादी भीड़ ने पथराव किया और पेट्रोल बम फेंके। बेकसूरों को पीटा गया। उन्माद में बनभूलपुरा पुलिस थाना फूंक दिया था। तब उन्माद में प्रशासन-पुलिस के अफसरों से आंखों में आंखें डालकर गालीगलौज, जान से मारने की धमकी जा रही थी। महिला अधिकारियों को भी नहीं बख्शा गया। तब प्रशासन ने हालात पर काबू पाने के लिए दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए और तुरंत ही कर्फ्यू लगा दिया था। पुलिस ने इस बवाल में 19 नामजद समेत हजारों अज्ञात के खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज कीं। पुलिस ने वीडियो व फोटो के आधार पर 6 नामजद व 36 अज्ञात हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। इधर, कर्फ्यू लगने के आठ दिन यानी 16 फरवरी को इसी बनभूलपुरा का नजारा बदला हुआ था। तब बेकसूरों को मारने के लिए हाथों में पत्थर उठाने से परहेज नहीं करने वाले लोग अब नजर भी नहीं उठा पा रहे थे क्योंकि जिन अधिकारियों, खासकर महिला अधिकारियों पर पथराव किया था। आज वही अधिकारी कर्फ्यूप्रभावित बनभूलपुरा में राशन, दूध-दही, सब्जी, ब्रेड, रसोई गैस पहुंचा रहे हैं। मरीजों को इलाज करा रहे हैं। ड्यूटी और परीक्षा के लिए बिना किसी द्वेष भाव के पास बना रहे हैं, 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में अपनी परेशानी लेकर अधिकारियों व पुलिस कर्मचारियों के पास पहुंच रहे लोग नजर तक नहीं मिला पा रहे हैं। अब बनभूलपुरा वासी प्रशासन से कर्फ्यू को खत्म करने की मांग कर रहे हैं।

बनभूलपुरा में सब्जी-फल खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा में कर्फ्यू के दौरान आवश्यक वस्तुएं दूध-दही, ब्रेड, सब्जी-फल, रसोई गैस की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। पीएचसी में महिला, बाल चिकित्सक तैनात किए गए हैं जो निरंतर मरीजों को देख रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र में परीक्षार्थी बच्चों, मरीजों, ड्यूटी करने वालों को दिक्कत नहीं हो इसलिए कर्फ्यूपास बनाए जा रहे हैं। बनभूलपुरा थाने में अस्थायी तौर पर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय बनाया है। -**ऋचा सिंह**, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी

प्रशासन की सेवाएं सराहनीय, दोषियों के खिलाफ भी हो कार्रवाई

हल्द्वानी : मो. अशरफ निवासी लाइन नंबर 17 आजाद नगर ने बताया कि उनका मेडिकल स्टोर है। बीती 8 फरवरी को जब दंगा हुआ तो वह बाजार में थे। पता चला कि बवाल हो गया, तुरंत घर पहुंचे और बच्चों को अंदर जाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसा नहीं हो। कर्फ्यू के दौरान प्रशासन आवश्यक वस्तुओं व सेवाएं दे रहा है। इसी तरह मो. जियाउद्दीन निवासी इंद्रा नगर ने कहा कि जो भी हुआ सही नहीं हुआ। चंद अराजक तत्वों की वजह से बुरा असर पड़ता है। प्रशासन और पुलिस का सहयोगात्मक रवैया है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही कर्फ्यू में रियायत दी जाएगी।

बनभूलपुरा पुलिस थाने का निर्माण शुरू

बीती 8 फरवरी को बलवे में फूंके गए बनभूलपुरा पुलिस थाने का निर्माण शुरू हो गया है। तेजी से काम किया जा रहा है। दीवारों, कमरों की मरम्मत कर दी गई है। बाहर से रंगरोगन किया जा रहा है। इसी के साथ थाने में सीसीटीवी, बिजली की लाइनें बिछाई जा रही है। डीएम वंदना सिंह ने भी थाने का निरीक्षण किया और लोनिवि को जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए।

अब्दुल मलिक के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी

गृह मंत्रालय ने बाप-बेटे के खिलाफ जारी किया नोटिस, विदेश भाग जाने की आशंका प्रबल, देश भर की पुलिस ने शुरू की तलाश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कर दिया है। अब इन दोनों पिता-पुत्र की तलाश में उत्तराखंड की पुलिस के साथ ही देश के अन्य राज्यों की पुलिस और एंजेसियां भी जुट गईं हैं। विदेश भागने की आशंका पर गृह मंत्रालय ने दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी होते ही उत्तराखंड से सटे अन्य राज्यों पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। विदेशी एजेंसियों की भी अब्दुल मलिक का बायोडेटा सौंप दिया गया है।

बनभूपुरा निवासी अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद के देश छोड़ने की प्रबल संभावना है। इसकी वजह यह है कि दोनों न सिर्फ धनबल से मजबूत हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक पहुंच भी अच्छी है। 8 फरवरी को दंगा भड़कने के बाद से फरार दोनों पिता-पुत्र को पुलिस की चार टीमें उत्तराखंड के अलावा दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में तलाश रही थीं, लेकिन अभी तक दोनों पुलिस की आंखों में धूल झोंकने में कामयाब रहे हैं। पुलिस मलिक के विदेशी कनेक्शन भी तलाश रही है। इसकी वजह न सिर्फ मलिक के धंधे हैं, बल्कि राजनीतिक पहुंच भी है। ओमान, अमीरात और दुबई में भी उसकी रिश्तेदारी है। गुरुवार को कोतवाली सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि पुलिस मलिक और उसके बेटे मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हो गया है। अब वह देश छोड़ कर भाग नहीं पाएगा। उत्तराखंड पुलिस के साथ अन्य एजेंसियां भी उसकी तलाश में जुट गई हैं। जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी।



- ओमान, अमीरात और दुबई में मलिक की रिश्तेदारी
- विदेशी एंजेसियों को भी सौंपा मलिक का बायोडाटा

बनभूलपुरा बलवे में 5 और दंगाई गिरफ्तार

हल्द्वानी : बनभूलुपरा दंगे में पुलिस ने 5 और गिरफ्तारियां की हैं। अब तक कुल 42 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ताजा गिरफ्तारियों में दो मुखानी थाने की गाड़ी फूंकने और अन्य नगर निगम की ओर से दर्ज मामले में गिरफ्तार किए गए हैं। मुखा थाने की ओर से दर्ज आरोपियों में मो. इस्तकार उर्फ जब्बा पुत्र मो. अल्ताफ निवासी लाईन नंबर 8 बिलाली मस्जिद के पीछे वाली गली बनभूलपुरा और शरीफ उर्फ पाचा पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी लाइन नंबर 12 न्यू ऐरा स्कूल के पास बनभूलपुरा हैं। दूसरे मामले में आदी खान पुत्र परवेज खान निवासी किदवई नगर बनभूलपुरा, मो. आसिफ पुत्र मो. युसुफ निवासी सफदर का बगीचा बनभूलपुरा और हुकुम रजा पुत्र वाहिद रजा खान निवासी लाइन नंबर 8 हाल निवासी वारसी कॉलोनी जवाहरनगर हैं।

मलिक नहीं कर रहा इंटरनेट का इस्तेमाल

हल्द्वानी : मोबाइल और नेट बैंकिंग का इस्तेमाल अब्दुल मलिक नहीं कर रहा है और न ही उसका बेटा। यही वजह है कि पुलिस दोनों तक नहीं पहुंच पा रही है। पुलिस का मानना है कि दोनों एक शातिर अपराधी की तरह बर्ताव कर रहे हैं, लेकिन ज्यादा दिन तक वह बच नहीं पाएंगे। वहीं लुक आउट नोटिस जारी होने के बाद अब दोनों का देश छोड़ पाना भी संभव नहीं है। अनुमान है कि दोनों देश में ही हैं।

पुलिस इनकी कर रही है तलाश

1. अब्दुल मलिक
2. अब्दुल मोईद
3. शकील अंसारी
4. वसीम उर्फ हप्पा
5. मौकिन सैफी
6. एजाज अहमद
7. तस्लीम
8. जियाउल रहमान
9. रईस उर्फ दत्तू

अकूत संपत्ति के मालिक अब्दुल मलिक की कई राज्यों में तलाश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के पास अकूत संपत्ति है और कुर्की के आदेश मिलने के पास पुलिस कई राज्यों में उसकी चल-अचल संपत्ति की तलाश कर रही है। रेलवे के ए क्लास ठेकेदार अब्दुल मलिक के जेसीबी शोरूम के अलावा और कई धंधे हैं। उसका प्रॉपर्टी का भी बड़ा कारोबार है।

बता दें कि अब्दुल मालिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद सहित कोर्ट ने नौ लोगों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश बुधवार को दिए थे। सूत्रों के मुताबिक के बनभूलपुरा के रहने मलिक ने उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में चल-अचल संपत्ति जमा की है। वर्ष 2004 में मलिक ने हरियाणा की फरीदाबाद सीट से बसपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ा था। ऐसे में न सिर्फ उसके पास अकूत संपत्ति का अनुमान है, बल्कि पुलिस यह बात भी बखूबी जानती है कि मलिक की राजनीतिक गलियारों में खासी दखल है। मालिक के पास नामी से ज्यादा बेनामी संपत्ति है। नैनीताल पुलिस ने दोनों बाप-बेटों की संपत्ति चिह्निकरण और कीमत आंकलन के लिए टीमें गठित की हैं। ये टीमें इनपुट के आधार पर दूसरे राज्यों में भी पहुंचेगी। पुलिस मलिक के करीबियों, रिश्तेदारों और परिचितों की भी जांच करेगी। फरार चल रहे बाकी के आठ नामजदों की भी संपत्ति जल्द चिह्नित कर कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि चिह्निकरण का काम शुरू हो चुका है। रिपोर्ट पूरी होते ही कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

जांच

- दिल्ली, हरियाणा में तलाशी जा रही चल-अचल संपत्ति, रेलवे के ए क्लास ठेकेदार मलिक के हैं जेसीबी शोरूम और कई धंधे

मुंबई का वीडियो हल्द्वानी का बता वायरल किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे के बाद सोशल मीडिया पर इस हिंसा को भुनाने की कोशिश की गई। हाल में मुंबई में हुई घटना के वीडियो और फोटो को बनभूलपुरा का बताकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। ये फोटो और वीडियो उत्तराखंड के कई जिलों से लेकर देश के कई राज्यों तक फैल गए। अब पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्राचार शुरू कर दिया है।

बता दें कि इसी वर्ष 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से एक दिन पहले रविवार की शाम मुंबई स्थित मीरा रोड के नया नगर इलाके से होकर एक जुलूस गुजर रहा था। इस जुलूस पर पथराव हुआ और हिंसा फैल गई। इधर, बीती 8 फरवरी को जब बनभूलपुरा में दंगा फैला तो माहौल खराब करने वालों ने मुंबई घटना की वीडियो और फोटो को बनभूलपुरा का बता कर सोशल मीडिया पर वायरल करना शुरू कर दिया। हालांकि घटना के अगले दिन हल्द्वानी कर्फ्यू और इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई, लेकिन तब देर हो चुकी थी। वीडियो और फोटो कई राज्यों तक वायरल हो चुके थे। उत्तराखंड के ऊधमसिंहनगर, लालकुआं और हरिद्वार के अलावा उत्तर प्रदेश, दिल्ली व हैदराबाद तक वीडियो पहुंचे तो माहौल गर्माने लगा।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने मामले का संज्ञान लिया और पत्राचार शुरू किया। उन्होंने बताया, इस मामले में पत्राचार कर भ्रामक वीडियो और फोटो को सोशल मीडिया से हटाने या फिर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए लिखा गया है।

साजिश

- कई राज्यों तक वीडियो और फोटो वायरल कर की माहौल बिगाड़ने की कोशिश
- एसएसपी ने संबंधित राज्यों और जिलों की पुलिस को कार्रवाई के लिए लिखा पत्र



बनभूलपुरा में लोगों का हाल जानने पहुंचीं डीएम वंदना सिंह व साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

राजपुरा में इंटरनेट सेवा बहाल करने की मांग उठाई

हल्द्वानी, अमृत विचार: सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू और प्रीती आर्या ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन दिया। मांग की कि राजेंद्र नगर राजपुरा में बंद की गई इंटरनेट सेवा फिर से शुरू की जाए। कहा कि बोर्ड परीक्षा चल रही है। ऐसे में इंटरनेट सेवा बाधित होने से विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आठ फरवरी को हुए बवाल को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों व नगर निगम के घायल कर्मचारियों को उचित मुआवजा दिया जाए।

विभिन्न संगठनों ने की कर्फ्यू हटाने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधि मंडल ने कर्फ्यूग्रस्त बनभूलपुरा में लाइन नंबर-17 व इंद्रानगर ठोकर का दौरा किया। उन्होंने प्रशासन से कर्फ्यू हटाने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन को कहा है कि बनभूलपुरा में अधिकतर आबादी मेहनतकश है। अब आबादी के पास राशन, सब्जी, ईंधन खरीदने के रुपये नहीं बचे हैं। कुछ महिलाओं ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने 10-15 महिलाओं को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया है लेकिन प्रशासन का यह प्रयास सीमित है। जब तक कर्फ्यू है तब तक बनभूलपुरा में निशुल्क भोजन/राशन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने पीएचसी 24 घंटे खोलने, गफूर बस्ती में पेयजल लाइन जोड़कर पानी आपूर्ति सुचारू करने, पुलिसिया कार्रवाई में कानून का पालन करने और एक डेस्क बनाकर कर्फ्यू पास बनाने की भी मांग की। इस दौरान मुनीष कुमार, प्रभात ध्यानी, केके बोरा, इस्लाम हुसैन, रजनी जोशी, बसंती पाठक, उषा पटवाल, कैलाश पांडे, प्रदीप पांडे, संजय रावत, उमेश तिवारी, चंदन, मोहन मटियाली, खीमानंद जोशी मौजूद रहे।

बनभूलपुरा का स्थलीय निरीक्षण करते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

कर्फ्यूग्रस्त बनभूलपुरा पहुंचीं डीएम, लोगों से की बातचीत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डीएम वंदना सिंह ने गुरूवार की देर शाम बनभूलपूरा के लाइन नंबर-17, नई बस्ती, गांधीनगर, मलिक का बगीचा आदि क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासन की ओर से आमजन को दी जा रही आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम वंदना ने बनभूलपुरा में आम जन से वार्ता कर प्रशासन की ओर से दी जा रही सब्जियां, राशन, दूध व मेडिकल सेवा आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा में बीमारों को एंबुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। साथ ही बताया कि पूछताछ केन्द्र स्थापित किया गया है। जिन लोगों को मेडिकल आदि सुविधा के लिए सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से पास जारी किए जा रहे हैं। डीएम ने सुरक्षा कार्मियों से भी चर्चा की। उन्होंने बनभूलपुरा के सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रभावितों को तत्परता व जिम्मेदारी के साथ आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। फिर उन्होंने बनभूलपुरा थाने का निरीक्षण किया।

लोनिवि ईई को भवन के मरम्मत में तेजी लाने को कहा। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

बनभूलपुरा में खुला सिटी मजिस्ट्रेट का अस्थायी कैंप कार्यालय: सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह की ड्यूटी कर्फ्यूग्रस्त बनभूलपुरा में लगी हुई है। इसलिए उन्होंने बनभूलपुरा पुलिस थाने में ही अस्थायी कैंप कार्यालय खोल दिया है। जहां प्रभावितों को कर्फ्यू पास बनाने समेत अन्य सभी प्रशासनिक काम हो रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट दफ्तर में तैनात कर्मचारियों की भी वहां ड्यूटी लगाई गई है।

कर्फ्यू में मिली ढील

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र के जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार गुरुवार को बनभूलपुरा में सुबह 9 से 11 बजे तक कर्फ्यू में छूट दी गई। जबकि गौजजाली, रेलव बाजार, एफसीआई गोदाम क्षेत्र में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक छूट दी गई थी। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने जरूरी सामान की खरीदारी की। आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति जारी है तो हेल्प डेस्क की भी शुरू की है। परीक्षा वाले छात्र-छात्राओं की अनुमति के लिए एडमिट कार्ड को मान्य किया गया। उन्होंने बताया कि बनभूलपुरा स्वास्थ्य केंद्र में बाल रोग चिकित्सक के साथ ही महिला चिकित्सक भी मौजूद रहीं। टीकाकरण एवं पैथलॉजी की सुविधा भी प्रदान की गई।

आक्रोश बनभूलपुरा में सफाई के लिए नहीं माने कर्मचारी, कर्मचारी बोले वहां हमारी जान को खतरा

बनभूलपुरा में सफाई करानी है तो सुरक्षा दो

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बनभूलपुरा में सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम प्रयास कर रहा है लेकिन सफाई कर्मी बिना सुरक्षा के वहां जाने के लिए तैयार नहीं हैं। नगर निगम के सफाई कर्मियों ने आपसी वार्ता में तय किया कि लिखित में आदेश हो कि अगर वहां सफाई कर्मियों को कुछ होता है तो पक्की नौकरी और 50 लाख का बीमा दिया जाएगा।

बनभूलपुरा में सफाई करवाना नगर निगम के लिए अब सिरदर्द बन गया है। नगर निगम ने बुधवार को भी बनभूलपुरा में सफाई के लिए कर्मचारियों से बात की थी लेकिन उन्होंने काम करने से मना कर दिया। गुरुवार को सफाई कर्मचारियों ने बैठक की और तय किया कि बनभूलपुरा में अभी सफाई के लिए नगर निगम के कर्मचारी नहीं जाएंगे। कर्मचारियों ने कहा कि आठ फरवरी को उपद्रवियों ने नगर निगम के कर्मचारियों पर जानलेवा हमले किए थे। ऐसे में कर्मचारियों को फिर से हमले का डर है। कर्मचारियों ने मांग करी है कि बनभूलपुरा में अगर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को भेजना है तो उन्हें पक्की नौकरी दी जाए और साथ ही 50 लाख की बीमा दिया जाए। बैठक के दौरान एकता ने कहा कि अगर किसी कर्मी के साथ बनभूलपुरा में कुछ होगा तो किसी जिम्मेदारी होगी? वार्ता के दौरान रवि चंडालिया, सुरेश लाला, विजय पाल, अशोक राज, जगपाल, माया नैथानी, जयप्रकाश आदि थे।

नगर निगम सभागार में बैठक करते पर्यावरण मित्र। ● अमृत विचार

कूड़े को लेकर इंद्रानगर में हमेशा बवाला होता है। अब तो हालात और बिगड़ गए हैं। इस पर अधिकारियों को विचार करना चाहिए। -**सुरेश लाला**, प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तराखंड स्वच्छकार संघ

बनभूलपुरा में सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा पहला मुद्दा है। इस पर गारंटी दी जाए। -**राहत मसीह**, कार्यालय मंत्री, देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ

अधिकारियों पर फूटा गुस्सा

हल्द्वानी : जेसीबी चालक सुनील ने कहा कि किसी भी उच्चाधिकारी ने सफाई कर्मचारियों का हाल नहीं जाना है जबकि सफाई कर्मियों ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए कार्रवाई में साथ दिया था। सफाई नायक विजय पाल ने कहा कि महिलाओं को बनभूलपुरा में काम के लिए नहीं भेजा जाए। अमन कुमार ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के अभियान में सफाई कर्मचारियों को लेकर ही नहीं जाना चाहिए था। कर्मचारी नेता रामअवतार ने भी कर्मचारियों की सुरक्षा पर चिंता जताई।

ठेके के कर्मचारियों से करवाया काम : गुरुवार को नगर निगम ने सफाई कर्मियों के नहीं मानने पर बनभूलपुरा में ठेके के कुछ सफाई कर्मियों को भेजकर सफाई करवाई। कुछ स्थानों पर सफाई भी करवाई गई। साथ ही स्ट्रीट लाइटों को भी सही कराया गया।

सार-संक्षेप

संस्कृत महाविद्यालय में यज्ञोपवीत संस्कार में शामिल बटुक। ● अमृत विचार

संस्कृत महाविद्यालय में हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

हल्द्वानी : श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में सरस्वती पूजन, यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। प्राचार्य मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पूजन के बाद विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. नवीन चन्द्र बेलवाल, डॉ. गोपालदत्त त्रिपाठी के नेतृत्व में बटुकों को सम्पूर्ण विधान के साथ यज्ञोपवीत धारण कराया, उन्हें यज्ञोपवीत संस्कार के पश्चात अपनाए जाने वाले नियम का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में हल्द्वानी चतुर्थ जोन प्रभारी, एसडीएम धारी कृष्ण नाथ गोस्वामी, हेमंत उप्रेती का सहयोग रहा। इस अवसर पर अशोक वार्ष्णेय, नारायण दत्त थुवाल, दीपचन्द्र जोशी, जानकी त्रिपाठी, आरती त्रिपाठी, मोहित जोशी, साकेत पाठक, कीर्ति बल्लभ कलौनी, कृष्ण चन्द्र पांडेय, रजनी बेलवाल रहे।

सुशीला ने पास की यूसेट की परीक्षा

हल्द्वानी : उत्तराखंड राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा (यूसेट) 2024 में सुशीला मेर निवासी हिमालय कॉलोनी दमुवाढूंगा ने हिंदी विषय से यूसेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई एसएसबी कैंपस अल्मोड़ा से उत्तीर्ण की। उसके बाद रुद्रपुर के द्रोण कॉलेज से बीएड किया। अपनी कामयाबी का श्रेय उन्होंने अपने गुरुजनों और परिवार के लोगों को दिया है।

तेजस तिवारी बिल्ट्ज टूर्नामेंट में अव्वल

हल्द्वानी : 45वीं चेस ओलिंपियाड टार्च हैंड ऑफ सेरेमनी में बुधवार को दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में बिल्ट्ज टूर्नामेंट हुआ। जिसमें दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के यूकेजी के छात्र तेजस तिवारी ने 9 मैच में से 5.5 पॉइंट बनाकर अंडर 7 केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तेजस ने हाल ही में पटना में आयोजित नेशनल स्कूल चेस प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर सातवां स्थान प्राप्त किया था और अपनी फिडे रेटिंग में 24 पॉइंट की बढ़ोत्तरी कर मेडल हासिल किया। टॉर्च हैड ऑफ सरमनी के अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, फिडे के अध्यक्ष आर्केडी डवारकोविच, 5 बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथ आनन्द, ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से, जूडिथ पोल्गर, भारतीय शतरंज महांसघ के अध्यक्ष संजय कपूर, भारत चौहान आदि रहे।

हर्ष और कृतिका बने मिस्टर एवं मिस फेयरवेल

हल्द्वानी : आर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल में गुरुवार को12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ। विद्यालय परिवार ने अनेक सराहनीय, प्रेरणादायी व खट्टी-मीठी यादों के साथ 12वीं के विद्यार्थियों को यादगार, भावमय विदाई दी। आयोजन की मेजबानी करते हुए कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने, अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं व्यक्त करते हुए अनेक रंगारंग प्रस्तुत किए। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए गए, अपने यादगार क्षणों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इस दौरान हर्ष पांडेय को मिस्टर फेयरवेल और कृतिका मिश्रा को मिस फेयरवेल चुना गया।

पूर्व प्रधान चंदन पोखरिया का आकस्मिक निधन

हल्द्वानी : भाजपा कार्यकर्ता एवं पूर्व प्रधान चंदन पोखरिया का 50 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से विभिन्न गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। विधायक बंशीधर भगत ने पोखरिया के आवास पर पहुंचकर शोक संवदेना जताई। विधायक ने बताया कि फतेहपुर ग्रामसभा के पूर्व प्रधान भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं में से एक थे। वह अपने पीछे मां, पत्नी और तीन बच्चों का भरापूरा परिवार छोड़कर चले गए। उनके निधन पर लाखन सिंह, त्रिलोक निगलटिया, रमेश चंद्र पांडे, भुवन जोशी, राजेंद्र रावत, प्रताप बोरा, सनी निगलटिया, नरेंद्र बिष्ट, भीम सिंह कुरिया, गोपाल चिलवाल, प्रमोद पंत ने शोक जताया।

व्यापार मंडल की हल्दूचौड़ इकाई के चुनाव की घोषणा

हल्द्वानी : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की हल्दूचौड़ इकाई के चुनाव की घोषणा गुरुवार को कर दी गई। संगठन पदाधिकारियों की बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी राजेंद्र गोस्वामी ने बताया कि अध्यक्ष समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, महिला उपाध्यक्ष, महिला सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री व प्रचार मंत्री पद पर चुनाव होंगे। 20 फरवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 21 को मतदाता सूची में आपत्ति और इसी दिन निस्तारण किया जाएगा। 22 को आपत्ति निस्तारण के बाद मतदाता सूची जारी की जाएगी और उसी दिन नामांकन पत्र बिकेंगे। 23 को नामांकन जमा होंगे और जांच के बाद फाइनल प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। 28 फरवरी को सुबह 9 से 2 बजे तक मतदान होगा। सायं 4 बजे से मतगणना व उसके बाद परिणाम घोषित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी को चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा।

राहगीर का बस में छूटा बैग बरामद किया

भीमताल : यात्री नरेश बरियाल निवासी नौकुचियाताल भीमताल हरिद्वार से भीमताल केमू की बस में आ रहे थे। भीमताल में उतरते समय उनका बैग बस में ही छूट गया था। इसमें उसके काफी महत्वपूर्ण कागजात तथा सामान था। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी, हेड कांस्टेबल सुमित चौधरी ने केमू बस के चालक का नंबर खोजबीन करके यात्री का बैग सकुशल बरामद किया और नरेश को सौंपा।

पहाड़ की संस्कृति की खुशबू भाबर में बिखरी

सांस्कृतिक जुलूस में छोलिया, जागर, झोड़ा नृत्य रहे आकर्षण का केंद्र, 14 स्कूलों के बच्चों का नृत्य भी रहा शानदार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : प्रगतिशील पर्वतीय सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन उत्तराखंड से आए कलाकारों ने रामनगर में भव्य सांस्कृतिक यात्रा निकाली। ढोल, दमाऊ, नरसिंह नगाड़ आदि वाद्य यंत्रों और हुड़के की थाप पर नाचते गाते कलाकार राम की नगरी में जमकर थिरके। ऐसा लगा कि राज्य की सांस्कृतिक धरोहर ने पहाड़ों से उतरकर भाबर में तीन दिन के लिए अपना पड़ाव डाल दिया हो। जुलूस में रमाण, कत्यूरी जागर, बसंत छोलिया नृत्य मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे।

लखनपुर जूनियर हाईस्कूल से प्रारम्भ हुए सांस्कृतिक जुलूस में पर्वतीय महिला ग्राम विकास समिति भरतपुरी रामनगर ने भुवन जोशी व अमित जोशी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड के लोक गीत व लोकनृत्यों की झांकी को प्रस्तुत करते हुए राहगीरों को अपनी ओर आकर्षित किया।

छोलिया नृत्य में करतब दिखाते कलाकार। ● अमृत विचार

जुलूस में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

प्रयोगांक नैनीताल से आये कलाकारों ने राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की। उर्गम घाटी चमोली के कलाकारों ने चंद्र शेखर के निर्देशन में श्री राम, लक्ष्मण, सीता जी की झांकी भजन कीर्तन के साथ निकाली। इसके अलावा शैल संगीत रंगमंच कोटद्वार ने पर्यावरण संरक्षण की झांकी प्रस्तुत की तो जन कल्याण समिति बागेश्वर द्वारा माता अनुसूया की झांकी को प्रदर्शित किया। जुलूस लखनपुर से होता हुआ रानीखेत रोड, मुख्य बाजार से होता हुआ नंदा लाइन होते हुए समिति के रंगमंच पर जाकर समाप्त हुआ। जुलूस का अग्रवाल सभा, भाजपा, सिद्धार्थ गोयल, गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी व अन्य संस्थाओं ने जगह-जगह स्वागत किया गया। इससे पूर्व जुलूस का शुभारंभ गोपाल दत्त जोशी व दीपा जोशी ने किया। इस दौरान अध्यक्ष गिरीश मठपाल, सचिव दीप जोशी, प्रबन्धक भूपेंद्र खाती, ओम प्रकाश खुल्वे, मनोज पपनै, निर्णायक श्रीश डोभाल, डॉ. कुसुम भट्ट, कमल बेलवाल, अनुज मिश्रा, रोहित गोस्वामी, गणेश पंत, वीरेंद्र पांडे, विनीत रेखाडी, गोपाल कांडपाल,

सड़कों पर झूमकर नृत्य करते स्थानीय महिला व पुरुष। ● अमृत विचार

मानवेन्द्र कालाकोटी, तरुण जोशी, गोपाल दत्त रेखाडी, मंजू बेलवाल, भावना भट्ट, मोहन बिष्ट, गणेश जोशी, माया रावत मौजूद रहे।

साहब! नशा नहीं मिलता तो नशेड़ी बेटा करता है मारपीट

गुहार

- माता-पिता ने पुलिस के सामने लगाई सुरक्षा की गुहार
- युवक अपने माता-पिता को जान से मारने की धमकी देता है

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: शहर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में जहां एक ओर नशे के अवैध कारोबार को लेकर लोग परेशान हैं तो वहीं नशेड़ियों के आतंक को लेकर भी लोग डरे हुए हैं। गुरुवार को नशे के इस अवैध कारोबार को लेकर एक नया मामला सामने आया है।

इसमें एक पिता ने अपने नशेड़ी पुत्र के आतंक से परेशान होकर कोतवाली पुलिस पहुंचकर उसे जेल भेजने की मांग की है। मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी इमरान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र नशे का आदी हो चुका है तथा उसने नशे के कारण घर का काफी सामान भी बेच दिया है।

रामनगर में कोतवाली में बेटे की शिकायत करने पहुंचे माता पिता। ● अमृत विचार

आए दिन नशे के लिए मां और बाप से पैसे की डिमांड करता है। पैसे न देने पर उनके साथ मारपीट करता है। परिजनों ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा कि यदि उसके पुत्र को जेल नहीं भेजा गया तो वह परिवार में किसी की भी हत्या कर सकता है। कोतवाली के एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर जांच पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

रिश्तेदारी में गांव पहुंचे युवक की मौत से हड़कंप

संवाददाता, गरमपानी

दुखद

- हालत बिगड़ने पर पहुंचाया गया सीएचसी गरमपानी
- चिकित्सकों ने किया मृत घोषित, स्वजनों में मचा कोहराम

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से मझेड़ा गांव में रिश्तेदारी में आया युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक गांव पहुंचने के बाद वाहन से उतरने के बाद लड़खड़ा कर जमीन पर गिर गया। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है।

लमगड़ा के उदयूडा गांव निवासी नरेंद्र कुमार (24) पुत्र बहादुर राम अपने चाचा के बेटे भूपेंद्र साथ बसंत पंचमी का त्यौहार लेकर रिश्तेदारी में बेतालघाट ब्लॉक के मझेडा.गांव पहुंचा। भूपेंद्र के अनुसार नरेंद्र ने रास्ते में कई बार उल्टी भी की। गांव की सड़क पर उतरते ही खुद पर नियंत्रण खो बैठा और जमीन पर गिर पड़ा। युवक को निढाल होता देख लोगों सख्ते में आ गए। हालात बिगड़ती देख स्थानीय लोग बगैर समय गवांए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी लेकर रवाना हो गए पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एकाएक हुई घटना से हड़कंप मच गया। पूरे गांव में मातम पसर गया जबकि स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मृतक के गांव भी भेज दी गई है।

पंत पार्क में टैक्सी चालकों व पर्यटकों के बीच मारपीट

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: शहर के पंत पार्क क्षेत्र में टैक्सी चालकों व पर्यटकों का विवाद हो गया। इस बीच टैक्सी चालकों ने एक पर्यटक का सिर फोड़ दिया। उपचार के बाद कोतवाली पहुंचे पर्यटक ने चालकों पर अभद्रता और मारपीट के आरोप लगाए। वहीं चालकों ने भी आरोप लगाए है कि पर्यटक उनसे कालगर्ल की मांग कर रहे थे। इसके बाद विवाद हो गया। पुलिस ने दो चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है।

गुरुवार सुबह पंत पार्क क्षेत्र में कुछ पर्यटक व टैक्सी चालकों में मारपीट हो गई। मारपीट में मैनपुरी उत्तर प्रदेश निवासी सुशील गुप्ता के सिर पर गंभीर चोट आ गई। हंगामा होता देख राहगीरों ने बीच बचाव कर किसी तरह मामला शांत करवाया। उपचार के बाद कोतवाली पहुंचे सुशील गुप्ता ने आरोप लगाए कि वह डीएसए मैदान में अपना वाहन पार्क कर होटल की ओर जा रहे थे। इस दौरान कुछ टैक्सी चालक उनसे किराये पर टैक्सी लेने को कहने लगे। जब उन्होंने मना किया तो चालक अभद्रता करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। इस दौरान उनके सिर पर वार कर गहरा जख्म कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने टैक्सी चालकों को कोतवाली बुलाया तो वह भी पर्यटकों पर कालगर्ल की मांग करने के आरोप लगाने लगे। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मारपीट करने पर मल्लीताल निवासी ताहीद और सोनू बंगाली के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है।

विकास योजनाओं को समय से पूरा करें, वरना कार्रवाई को तैयार रहें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

निर्देश

- विधायक बंशीधर भगत ने विकास योजनाओं की समीक्षा की, लापरवाही पर जताई नाराजगी, दी चेतावनी

अमृत विचार : कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने गुरुवार को ऊंचापुल स्थित आवास पर लोनिवि, जल संस्थान, जल निगम और नगर निगम के अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं को समय से पूरा नहीं करने पर अधिकारियों की फटकार लगाई। साथ ही जल संस्थान व जल निगम को अप्रैल तक सभी योजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं होता है तो कार्रवाई की जाएगी। कालाढूंगी में गतिमान एवं पूर्ण योजनाओं की सूची दो दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

विधायक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति पर इन विभागों से विकास योजनाओं का रिपोर्ट कार्ड भी देने को कहा। उन्होंने जल निगम को अप्रैल तक 7 योजनाएं, जल संस्थान को कोटाबाग में 21 गतिमान योजनाओं में गुलजार राम सिंह क्षेत्र की योजना जल्द पूरा करने को कहा।

वहीं विस सीट में हल्द्वानी क्षेत्र की 24 में से सिर्फ एक योजना पूरी होने पर नाराजगी जताई। 24 ओवरहेड टैंक एवं 15 नलकूपों में से अभी तक सिर्फ 11 में बोरिंग शुरू होने पर जल संस्थान ईई को 30 अप्रैल तक काम पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं सभी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे ताकि पेयजल की 23 योजनाओं का 90 प्रतिशत काम पूरा होने की सत्यता की जांच हो सके। विधायक ने नहर कवरिंग में जहां सड़क बननी है, वहां अतिक्रमण हटाकर जल्द सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क निर्माण जल्द पूरा करने को कहा। इस दौरान निवर्तमान पार्षद प्रकाश पटवाल, आरटीए सदस्य विनोद मेहरा, मनोज जोशी, लोनिवि ईई अशोक चौधरी, जल संस्थान ईई रवि शंकर लोशाली, जेई अशोक प्रजापति, ललित तिवारी, सुनील कुमार, हरीश पंत, प्रमोद पांडे, एसएस मर्तोलिया, विवेक भट्ट, एलएम सती, खगेन्द्र जोशी आदि रहे।

अभिनंदन दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सभी संचालकों का स्वागत किया

जिले के सभी 9 क्षेत्रों से निर्विरोध संचालक निर्वाचित

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: नैनीताल दुग्ध संघ की प्रबंध कमेटी के चुनाव के लिए कालाढूंगी महिला सीट पर प्रत्याशी द्वारा नाम वापस लेने के बाद दुग्ध संघ के इतिहास में पहली बार जनपद के सभी 9 निर्वाचन क्षेत्रों से निर्विरोध संचालक निर्वाचित हुए हैं। इस पर दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सभी संचालकों का स्वागत किया। इससे पूर्व निर्वाचन अधिकारी द्वारा नोटिस बोर्ड पर सभी सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचित होने की सूचना चस्पा कर दी।

नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की 9 सदस्यीय प्रबंध कमेटी के चुनाव के लिए कुल 22 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। इसमें निवर्तमान दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा भी शामिल थे। नैनीताल दुग्ध संघ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी धीरेश जोशी, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगतवीर आर्य और दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को संचालक मंडल के सभी निर्विरोध 9 सदस्यों की सूची सूचना बोर्ड पर चस्पा की गई। इसमें जनपद के ओखलकांडा महिला सीट से पुष्पा देवी, कोटाबाग की अनुसूचित जाति जनजाति सीट से खष्टी देवी, धारी सीट से निवर्तमान दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, भीमताल सीट से हेमा देवी, रामगढ़ सीट से किशन सिंह, रामनगर सीट से कृष्ण कुमार, लालकुआं सीट से गोविंद सिंह मेहता, हल्द्वानी सीट से दीपा देवी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। इसके बाद गुरुवार को कालाढूंगी सीट पर संचालक मंडल सदस्य के लिए चुनाव लड़ रही किरन कुमटिया द्वारा दुग्ध संघ में आकर अपना नाम वापस लेने के बाद दूसरी प्रत्याशी दीपा देवी भी निर्विरोध निर्वाचित हो गईं। इसी प्रकार जनपद की सभी 9 सीटों पर एक-एक दावेदार रह गए। सभी निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों के साथ रुद्रपुर पहुंचे निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश बोरा ने दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा से भेंट की। इस दौरान बहुगुणा ने सभी निर्विरोध निर्वाचित प्रबंध कमेटी सदस्यों का स्वागत किया।

दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा से भेंट करते संचालक मंडल के सदस्य मुकेश बोरा।

11वीं बार संचालक मंडल के सदस्य बने मुकेश बोरा

लालकुआं, अमृत विचार : नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ में निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश सिंह बोरा लगातार 11वीं बार दुग्ध संघ संचालक मंडल के सदस्य चुने गए हैं। नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश बोरा पहली बार वर्ष 1999 में निर्विरोध संचालक मंडल के सदस्य चुने गए थे। उस दौर के दिग्गज कांग्रेसी नेता ज्ञान सिंह गुसाई से मात्र एक वोट से अध्यक्ष पद पर मात खा गए थे। इसके बाद 2001 में संचालक मंडल के निर्विरोध सदस्य बने, फिर 2006, 2008, 2009 और 2012 में भी निर्विरोध ही संचालक मंडल के सदस्य चुने गए। वर्ष 2013 में मुकेश बोरा पहली बार दुग्ध संघ संचालक मंडल के सदस्य के लिए चुनाव लड़े और उस चुनाव में भी वह विजयी हुए। उसके बाद पुन: 2017 में बने तथा 2018 में निर्विरोध संचालक मंडल का सदस्य बनने के साथ-साथ अध्यक्ष पद पर भी निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा इस बार 2024 में भी निर्विरोध ही संचालक मंडल के सदस्य बने हैं।

भूख हड़ताल पर डटे बीडीसी प्रतिनिधि

संवाददाता, गरमपानी

लामबंद

- अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी
- 24 घंटे बीतने के बावजूद अफसरों ने नहीं ली सुध

अमृत विचार: विभागीय अधिकारियों की वादाखिलाफी से नाराज होकर भूख हड़ताल पर बैठे क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मटीला के समर्थन में मातृशक्ति भी उतर आई है। विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती व मोटर मार्ग को दुरुस्त करने की मांग को लेकर शुरु हुई भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। आंदोलन को 24 घंटे बीत जाने के बावजूद अधिकारियों के सुध न लिए जाने पर ग्रामीणों ने रोष जताया। जल्द समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे मटीला क्षेत्र के बीडीसी प्रतिनिधि रमेश सिंह भंडारी पूर्व में दी गई चेतावनी के तहत बीते मंगलवार से गांव में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे हैं। बुधवार को गांव की दर्जनों महिलाओं ने भी आंदोलन स्थल पर पहुंचकर रमेश सिंह भंडारी के साथ भूख हड़ताल में भागीदारी की। अधिकारियों पर गांव की उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा की दो सप्ताह पहले शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जीआइसी चौमूधार में प्रधानाचार्य व रिक्त पड़े महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की तैनाती का आश्वासन दिया था पर आश्वासन को दस दिन का समय बीतने के बावजूद आज तक प्रधानाचार्य व शिक्षको की तैनाती नहीं हो सकी है।

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)



1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा



2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव

समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश

BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details

कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

सार संक्षेप

72 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं, शिक्षक एवं अतिथि। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : सनातन संस्था हल्द्वानी ने गुरुवार को श्री 1008 बाबा हैड़ाखान राजकीय इंटर कॉलेज कठघरिया के 72 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। संस्था की ओर से सभी छात्रों को सम्मान स्वरूप गर्म ट्रेकशूट प्रदान किये गये। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एचबी पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष बसंत बल्लभ जोशी, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बिपिन चन्द्र पांडे, प्रभारी प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र मंडल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर शिक्षक अनिल श्रीवास्तव, मनोज कुमार भट्ट, लक्ष्मण सिंह मावड़ी, अजय त्रिपाठी, पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर बीसी मेलकानी, गिरीश मेलकानी, पुष्पा भैंसोड़ा, चम्पा भगत, केसी बेलवाल, गरिमा जोशी मौजूद रहे।

मानव देह का महत्व भगवान की भक्ति में

पंडित सतीश लोहनी।

हल्दूचौड़ : श्री हनुमान एवं श्री श्री 1008 बाबा केशव दास आश्रम बाबाजी की कुटिया ग्राम दुमकाबंगर उमापति हल्दूचौड़ जिला नैनीताल में चल रही शिव महापुराण कथा में व्यासाचार्य पंडित सतीश चंद्र लोहनी ने श्रद्धालुओं को तमाम प्रेरक प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर की करुणा और कृपा संपूर्ण विश्व में व्याप्त है। उनकी कृपा दृष्टि से ही यह जगत संचालित है। मानव देह का महत्व भगवान की भक्ति में है। इस दौरान यजमान देबी दत्त बमेटा, दिनेश चंद्र मिश्रा, प्रकाश चंद जोशी, हरी दत्त कांडपाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, मंदिर समिति के संरक्षक उमेश चंद्र कबड़वाल, उपाध्यक्ष दयाकिशन दुम्का, सचिव बालकृष्ण दुम्का, कोषाध्यक्ष खीमानंद तिवारी, दयाकिशन बमेटा, चंद्र बल्लभ खोलिया, भुबन चंद्र गर्वाल, कैलाश चंद्र बमेटा मौजूद रहे।

महामंडलेश्वर सच्चिदानंद ने जाना पत्रकार का हाल

जज फार्म में घायल पत्रकार को देखने पहुंचे महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद।

हल्द्वानी : श्री चित्रगुप्त पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद ने गुरुवार को वृंदावन से हल्द्वानी पहुंचकर पत्रकार पंकज सक्सेना का हाल जाना। उन्होंने कहा कि हिंसा में पत्रकारों पर हुए हमले की घटना शर्मनाक है। उन्होंने सरकार से दंगाइयों को शीघ्रता से गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की अपील की। कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संत समाज सड़क पर उतरकर राष्ट्र और धर्म को बचाने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सुनियोजित तरीके से एक समुदाय विशेष अपनी जड़ें जमा रहा है। खासकर बांग्लादेश और रोहिंग्या मुसलमानों को बसाने का कार्य किया जा रहा है। जिसका कारण हल्द्वानी में हुए दंगे में देखने को मिला है। बरेली के मौलाना तौकीर राजा ने हल्द्वानी के दंगों को चिंगारी देने का काम किया है। ऐसे मौलाना, मौलवियों और धर्म के ठेकेदारों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल में डाला जाना चाहिए।

प्रकृति नमन दिवस को बसंतोत्सव के रूप में मनाया

डब्ल्यूआरसी में कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

रामनगर : हेस्को संस्था के संस्थापक पद्मभूषण डॉ. अनिल जोशी के देशव्यापी आह्वान पर आज डब्ल्यूआरसी कानिया के महिला समूह द्वारा बसंतोत्सव को प्रकृति नमन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संगठन की सदस्यों ने आंवले से निर्मित अनेक स्वादिष्ट पदार्थ जैसे आँवला लड्डू, कैंडी, चटनी व अन्य पकवान तैयार किए गए। कार्यक्रम में ताज रिसोर्ट के जीएम अजय शर्मा, अश्विन, अनंतम रिसोर्ट के जीएम मनोज बचकेती, पुष्कर सिंह भंडारी, गणेश रावत, आनंद कड़ाकोटी आदि मौजूद रहे।

एसटीएच में स्टाफ नर्स की नौकरी के लिए मांगे 20 हजार

महिला नर्स ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से की शिकायत, जांच शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में स्टाफ नर्स की नौकरी के लिए 20 हजार रुपये मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला नर्स ने एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए मेडिकल कॉलेज प्राचार्य से शिकायत की है। कॉलेज प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है।

काठगोदाम निवासी दीपिका भान ने शिकायती पत्र में कहा है कि उसने 3 फरवरी को एसटीएच में स्टाफ नर्स के लिए एक निजी एजेंसी को साक्षात्कार दिया था। साक्षात्कार में चयन होने के बाद उसे राहुल राजपूत नामक

व्यक्ति का फोन आया और उसने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। साथ ही फॉर्म भरने और अगले दिन ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए कहा।

अगली सुबह राहुल का फोन आया और उसने नौकरी दिलाने

मामला संज्ञान में आया है। कॉलेज प्रबंधन स्तर पर इसकी जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी होगा, उसपर उचित कार्रवाई की जाएगी।
– **डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

की एवज में उससे 20 हजार रुपये की मांग की। जब उसने इस बारे में अस्पताल के कर्मचारियों से पूछा तो उन्होंने रुपये नहीं लगने की बात बताई। इसके बाद दीपिका ने राहुल को फोन कर पूरी बात बताई, जिस पर उसने फोन काट दिया। कुछ देर बाद राहुल ने फोन किया और रुपये नहीं लेने की बात कही। आश्वासन मिलने के बाद दीपिका ने मुखानी स्थित निजी हॉस्पिटल में नौकरी छोड़ दी। रुपये नहीं मिलने के बाद से राहुल ने फोन उठाना बंद कर दिया।

दीपिका का आरोप है कि अब न तो उसे एसटीएच में नौकरी मिल रही है और पुरानी नौकरी उसके हाथ से जा चुकी है। गुरुवार को मामले में दीपिका ने प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी से शिकायत की है। इधर, प्राइवेट कंपनी के मैनेजर ओम प्रकाश ने बताया कि स्टाफ नर्स की नौकरी के लिए सिर्फ 1100 रुपये का फॉर्म भरना पड़ता है। इसके अलावा कंपनी कोई पैसा नहीं लेती है।

हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज को मिले 17 टेक्नीशियन

हल्द्वानी, अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी व स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट को अलग-अलग पदों पर 17 टेक्नीशियन मिले हैं। इनकी नियुक्ति से कॉलेज के कार्यों में तेजी आएगी। इसका लाभ यहां आने वाले मरीजों को मिलेगा।

उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में ओटी, ईसीजी, ऑडियोमैट्री, फिजियोथेरेपिस्ट, ऑक्यूपैशनल थेरेपिस्ट, रिफेक्शनिष्ट, रेडयोग्राफिक और रेडियोथैरेपी टेक्नीशियनों के पदों पर कुछ समय पूर्व परीक्षा ली थी। इसके क्रम में गुरुवार को करीब 82 टेक्नीशियनों की सूची जारी की गई। चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना ने सभी टेक्नीशियनों को स्वीकृत व रिक्त पदों के सापेक्ष मेडिकल कॉलेजों व कैंसर इंस्टीट्यूट में तैनाती प्रदान की है। हल्द्वानी राजकीय मेडिकल कॉलेज व स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट को करीब 17 टेक्नीशियन मिले हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि इन टेक्नीशियन की नियुक्ति से कॉलेज व एसटीएच में व्यवस्था और बेहतर होगी।

दोस्तों का भाई बना और बहनों की अस्मत से खेलता रहा

पहले दोस्त फिर जीता दोस्त के दोस्त का भरोसा और छोटा भाई बनकर बहनों तक पहुंच गया प्रकाश, कनपटी पर तीन गोलियां मारी गईं

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : 25 साल का नौजवान प्रकाश बातों का धनी और बातों-बातों में पहले दोस्ती और फिर दोस्त के घर तक पहुंच जाने में माहिर था। ऐसा ही उसने अपने पहले दोस्त के साथ किया और उसकी बहन की अस्मत लूटी। फिर यही काम उसने अपने दोस्त के दोस्त यानी सिपाही के साले के साथ किया। साले के जरिये प्रकाश, सिपाही के घर तक पहुंचा और फिर सिपाही की पत्नी को भी झांसे में ले लिया। पहले अवैध संबंध और फिर ब्लैकमेलिंग के खेल का अंत प्रकाश की हत्या हुआ।

दंगे की अगली सुबह 9 फरवरी को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के आंवला चौकी गेट गौला बाईपास रोड पर छिने गांव भोजपुर सिन्हा बिहार निवासी प्रकाश कुमार सिंह उर्फ अविराज पुत्र श्याम देव सिंह की लाश मिली थी। वो 7 फरवरी को बिहार से निकला और 8

प्रकाश सिंह।

साजिश

- पैसे देकर हारी तो सिपाही की पत्नी ने सुनाई ब्लैकमेलिंग की कहानी
- साजिश के दिन हुआ दंगा तो दंगे की कहानी से जोड़ा नाम

फरवरी को हल्द्वानी पहुंचा था। उसकी कनपटी में तीन गोलियां मारी गईं थी। इस मामले में चोरगलिया थाने तैनात सिपाही, उसके दोस्त, साला और साले के दोस्त को हत्या में इस्तेमाल असलहे के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया गया, प्रकाश करीब तीन साल से सितारगंज में रहकर दिहाड़ी पर काम करता था। प्रकाश पहले सिपाही के एक साले के संपर्क में आया। उससे अच्छी दोस्ती की और घर आना-जाना शुरू हो गया। आने-जाने में प्रकाश ने दोस्त की बहन को मीठी बातों से प्यार में फंसा लिया और शारीरिक संबंध बनाए। इस दोस्त के जरिये उसकी मुलाकात सिपाही के साले से हुई। इसे भी पहले की तरह प्रकाश ने अपना बड़ा भाई बना लिया। प्रकाश सिपाही के साले से मिलता तो पैर छूता और ऐसे ही भरोसा जीत कर वह साले की बहन यानी सिपाही के घर तक पहुंच गया।

सिपाही की पत्नी भी प्रकाश के प्यार जाल में फंस गई। प्रकाश ने सिपाही की पत्नी संग अंतरंग संबंध और वीडियो बना लिए। वह बिहार वापस गया तो वीडियो के बूते सिपाही की पत्नी से पैसों की मांग करने लगा। डर कर सिपाही की पत्नी ने पैसे देने शुरू किए तो फिर न सिलसिला रुका नहीं। ब्लैकमेल होकर थकी सिपाही की पत्नी ने सार राज पति के सामने उगल दिया। सिपाही के साले को यह बात पता लगी तो वह और आग बबूला हो गया। तीनों ने मिलकर प्रकाश के हत्या की कहानी गढ़ी। सिपाही ने अपने और साले से अपने उस दोस्त को हत्या की साजिश में शामिल किया, जिसकी बहन को भी प्रकाश ने नहीं छोड़ा था। सिपाही के कहने पर पत्नी ने प्रकाश को फोन किया और कहा, वह उससे शादी करना चाहती है। इसस ललक में वो मंगलसूत्र लेकर पहुंचा था, जो घटनास्थल पर जामातलाशी में उसकी जेब से मिला। यहां पहुंचने पर उसके सिर में तीन गोलियां दाग दी गईं। दंगे की रात 11 बजे यह हुई। दंगे रात दंगा स्थल के पास घटना को इसी लिए अंजाम दिया गया, ताकि यही माना जाएगा कि मौत दंगे में हुई।

काम आया मोबाइल सर्विलांस, आलाकत्ल बरामद

हल्द्वानी : इस घटना में मोबाइल सर्विलांस का अहम रोल रहा। सर्विलांस टीम ने प्रकाश के मोबाइल की सीडीआर खंगाली तो घटना से कई दिन पहले से लगातार कुछ नंबरों पर कॉल की बात सामने आई। नंबर खंगाले गए तो गिरफ्त में आए सिपाही और अन्य आरोपियों के नाम सामने आ गए। हिरासत लेकर इनसे कड़ी पूछताछ हुई तो सारा राज उगल दिया। जिसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल असलहा भी बरामद कर लिया गया, जो हत्याकांड में आरोपियों के खिलाफ अहम सुबूत है।

एक आरोपी इंद्रानगर का, निकाला दंगे का गुस्सा

हल्द्वानी : प्रकाश हत्याकांड में पांच से चार आरोपी ऊधमसिंहनगर जिले के हैं, लेकिन एक इंद्रानगर बनभूलपुरा का है। दंगे के दिन जिले के हर थाने का सारा फोर्स बनभूलपुरा बुला लिया गया। हत्या के आरोपी सिपाही के लिए भी यही आदेश थे। माना जा रहा है कि इसी दंगे का सिपाही ने फायदा उठाया और इंद्रानगर में ही रहने वाले एक दोस्त का फायदा उठाया। उसे भी हत्याकांड में शामिल किया और आंवला चौकी गेट के पास गोली मारकर लाश वहीं फेंक दी। सिपाही ने दोस्त के गुस्से का भी इस्तेमाल किया।

नजदीक से गोली मारकर फंस गए हत्यारे, फूटा भांडा

हल्द्वानी : दंगे में जब गोलियां चलती हैं तो निशाना लगाकर कोई नहीं मारता। दनादन गोलियां चलती हैं और यहां-वहां लगती रहती हैं। कोई भी जिस्म से सटाकर एक के बाद एक तीन गोलियां नहीं मारता, लेकिन प्रकाश के मामले में ऐसा नहीं था। प्रकाश के सिर में सटाकर पीछे से तीन गोलियां मारी गईं और यही पुलिस को अखर गया। इसे पुलिस ने हत्या माना और जांच बनभुलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी को सौंपी। पड़ताल जैसे-जैसे आगे बढ़ी तो हत्याकांड की कडियां खुलने लगीं।



रामनगर में भारत महोत्सव में आयोजित तानी ला तान्यो नाटक में अभिनय करते कलाकार। ● अमृत विचार

वन्य जीवों व प्रकृति के बीच संतुलन बनाने का संदेश दे गया तानी ला तान्यो

उत्साह

- भारत रंग महोत्सव में पहले दिन ही भर गया आडिटोरियम

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के तत्वावधान में आयोजित भारत महोत्सव का शुभारंभ पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज एवं सिने अभिनेता संजय मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। पहले दिन तानी ला तान्यो नाटक आज के दौर में प्रकृति के बीच बराबर का संतुलन बनाए रखने का संदेश देता नजर आया।

दर्शकों से खचाखच भरे हाल में मार्शल आर्टिस्ट अभिनेता और निर्देशक रीकेन गोमले के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक तानी ला तान्यो अरुणाचल प्रदेश के तान्यो(बाघ) के बारे में एक लोक गाथा पर आधारित है। नाटक का कथानक बूढे तानी के इर्द गिर्द घूमता नजर

महोत्सव का शुभारंभ करते पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज व अभिनेता संजय मिश्रा।

आया। तानी अपने बड़े भाई तान्यो (बाघ) से अपनी पहचान हमेशा गुप्त रहने की कहानी को दर्शाता है। नाटक में दर्शाया गया कि तानी जनजाति की मौखिक परम्परा में अपने पूर्वजों को शुरुआत से सभी नामों से याद किए जाने की परंपरा है। तानी चाहता है कि उसके अची तान्यो का नाम भी याद किया जाए। यह समुदाय आज भी यह मानता है कि बाघ उनका भाई है। आज के दौर में जहाँ लोग भौतिक वादी हो गए है। यह नाटक सामुदायिक जीवन जीने की बात करता है। जब लोग आसपास के जीवन का दोहन करने में व्यस्त है।

मंच पर रीकेंन गोमले, जयंत राभा, मोहित जैन, एस भूमिनाथन, स्मिता, राजेश्वरी, ओइ दिला गोस्वामी, मीनाक्षी, रविकुमार, शहंशाह, अमित कुशवाह, गोपाल, रोनिका, पब्बी लोम्बो, सैफ सिद्दीकी ने मंच पर अपने किरदार को बखूबी निभाया।

डायलिसिस संचालक को जल्द व्यवस्था सुधारने के आदेश

फॉलोअप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेस अस्पताल में संचालित डायलिसिस सेंटर में व्याप्त अव्यवस्थाओं से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में गुरुवार को अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डॉ. केके पांडे ने सेंटर संचालक को जल्द व्यवस्था सुधारने के लिए आदेशित किया है।

शहर के प्रमुख बेस अस्पताल में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप) मोड पर डायलिसिस केयर सेंटर का संचालन होता है। जिसमें रोजाना 60 से 65 मरीजों की डायलिसिस होती है।

एक मरीज की डायलिसिस करने में लगभग 4 घंटे का समय लगता है। बीते बुधवार को कुछ मरीजों ने सेंटर में फटे गद्दे और टूट बेड पर डायलिसिस करने की शिकायत प्रभारी पीएमएस से की थी।

इस मामले में गुरुवार को प्रभारी पीएमएस ने डायलिसिस संचालक को पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने संचालक को जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने के आदेश दिए हैं। डॉ. पांडे ने बताया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

भविष्य के लिए 10वीं कक्षा की चित्रकला विषय और 12वीं कक्षा की उद्यमी (इंटरप्रेन्योरशिप) विषय की परीक्षा हुई

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू, केंद्रों के बाहर रही सख्ती

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई है। 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राएं परीक्षा केंद्र पहुंचे।

हल्द्वानी में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा चली। छात्र-छात्राएं परीक्षा शुरू होने से पहले ही पहुंच गई। बोर्ड की ओर से भी निर्देश जारी किए गए थे कि परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राएं सुबह 10 बजे तक परीक्षा केंद्र में पहुंच जाएं। नैनीताल जिले में 8186 बच्चे हाईस्कूल और 7508 बच्चे इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए पंजीकृत थे। हल्द्वानी में सेंट थरेसा, इंस्पिरेशन, सेंट पॉल, निर्मला कॉन्वेंट, नैनी वैली, सिंथिया, केवीएम, महर्षि विद्या मंदिर, बिड़ला स्कूल, बीयरशिवा, डॉन बास्को, एवरग्रीन, बीएलएम, डीएवी, यूनिवर्सल, निमोनिक कॉन्वेंट, गुरुकल इंटरनेशनल, एबीएम स्कूल में परीक्षा हुई। 10वीं कक्षा की चित्रकला विषय और 12वीं कक्षा की उद्यमी (इंटरप्रेन्योरशिप) विषय की परीक्षा हुई।

कर्फ्यूग्रस्त बनभूलपुरा के बच्चे भी सीबीएसई की परीक्षा में शामिल हुए। प्रशासन से आदेश जारी किया था कि परीक्षा प्रवेश पत्र दिखा कर छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र जाने की छूट मिलेगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर सख्ती रखी गयी। विगत दिनों शहर में हुए बवाल के बाद सीबीएसई की परीक्षा आयोजित कराने के लिए प्रशासन भी मुस्तैदी दिखा रहा है।

सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा छूटने के बाद स्कूल से बाहर निकलतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा-राजपुरा में इंटरनेट बंद होने से दिक्कत

हल्द्वानी। बनभूलपुरा और राजपुरा में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा भी शुरू हो गयी है। परीक्षा की तैयारी के लिए छात्र-छात्राओं को इंटरनेट की भी जरूरत पड़ती है लेकिन इंटरनेट सेवा बाधित होने से राजपुरा और बनभूलपुरा के बच्चे परेशानी उठा रहे हैं।

पेपर सही आया था। हमने साल भर मेहनत की थी। उम्मीद है कि परीक्षाफल अच्छा आएगा। –**अनुष्का**

परीक्षा से पहले बहुत चिंता थी लेकिन अब नहीं है। आगे भी अच्छे पेपर होंगे ऐसी उम्मीद है। –**दीविता**

परीक्षा देना किसी भी विद्यार्थी के लिए हल्का तनाव का विषय तो होता ही है। हालांकि मेहनत से तनाव कम हो गया है। –**श्रेया**

चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारी दें प्रत्यावेदन

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर के सौंदर्यीकरण के लिए सड़क की चौड़ीकरण की जद में आ रही 67 दुकानों के व्यापारियों की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने अतिक्रमण की जद में आ रहे 67 लोगों से अपना प्रत्यावेदन संबंधित विभाग को देने को कहा है।

मामले के अनुसार हल्द्वानी की नया सवेरा संस्था ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि मंगल पड़ाव, महिला अस्पताल, कालू सांई मंदिर, बेस अस्पताल से रोडवेज तक की सड़क अति संकरी है। इसकी वजह से आए दिन स्थानीय लोगों सहित सरकारी विभाग, स्कूली छात्रों व अन्य यात्रियों को हर रोज जाम का सामना करना पड़ता है। जो सभी के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है। प्रशासन इन दिनों स्थानीय लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए सड़क चौड़ीकरण में जुटा है। सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन ने मंगल पड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक सरकारी संपत्तियों को तोड़ दिया है। अब चौड़ीकरण की जद में आ रही निजी सम्पतियों को राजनैतिक दवाब के चलते अभी तक प्रशासन ने उनपर कोई कार्यवाही नहीं की है। जो सड़क चौड़ीकरण में बड़ी बाधक बन रहे है जबकि जाम से निपटने के लिए सड़क का चौड़ीकरण करण करना आवश्यक है। गुरुवार को इस प्रकरण में सुनवाई के बाद खंडपीठ ने सभी 67 व्यापारियों से अपना प्रत्यावेदन संबंधित विभाग में देने के निर्देश दिए हैं।

एलबीएस में विद्यार्थियों का नौकरी के लिए चयन

हल्द्वानी : लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय हल्दूचौड़ में कैंपस प्लेसमेंट आयोजित हुआ। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन प्राचार्य डॉ. अंजू अग्रवाल के दिशा निर्देशन में हुआ। एनएफसीडी लिमिटेड नई दिल्ली की कंपनी ने छात्र-छात्राओं का चयन किया। रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. मनीषा कड़ाकोटी ने बताया कि कंपनी ने छात्र-छात्राओं की योग्यता के आधार पर चयन किया। जिसमें साक्षात्कार भी महत्वपूर्ण अंग रहा।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

तराई से भी शंभू व खनोरी बॉर्डर पहुंचेंगे किसान

तराई के किसानों ने दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन को दिया समर्थन, सरकार पर तानाशाही का आरोप

संवाददता, बाजपुर

अमृत विचार : गुरुवार को गुरुद्वारा साहिब में उत्तर-प्रदेश, उत्तराखंड के किसान संगठनों की बैठक हुई। बैठक में शंभू व खनोरी बार्डर पर चल रहे किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार द्वारा की जा रही तानाशाही की जमकर निंदा की गई।

संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि सरकार यदि आंदोलनकारी किसानों पर आलोकतांत्रिक तरीके से अत्याचार करती है तो उप्र, उत्तराखंड के तराई क्षेत्र से भी किसान शंभू व खनोरी बार्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में जाएंगे। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, तराई किसान संगठन के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह विर्क, भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां के महेंद्र सिंह रंधावा व लखविंदर सिंह, मीटिंग के आयोजक अजीत प्रताप सिंह रंधावा सहित अन्य धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसान आंदोलन के मौजूदा हालातों पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। तय किया गया कि अगर किसानों को खनोरी व शंभू बार्डर से आगे नहीं आने दिया जाता है तो भविष्य में उप्र, उत्तराखंड के किसान भी खनोरी व शंभू बार्डर पहुंचेंगे और यदि किसान दिल्ली पहुंचते हैं तो दिल्ली कूच किया जाएगा।

साथ ही ग्रामीण भारत बंद को लेकर 4 घंटे तक चीनी मिल बंद रख विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा व संचालन भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने किया। बैठक में बिजेंद्र सिंह डोगरा, प्रताप सिंह संधू, हरप्रीत सिंह निज्जर, जसवीर सिंह, बलदेव सिंह, गुरविंदर सिंह, करणवीर खैर, रतन बाजवा, निशांन सिंह, दलेर सिंह रंधावा, राजकिशोर सिंह, उपकार संधू, गुलजार सिंह आदि मौजूद थे।

बाजपुर में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श करते किसान। ● अमृत विचार

महिला मार्च की तैयारी पर की चर्चा

बाजपुर। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन पर चर्चा करते हुए किसानों ने 20 फरवरी को बाजपुर में प्रस्तावित महिला मार्च की तैयारी पर भी चर्चा की व शांतिपूर्वक महिला मार्च करने का निर्णय लिया गया।

किसानों पर दमनात्मक कार्रवाई रोके केन्द्र सरकार: बेहड़

किच्छा। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के आंदोलन को उनके तथा तराई के किसानों का पूरा समर्थन है। विधायक बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत तमाम ग्रामों में नुक्कड़ सभाएं कर किसान आंदोलन को लेकर किसानों के साथ चर्चा के दौरान कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बर्बरतापूर्वक किसानों के ऊपर लाठीचार्ज किए जाने तथा गैस के गोले छोड़े जाने से देश की जनता में आक्रोश व्याप्त है। बेहड़ ने केंद्र सरकार से हिटलर शाही कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। विधायक बेहड़ ने कहा कि देश में स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू करने के साथ ही केंद्र सरकार को आगे आकर आंदोलन कर रहे किसानों की बातों को गंभीरता से सुनकर किसानों को उनकी फसल का भुगतान एमएसपी पर देना चाहिए। कहा कि अगर किसानों की आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो उत्तराखंड के भी हजारों किसान आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए कूच करेंगे।

भारत बंद को किसान कांग्रेस ने दिया समर्थन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : किसान कांग्रेस भारत बंद को पूर्ण समर्थन देते हुए बंद में सहयोग करेगी। यह निर्णय किसान कांग्रेस की बैठक में लिया गया। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लन बताया कि बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद के आह्वान को पूर्ण समर्थन देने और बंद को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में दिल्ली प्रदर्शन करने जा रहे किसानों पर गोलियां चलाने व आंसू गैस छोड़ने को किसानों के लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या बताया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि किसान वो मांग रहा है जिसका वादा कई वर्ष पूर्व सरकार ने किया था। उन्होंने कहा कि आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। जिसमें एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सरकार पूर्व में सहमत भी थी लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी समाधान नहीं किया गया। सरकार को किसान हित में निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों पर बुलेट से फायर किये जा रहे हैं। ड्रोन से हमले किये जा रहे हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, हैप्पी सिंह, जोरावर सिंह, जगदीप सिंह, अमृतपाल सिंह, जसवीर सिंह, हरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

भारत बंद को सफल बनाने की अपील

जसपुर। युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष अमन प्रीत सिंह ने किसानों के साथ किए जा रहे बर्बरता पूर्ण व्यवहार की घोर निन्दा की है। उन्होंने किसान आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा है कि क्षेत्र के किसान आंदोलन के समर्थन में दिल्ली कूच के लिए तैयार रहें। कहा कि पूरे देश का किसान एकजुट है। उन्होंने सरकार से निवेदन किया कि सरकार किसानों की मांगों को पूरा कर किसानों को खुश कर घर भेज दें। उन्होंने किसानों से शुक्रवार को भारत बंद को सफल बनाने की अपील की है।

33 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के 5.89 लाख रुपये आंवटित

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मुख्यमंत्री मेधावी उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 33 विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 589000 रुपये की धनराशि प्रथम किश्त के रूप में आवंटित कर दी गई है। इस योजना के अंतर्गत स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय वर्ष के कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 18 मेधावी विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में विषयवार इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिंदी, गणित, जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 15 मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गई। महाविद्यालय की छात्रवृत्ति प्रभारी डा.मनुहार आर्य ने बताया कि शासन से प्राप्त शासनादेश एवं शिक्षा उच्च शिक्षा निदेशालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर प्रथम चरण में 33 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गई है। द्वितीय चरण में स्नातकोत्तर वाणिज्य तृतीय सेमेस्टर सहित पांच विद्यार्थियों को धनराशि देने हेतु बिल कोषागार में भेज दिए गए हैं। महाविद्यालय के कुल 38 मेधावी विद्यार्थियों ने इस छात्रवृत्ति योजना से लाभांवित हुए हैं।

छात्र-छात्राओं ने एनडीआरएफ की बटालियन का भ्रमण किया

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के वाहिनी में स्थापित उपकरण प्रदर्शनी का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने आपदा प्रबंधन मैं काम आने वाले उपकरणों को देखा। गुरुवार को नवोदय विद्यालय रुद्रपुर के 60 छात्र छात्राएं अपनी शिक्षिका संतोष ध्यानी के नेतृत्व में एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के मुख्यालय में पहुंचे। जहां उन्होंने बटालियन के मुख्यालय में स्थापित आपदा प्रबंधन उपकरण प्रदर्शनी कक्ष का भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने आपदा के दौरान प्रयोग होने वाले उपकरणों को देखा। बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल देश में आई आपदा के दौरान कार्य करता है। छात्र-छात्राओं ने आपदा के दौरान वाहिनी में स्थापित उपकरणों की प्रदर्शनी कक्ष को भी देखा। जवानों ने छात्र-छात्राओं को अलग-अलग उपकरणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया बाढ़ के दौरान इलेक्ट्रॉनिक नाव से बाढ़ पीड़ितों के पास तुरंत पहुंच जा सकता है। इस मौके पर बटालियन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शैलेश चौधरी, उप कमांडेंट अनिल कुमार, रवि शंकर बधानी, रोहिताश्व मिश्रा, सुनील कुमार, भूपेंद्र कोटनाला, संतोष ध्यानी, संजीव, गोपाल सिंह बिष्ट, हरदेश, केशव कुमार, लक्ष्य पाठक, प्रेरणा अरोड़ा मौजूद थे।

एनडीआरएफ मुख्यालय में आपदा प्रबंधन उपकरण प्रदर्शनी को देखते छात्र-छात्राएं।

जेईई मेन एग्जाम में जैनुल को मिले 99.72 फीसदी अंक

काशीपुर। मोहल्ला अल्ली खां निवासी एसआई आसिफ खान के भतीजे व अजमल खान के पुत्र जैनुल आबेदीन ने जेईई मेन एग्जाम में 99-72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। जैनुल ने जेईई मेन के लिए कोई कोचिंग नहीं की, बल्कि घर पर ही तैयारी करके परीक्षा में सफलता पाई है। जैनुल की इस उपलब्धि पर आसिफ रजा, प्रभात साहनी, अजमत खान, तौकीर अंसारी, शबाब खान, जतिन नरूला, सरफराज सैफी, दानिश मलिक आदि ने बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वारंटी गिरफ्तार

बाजपुर। पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी की पुलिस टीम ने आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए वारंटी मोहल्ला आदर्शनगर निवासी दीपक को फौजदारी वाद संख्या 301/2019 धारा 138 एनआई एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अर्जुन गिरी आदि रहे।

23.80 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : पुलिस ने 2 स्मैक तस्करों को 23.80 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत "ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन" के तहत नशा तस्करों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर आशुतोष कुमार सिंह के बताया कि नशा तस्कर मोहल्ला निकट तकिये वाली मस्जिद निवासी मोहम्मद तालिब पुत्र मेहर आलम को चांद टेंट हाउस के पास प्लॉट से 10.90 ग्राम स्मैक के साथ तथा मोहल्ला नत्था सिंह निवासी सुनील पुत्र हरफूल सिंह को 12.90 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल ने बताया कि तालिब के विरुद्ध कोतवाली जसपुर में पूर्व में मारपीट का एक मुक़दमा दर्ज है। जबकि सुनील कुमार के विरुद्ध थाना जसपुर में पूर्व में भी स्मैक तस्करी का एक मुक़दमा दर्ज है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक ओमप्रकाश, कौशल भाकुनी, चंदन सिंह, जावेद मलिक, ललित सिंह, अनुज वर्मा, जमशेद अली, दीपक जलाल, राजकुमार शामिल रहे।

जसपुर पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए स्मैक तस्कर। ● अमृत विचार

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मैं आकिब हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन, निवासी नई बस्ती, तहसील जसपुर बयान करता हूँ कि मैं अपने पासपोर्ट अभिलेख में अपने नाम की गलत स्पेलिंग MOHAMMAD AQUIB की जगह सही स्पेलिंग AQUIB HUSSAIN कराना चाहता हूं।

सूचना

विवाह के बाद से मेरा नाम शोभा कीर हो गया है, जबकि मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम सुमन कुमारी है इसलिए मुझे आज से सुमन कुमारी की जगह शोभा कीर W/o संजय कीर D/o कालीचरण R/o सूखाताल वार्ड स्लिपी हॉल, मल्लीताल, नैनीताल जाना जाये। सुमन कुमारी व शोभा कीर एक ही व्यक्ति है।

बिजली बिल वसूली में लाएं तेजी: वर्मा

बाजपुर : बिजली विभाग द्वारा बकाया वसूली व बिल सुधार के लिए चलाए जा रहे शिविरों का अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने हर हाल में वसूली के लक्ष्य को पूरा करने तथा बकायेदारों के संयोजन काटने, बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने मुड़िया पिस्तौर शिविर में बिजली बिल बकाया वसूली की समीक्षा करते हुए वसूली में तेजी लाने के आदेश दिए। अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने अवगत कराया कि इस लगभग पचास करोड़ रुपये वसूली लक्ष्य है। जिसमें अभी तक लगभग 15 करोड़ की वसूली हो पाई है। पैसा जमा नहीं कर पाने के कारण 132 संयोजन काटे गए हैं। 75 विद्युत चोरी के मामले पकड़े गए, जिसमें 57 पर विभिन्न थानों में मामले दर्ज कराए गए हैं। चोरी के मामलों में 15 करोड़ 32 लाख का राजस्व वसूला गया। वर्तमान में सभी अवर अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। वहीं बकाया बिलों की बसूली के साथ संयोजन भी चेक किए जा रहे हैं। इस मौके पर एसडीओ दोराहा ललित मोहन, अवर अभियंता प्रवीन चौहान आदि मौजूद रहे।

पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट, युवक को किया घायल

बाजपुर। पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्राम कनौरा सकलेनी मस्जिद निवासी शाहरुख (30) पुत्र साकिर हुसैन घर से टहलने के लिए गया था। आरोप है कि गांव के मुख्य चौराहे के नजदीक स्थित फास्ट फूड की दुकान के पास कार से 4 से 5 युवक हथियारों से लेस होकर वहां पहुंच गए और शाहरुख से पैसों के लेन-देन को लेकर बहस करने लगे। आरोपितों नेउसके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। घटना के चलते मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

कार्यालय नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा

पत्रांक : 5038/8-2(2023-2024) दिनांक : 15 फरवरी, 2024

ठेकेदारी रजिस्ट्रेशन सूचना

सर्वसाधारण एवं नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए ठेकेदारी हेतु नवीन पंजीकरण एवं पंजीकृत ठेकेदारों के पंजीकरण का नवीनीकरण दिनांक 16 फरवरी, 2024 से दिनांक 05 मार्च, 2024 तक किये जायेगे। उपरोक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति / फर्म द्वारा नवीन रजिस्ट्रेशन एवं पजीकरण के नवीनीकरण हेतु विस्तृत जानकारी एवं शर्तें कार्यालय नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा से प्राप्त की जा सकती है।

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

काशीपुर में दर्जनों महिलाओं ने ग्रहण की सपा की सदस्यता

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की बैठक के दौरान दर्जनों महिलाएं पार्टी में शामिल हुई। जिन्हें पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष जया ठाकुर ने शपथ दिलाई।

वहीं निशा खान को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। गुरुवार को लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पार्टी के यूथ राष्ट्रीय सचिव अरविंद यादव रहे। कहा कि उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव पूरी मजबूती के साथ गठबंधन की शर्तों के हिसाब से ही लड़ेगी। कहा कि बहुत जल्द ही समाजवादी पार्टी नेत्री डिंपल यादव का उत्तराखंड का दौरा होगा। संचालन कर रही महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें हिना खान, कर्मजीत कोर, सोनी मैसी, सुनीता देवी, राजविंदर कौर, आशा रानी, ममता रानी, वर्षा राजपूत, रूबी, तारा सिंह बिष्ट, मो. जुबेर रहे। वहीं निशा खान को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। यहां प्रदेश सचिव मोहम्मद नाजिम, चेतन यादव, आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

मजदूर पर हमले के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

बाजपुर। मजदूरी करके घर लौट रहे पति पर जानलेवा हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने देर रात पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम हरलालपुर निवासी मंजू ने पुलिस को बताया कि उसका पति भोजराज 13 फरवरी की देर शाम करीब 7 बजे काम करके घर लौट रहा था। आरोप है कि इसी बीच स्कूल के पास गांव के ही केवल, अर्जुन पुत्र तारा चंद्र, रवि पुत्र केवल ने भोजराज को घेरकर ईंट-पत्थर आदि से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें उसके पति के सिर में काफी गंभीर चोटें आई हैं। शोर शराबा होने पर जुटे लोगों ने किसी तरह बचाया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने बुधवार की देर रात नामजद तीनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

सम्मान समारोह | उमाशिसं के प्रांतीय नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

शिक्षकों की समस्याएं हल कराएंगे

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्रा ने कहा कि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों और शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष समेत प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

गुरुवार को स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी आरएस नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता समेत शाखा इकाई द्वारा नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्रा और बीईओ आरएस नेगी, प्रांतीय प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता, जिला मंत्री मनोज शर्मा समेत पदाधिकारियों का फूल मालाओं, स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण, चयन प्रोन्नत वेतनमान में तदर्थ सेवा का लाभ जोड़ने, वंचित मानदेय प्राप्त शिक्षकों को मानदेय की श्रेणी में लाने समेत समस्याओं को नवनियुक्त अध्यक्ष के सामने रखा। प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा ने अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों और शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जाने की बात कही। यहां मेजर मुनीषकांत शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता श्रवण कुमार मिश्रा, बलजीत सुमेरिया, राजेंद्र सिंह, अमित शर्मा, शालिनी शर्मा, महेश चंद्र आर्य, रणधीर सिंह, मनोज सक्सेना, कपिल भारद्वाज आदि रहे।

काशीपुर में स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुए प्रांतीय पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

सड़क हादसे में टैंपो चालक के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर। एक व्यक्ति ने टैंपो चालक के खिलाफ पत्नी को घायल करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। गांव टीला, कुंडा निवासी वीरेंद्र सिंह ने एसएसपी को पत्र लिखकर कहा है कि 18 जनवरी, 2024 को उसकी पत्नी नैना टांडा उज्जैन से अपने घर गांव टीला जा रही थी। केपीसी स्कूल के सामने एक कार के चालक ने टैंपो को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी पत्नी नैना को गंभीर चोटें आईं। उसने घटना की सूचना चौकी बांसफोड़ान पुलिस को दी, लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। इसके बाद उसने एसएसपी को प्रार्थना पत्र भेजा। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण को ढहाया, कोचिंग सेंटर जा रही बीएससी की छात्रा पर किया था धारदार हथियार से हमला

छात्रा पर हमला करने के आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

कार्रवाई

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: छात्रा पर जानलेवा हमले के आरोपी के घर पर प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान टीम ने मकान के अतिक्रमण वाले हिस्से को ढहा दिया। इस कार्यवाही से प्रशासन व पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के अपने इरादे को जता दिया है। जिससे आरोपी कोई भी गलत कदम उठाने से पहले सोचने को मजबूर हो जाए।

बता दें कि तीन दिन पूर्व मोहल्ला खालसा निवासी फरदीन ने कोचिंग सेंटर जा रही बीएससी की छात्रा पर एकतरफा प्यार में पड़कर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। जिससे छात्रा के सिर और हाथ पर गंभीर चोट आई थी। छात्रा को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी फरदीन सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को आठ घंटे में ढेला के पुल के पास से उसके दोस्त रउफ के साथ गिरफ्तार कर लिया था। वहीं दूसरे दिन पुलिस ने उसके भाई आकिब को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

घटना के तीसरे दिन गुरुवार को तहसीलदार पंकज चंदोला के नेतृत्व में कोतवाल मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस व नगर निगम की टीम मोहल्ला खालसा में फरदीन के घर पहुंची। जहां उसके मकान की नापजोख कर सड़क पर हुए अतिक्रमण को प्रशासन की टीम ने जेसीबी की मदद से ढहा दिया। इस दौरान मौके पर लोगों का जमावड़ा लगा रहा। मौके सहायक नगर आयुक्त यशवीर राठी, एसएसआई प्रदीप जोशी, एसआई सुनील सुतेड़ी समेत पुलिस कर्मी व नगर निगम की टीम मौजूद रही।

काशीपुर में आरोपी फरदीन के घर पर अतिक्रमण को ढहाती जेसीबी। ● अमृत विचार

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मौजूद तहसीलदार, सहायक नगर आयुक्त व कोतवाल। ● अमृत विचार

सड़क हादसों में महिला व किशोर घायल

बाजपुर। अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला व किशोर घायल हो गया। उन्हें राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गुरुवार को मंडी गेट के नजदीक मोड़ पर कार की चपेट में आकर बाइक पर सवार किशोर ग्राम नमूना निवासी सचिन पुत्र तेजपाल घायल हो गया। उसे लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं इस घटना के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरते हुए दोनों वाहन चालकों में कहासुनी हो गई। लोगों ने किसी तरह उनमें मामला शांत कराया। वहीं दूसरा हादसा मुड़िया कलां में मजार के पास हुआ है। बताया गया कि फौजी कालोनी निवासी आमना अपनी बेटी के साथ मजार पर आई थी। वापस लौटते वक्त वह ई-रिक्शा से अचानक सड़क पर गिरकर घायल हो गई।

तीन दुकानों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

चोरों ने एक ही रात में तीन दुकानों को खंगाला, लाखों की नगदी व सामान साफ, चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

ग्राम महतोश मोड़ में एक दुकान में चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान।

चोरी के खुलासे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: गुरुवार रात्रि चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपए की नगदी व सामान साफ कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। खुलासे की मांग को लेकर व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया।

गुरुवार प्रातः 5 बजे ग्राम महतोष मोड़ बाजार के मुख्य मार्ग से कुछ लोग ड्यूटी पूरी कर अपने घर वापस जा रहे थे। इस दौरान लोगों ने तीन दुकानों के शटर उठे देख दुकान स्वामियों को फोन पर सूचना दी। सूचना पर महतोश मोड व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष गुरु चांद ढाली ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उनकी दुकान का ताला टूटा हुआ था और चोर उनकी दुकान से 40 साड़ियां, 40 जींस की पेंट, गल्ले में रखी ढाई तोले की दो चेन और 70 हजार रुपए की नगदी ले गए थे। उनकी दुकान से थोड़ी सी दूर साईं टेलीकॉम भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान में रखें लॉकर तोड़कर करीब 1 लाख की नगदी चोरी कर ली थी। इसके अलावा चोरों ने 50 मीटर की दूरी पर कालड़ा मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर दवाइयां और नगदी चोरी कर ली।

दुकान स्वामियों ने इसकी सूचना महतोश चौकी प्रभारी पवन जोशी को दी। सूचना पर पवन जोशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। एक ही रात में तीन दुकानों के ताले टूटने से आक्रोशित व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। व्यापार मंडल के महामंत्री राजू डुमडा ने कहा कि अगर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा नहीं किया तो मार्केट को बंद रखा जाएगा। इस संबंध में जब थाना अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी का कहना था कि घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। जल्द अपराधियों मामले का खुलासा किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष गुरु चांद ढाली मनी मोहन मंडल गोपाल मंडल तप मिस्त्री दयाल शिवधारा सुरेश विश्वास अजय विश्वास नरेश बजाज सुशील पंकज मंडल कुमार विश्वास प्रदीप कुमार प्रशांत पंकज शामिल थे।

घटनास्थल से पुलिस चौकी 500 मीटर की दूरी पर

महतोश मार्केट में जिस जगह चोरों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपए की नगदी और सामान पर हाथ साफ किया वह पुलिस चौकी से मात्र 500 मीटर की दूरी पर है। लोगों का कहना था कि हर साल चोरी की घटना होती है लेकिन खुलासा न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं।

विद्युत विभाग की टीम ने जगतपुरा में मारे छापे

रुद्रपुर। विद्युत चोरी के खिलाफ मुहिम चलाते हुए विद्युत विभाग की टीम ने जगतपुरा इलाके में छापामार कार्रवाई की और मौके पर ही दो उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए तार को सील कर दिया। पुलिस ने उपखंड अधिकारी की तहरीर पर दो उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी अंशुल मदान, अवर अभियंता कुलदीप सिंह और सतर्कता विभाग हल्द्वानी के सहायक अभियंता अमित चंद्र आर्या ने 13 फरवरी को जगतपुरा इलाके में बिजली चोरी के खिलाफ मुहिम चलाई। टीम को देखकर उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान पाया कि अरविंद कुमार निवासी अटरिया मार्ग जगतपुरा द्वारा 0.570 किलोवाट और गोवर्धन कुमार द्वारा 0.516 किलोवाट की विद्युत चोरी की जा रही है। जिस पर टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए तारों को सीज कर दिया। पुलिस ने उपखंड अधिकारी अंशुल मदान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुनार को लगाया एक लाख रुपये का चूना

जांच शुरू

- मिलावटी सोने की चेन दिखाकर खरीदी नई चेन
- ज्वैलर्स को झांसा देने की पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

कैमरे में कैद संदिग्ध महिला व युवती।

अमृत विचार: मुख्य बाजार स्थित ज्वैलर्स की दुकान पर युवती व महिला द्वारा सुनार को झांसा देकर एक लाख रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। बताया कि महिलाओं ने पहले मिलावटी सोने की चेन दिखाकर सुनार से नई सोने की खरीद डाली और जब चेन की गुणवत्ता को परखा गया तो चेन मिलावटी निकली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार स्थित पांच मंदिर के सामने मनोज भल्ला की भल्ला ज्वैलर्स की दुकान है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की दोपहर दो बजे के करीब एक महिला युवती के साथ दुकान पर आयी और पुरानी सोने की चेन दिखाकर उसके स्थान पर दूसरे चेन खरीदने की बात कही। जिस पर दुकान स्वामी ने चेन पर हॉलमार्क व 22 कैरेट अंकित देख वजन के अनुसार चेन की कीमत एक लाख रुपये के आंकी। जिस पर झांसा देने वाली महिला ने 1.04 लाख रुपये कीमत की नई सोने की चेन खरीदी और चार हजार रुपये का भुगतान गूगल पे पर कर दिया।

महिला व युवती के जाने के बाद जब सुनार ने बेची गई चेन की गुणवत्ता को परखा तो पाया कि चेन के ऊपर सोने की परत के साथ ही हॉलमार्क व कैरेट को अंकित किया गया था, जबकि अंदर से 75 फीसदी से अधिक कॉपर पाया गया। जिसे देखकर दुकान स्वामी के हाथ पांव फूल गए और महिला व युवती की खोजबीन की कोशिश की। मगर कोई सुराग नहीं लगा। सूचना मिलने पर बाजार चौकी प्रभारी पंकज मेहर ने घटना की जानकारी ली और आरोपी महिला की तलाश शुरू कर दी। उधर पीड़ित सुनार का कहना था कि मिलावटी चेन होने के कारण उसको एक लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

स्कार्पियो सवार बदमाशों ने कार सवार पर किया हमला

वारदात

- कार से बाहर नहीं निकलने पर क्षतिग्रस्त की कार
- बुधवार रात की है वारदात, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: बिगवाड़ा के रहने वाले कार सवार युवक पर देर रात स्कार्पियो सवार बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया।

बिगवाड़ा गांव निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार की रात साढ़े दस बजे के करीब उसका बेटा गुरप्रीत सिंह अपनी कार से घर लौट रहा था कि जैसे ही कार घर के कुछ नजदीक पहुंची। वैसे ही पीछा कर रहे नवाबगंज यूपी का रहने वाला मुख्य आरोपी युवक स्कार्पियो सवार साथियों के साथ आया और कार को ओवरटेक कर रोकने की कोशिश करने लगा। बदमाशों के इरादों को भांपते हुए बेटे ने कार रोक दी और कार से नीचे नहीं उतरा। हमलावरों ने बेटे को कार से बाहर निकालने की काफी कोशिश की। असफल होने से हमलावरों ने कार पर तलवारों से प्रहार किया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी वायरल होने लगी। पीड़ित के पिता ने बगवाड़ा चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

एसडीएम ने अस्पताल को किया सील

जसपुर। एक निजी अस्पताल में एक युगल के संदिग्ध अवस्था में पकड़े जाने पर एसडीएम ने अस्पताल को सील कर दिया ।

जसपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में एक युवक-युवती के अंदर होने की सूचना मिलने पर बखेड़ा खड़ा हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक सहित तीन लोगों को अपने साथ पुलिस चौकी ले गई। जबकि युवती को पहले ही घर भेज दिया था। वहीं सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने हॉस्पिटल को अवैध बताते हुए सील कर दिया है। घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। एसडीएमौत ने पूरे हॉस्पिटल का मुआयना किया। जहां उन्हें ओटी, दवाइयां आदि सभी सामान मिला। जबकि अभी तक इस हॉस्पिटल का पंजीकरण नहीं हुआ है।

प्रधानाध्यापक पर लगे आरोपों से आहत दिखे ग्रामीण

रिश्वत का मामला

- ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक पर रिश्वत की कार्रवाई में किसी की साजिश होने का लगाया आरोप

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर में विजिलेंस की कार्रवाई के दौरान स्कूल के बाहर खड़े छात्र। ● अमृत विचार

अमृत विचार: विजिलेंस द्वारा राजकीय प्राइमरी विद्यालय बांसखेड़ा कला के प्रधानाध्यापक को रिश्वत के साथ गिरफ्तार करने से गांव के ग्रामीण आहत दिखाई दिए। ग्रामीणों ने कार्रवाई का विरोध तो नहीं किया, लेकिन इसमें किसी की साजिश होने का आरोप जरूर लगाया।

गुरुवार को महुआखेड़ा गंज स्थित एक निजी स्कूल संचालक की शिकायत पर सतर्कता टीम ने दस हजार की रिश्वत लेते प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा और सहायक अध्यापक अंकुर प्रताप को रंगे हाथों दबोच लिया। विजिलेंस टीम के अचानक स्कूल पहुंचने की सूचना पर ग्रामीण स्कूल के बाहर इकट्ठा हो गए। किसी को समझ नहीं आ रहा था कि पूरा मामला क्या है। टीम ने विद्यालय में प्रवेश करने के बाद गेट बंद करा कर सुरक्षा कर्मियों को तैनात कर दिया। इस दौरान किसी को भी न तो अंदर और न ही बाहर जाने दिया गया। घंटों तक टीम ने दोनों आरोपियों से पूछताछ की। इसके अलावा अन्य स्टाफ से भी जानकारी ली। स्कूल के बाहर खड़े ग्रामीणों को जब पता चला कि प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा को रिश्वत लेते पकड़ा गया है तो ग्रामीण इससे आहत दिखाई दिए। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा के आने से पहले स्कूल की छात्र संख्या महज 40 से 50 हुआ करती थी। साथ ही स्कूल भी पूरा खंडहर था। लेकिन करीब सात साल पहले दिनेश शर्मा प्रधानाध्यापक बनकर स्कूल में आए और उसके बाद उन्होंने स्कूल को एक आदर्श स्कूल बना दिया। आज स्कूल में 400 से अधिक छात्र संख्या है।

ग्रामीणों ने कहा कि आज गांव के बच्चे प्राइवेट स्कूल से अपना नाम कटवाकर प्राइमरी स्कूल में दाखिला ले रहे हैं। दिनेश शर्मा की ही मेहनत है जो स्कूल आज इस स्थिति में है। उन्होंने रिश्वत की कार्रवाई को किसी की साजिश बताया। इधर स्कूल के छात्रों ने भी टीम की कार्रवाई को गलत बताया

ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में हाईमास्क लाइट का शुभारंभ करते विधायक अरोरा।

ट्रांजिट कैंप का फुटबॉल मैदान हाईमास्क की रोशनी से जगमगाया

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैंप स्थित फुटबॉल मैदान में विधायक निधि से स्वीकृत हाईमास्क लाइट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। वहीं हाईमास्क की रोशनी में फुटबॉल मैदान जगमग नजर आया। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में लोगों ने पूर्व में विधायक अरोरा को इस समस्या से अवगत कराया था। इसके बाद विधायक ने फुटबॉल मैदान में हाईमास्क लगाने की घोषणा की थी। इसी के तहत उन्होंने आज इसका शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक अरोरान ने कहा कि लाइट की सुविधा होने से शाम के समय भी लोग मैदान में घूमने आ सकेंगे। आने वाले समय में वह विभिन्न वार्डों में सोलर लाइट भी लगायी जाएगी। इसका लाभ आम जनता के साथ ही मैदान में खेलने वाले खिलाड़ियों को भी मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, प्रीत ग्रोवर, शंकर विश्वास, आदेश भरद्वाज, राजेंद्र राठौड़, विधान रॉय, विजय डे व अन्य लोग मौजूद रहे।

निरीक्षण | खेल सचिव ने किया स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण, बोले-रुद्रपुर बनेगा साइकिलिंग का हब

सुविधाओं से लैस होगा वेलोड्रम : सिन्हा

संवाददाता, रुद्रपुर

स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण करते खेल सचिव अमित सिन्हा। ● अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तराखंड को इस वर्ष 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करनी है। इसके लिए प्रशासनिक और विभागीय तैयारियां जोरों पर हैं। मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में बनाए जा रहे वेलोड्रम में तकनीकी खामियों के चलते खेल सचिव अमित सिन्हा ने स्टेडियम में बन रहे वेलोड्रम का निरीक्षण किया। इससे पहले खेल सचिव ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गुरुवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में निरीक्षण के दौरान खेल सचिव अमित सिन्हा ने पहली बार राज्य को राष्ट्रीय खेल की मेजबानी करने का अवसर मिला है। इसके लिए राज्य में इंफ्रास्क्चर तैयार है। खुद के इंफ्रास्क्चर पर खेल आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में साइकिलिंग का हब बनेगा। कारण यहां पूरे कुमाऊं से लोग साइकिलिंग के लिए आएंगे। इसके लिए तैयार किये जा रहे वेलोड्रम की तकनीक में कुछ सुधार कर अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि यह आम बात है की निर्माण पूरा होने तक कई बार डिजाइन में तकनीकी तौर पर परिवर्तन होता है। इसमें कोई परेशानी नहीं है। खेल सचिव ने बनने वाले सिंथेटिक ट्रैक के लिए मैदान का निरीक्षण किया। इसके साथ ही तकनीकी स्टाफ, कोच की नियुक्ति को लेकर भी कवायद शुरू कर दी गई है। प्रयास है कि प्रदेश के खिलाड़ी राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर हर खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त करें। इसके लिए जो भी जरूरी होगा वह किया जाएगा। इस अवसर पर एशियन साइकलिंग फेडरेशन के महासचिव ओमकार सिंह, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डीके सिंह, एसडीएम मनीष बिष्ट, जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध हालात में सड़क पर पड़ा मिला युवक का शव

संवाददाता, रुद्रपुर

सनसनी

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, गाजियाबाद का रहने वाला है मृतक

अमृत विचार: सिडकुल ढाल के पास एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गाजियाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है।

गुरुवार की सुबह सिडकुल चौकी पुलिस को सूचना मिली कि सिडकुल पावर हाउस के समीप एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां लोगों का जमावड़ा लगा हुआ था। पुलिस ने मूर्छित अवस्था में पड़े युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव की तलाशी लेने पर मिले पहचान पत्र के आधार पर युवक का नाम 40 वर्षीय विनय पीटर निवासी गाजियाबाद और हाल निवासी गोल मढैया थाना ट्रांजिट कैंप पाया गया।

बताया जा रहा है कि युवक कंपनी में मजदूरी का काम करता था और पुलिस ने मृतक के परिवार को सूचना दे दी है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एक नजर

जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड को बबनप्रीत चयनित

खटीमा। हेल्पलाइन पब्लिक स्कूल की सातवीं की छात्रा बबनप्रीत कौर का जिला स्तरीय मानक स्कीम इंस्पायर अवार्ड 2023-24 के लिए चयन हुआ है। विद्यालय की प्रशासिका सुनीता अग्रवाल, प्रबंधक प्रवीण अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, प्रधानाचार्य मोहन सिंह आदि ने बबनप्रीत कौर और उसके मार्गदर्शक विज्ञान शिक्षक अमन जैन को भी बधाई दी।

घर के बाहर खड़ी पिकअप चोरों ने उड़ाई

काशीपुर। अज्ञात चोर घर के बाहर खड़ी पिकअप चोरी कर ले गए। पिकअप स्वामी ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। कुमाऊं कॉलोनी कचनालगाजी निवासी मोहम्मद अनीस ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 3 फरवरी की रात उसने अपनी पिकअप संख्या यूके04सीए 7961 को घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह वह स्थान पर नहीं थी। जिसकी काफी खोजबीन भी की। लेकिन उसका कही कुछ पता नहीं चला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पिकअप की तलाश शुरू कर दी है।

अवैध शराब बना रहे आरोपी को दबोचा

काशीपुर। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने मालवा फार्म बहल्ला नदी के किनारे कच्ची शराब बनाते ग्राम रम्पुरा निवासी मंजीत सिंह को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने उसके पास से करीब 60 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी विनोद जोशी, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, कांस्टेबल किशोर फर्त्याल, मुकेश कुमार व कुलदीप शामिल रहे।

20 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

दिनेशपुर। एसएसपी के निर्देश पर क्षेत्र में नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष अनिल जोशी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने जगदीशपुर तिराहे के पास अभियुक्त चरन सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी- बिंदुखेड़ा, कोतवाली-रुद्रपुर के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब खाम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने धारा- 60 आबकारी एक्ट के तहत चरन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस टीम में हेडकां गणेश कुमार बिष्ट व का. गोविंद आर्या थे।

झाड़ू फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों रुपये का माल खाक

बुधवार देर रात बाबू ब्रूम फैक्ट्री में भड़की आग, तीन दमकल वाहनों ने साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

संवाददता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत झाड़ू बनाने वाली एक फैक्ट्री में बीती रात्रि अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री कर्मचारी की सूचना पर फैक्ट्री मालिक सहित तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस तथा अग्निशमन टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग बढ़ती गई। इस पर रुद्रपुर से दो अन्य दमकल वाहन मौके पर बुलाने पड़े। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद दमकल टीम ने आग पर काबू पाया गया। अग्निकांड में 15 लाख रुपए से अधिक का माल खाक होने की संभावना जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 9, निकट चक्रधारी मंदिर निवासी प्रबल प्रताप सिंह पुत्र नरेंद्र प्रताप सिंह की किच्छा बाइपास स्थित काली मंदिर के निकट बाबू ब्रूम के नाम से झाड़ू बनाने की फैक्ट्री है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात्रि करीब 9 बजे फैक्ट्री परिसर स्थित झाड़ू के कच्चे माल के गोदाम में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते पूरे फैक्ट्री परिसर से आग की तेज लपटें निकलने लगी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल, दलबल तथा चीता मोबाइल टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

अग्निशमन दल के प्रभारी मदन सिंह रावत ने फायर ब्रिगेड तथा टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस दौरान टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में टीम ने रुद्रपुर मार्ग स्थित ईंट्रार्क कंपनी से पांच बार दमकल का टैंक पानी से भरकर आग बुझाने का प्रयास किया। आग बेकाबू होने पर रुद्रपुर से चीफ फायर ऑफिसर ईशान कटारिया एवं अग्निशमन अधिकारी गिरीश बिष्ट के नेतृत्व में दो दमकल वाहन तथा फायरमैन व महिला टीम मौके पर पहुंच गई। तीन दमकल वाहनों की मदद से करीब साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री प्रबंधन प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि अग्निकांड में फैक्ट्री परिसर में रखा करीब 15 लाख कीमत का कच्चा पक्का माल जलकर खाक हो गया। गुरुवार सुबह तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लेते हुए फैक्ट्री स्वामी से जानकारी हासिल की।

किच्छा में झाड़ू फैक्ट्री में आग बुझाते फायरमैन एवं महिला कर्मचारी। ● अमृत विचार

किच्छा बाइपास पर फैक्ट्री में आग बुझाता दमकल वाहन। ● अमृत विचार

कबाड़ के गोदाम में आग से हजारों की क्षति

किच्छा। कोतवाली के निकट कबाड़ के गोदाम में बीती देर रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल वाहन की टीम ने आग पर काबू पा लिया। घटना में करीब 50 हजार का माल जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार- गुरुवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे कोतवाली से 200 मीटर की दूरी पर रेलवे स्टेशन के सामने किच्छा निवासी अखलाक अहमद की कबाड़ की दुकान में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में कबाड़ से आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी। घटना की सूचना पर दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में अग्निशमन टीम ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग पर काबू पा लिया। जिसके चलते बड़ा नुकसान होने से बच गया। दुकान स्वामी अखलाक अहमद के अनुसार घटना में करीब 50 हजार रुपए कीमत का माल जल कर खाक हो गया।

रुद्रपुर में आग के बाद जला पड़ा सामान। ● अमृत विचार

सेवानिवृत्त शिक्षक के मकान में अचानक धधकी आग

रुद्रपुर। इंदिरा कॉलोनी के रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक के मकान में अचानक आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में किराए पर रहने वाली युवती का सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया और काफी नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार इंदिरा कॉलोनी के रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक जमुना प्रसाद का मकान है। मकान को शिक्षक ने किराए पर दिया हुआ था। जिसमें सिडकुल की एक कंपनी में काम करने वाली युवती भावना ने भी मकान में किराए का कमरा लिया हुआ था। रोज की तरह युवती गुरुवार को अपनी ड्यूटी पर गई हुई थी। अचानक दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब कमरे से धुआं निकलने लगा। पड़ोसियों ने जब धुंआ निकलते हुए देखा तो इसकी सूचना मकान स्वामी को दी। कमरे का दरवाजा खोला तो आग की लपटे उठने लगी। सूचना मिलने पर दमकल की एक गाड़ी ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया। अग्निकांड से किराएदार युवती के कमरे का सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि कमरे में घरेलू सारा सामान रखा हुआ था। जिससे युवती को काफी आर्थिक क्षति होने का अनुमान है।

विधायक ने योजनाओं का लोकार्पण किया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा विधानसभा अंतर्गत तमाम क्षेत्रों में 30.75 लाख की लागत से छह विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक बेहड़ को फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया तथा निर्माण कार्य कराए जाने पर आभार जताया।

विधायक बेहड़ ने ग्राम फुलसुंगा में 4.94 लाख की लागत से विशाल कश्यप वाली गली में सीसी सड़क, ग्राम फुलसुंगी में 8.50 लाख की लागत से सड़क निर्माण, ग्राम नारायणपुर में मेन रोड से अस्पताल तक 5 लाख की लागत से सड़क निर्माण, ग्राम रामेश्वरपुर में 5 लाख की लागत से बारात घर निर्माण, ग्राम लालपुर में 5 लाख तथा 2.31 लाख की लागत से निर्मित सड़क का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक बेहड़ ने कहा कि उनके द्वारा जन भावनाओं के अनुरूप विधानसभा के प्रत्येक वार्ड एवं ग्रामीण क्षेत्र में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व शासन में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के शिकार रहे क्षेत्र में भी प्राथमिकता के आधार पर जन भावनाओं के अनुरूप विकास कार्य करने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक बेहड़ ने इस दौरान क्षेत्र वासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

मौके पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, सुरेश गौरी, अशोक चुग, शिशुपाल सिंह, रणजीत सिंह, नरेंद्र कामरा, आशीष छाबड़ा, गुरदास कालरा, बाबा संता सिंह, विशाल कश्यप, संजय सिंह, अकील अहमद, नरेश खुराना, प्रशांत मंडल, नवीन सिंह, शिवाजी सिंह, सुदेश प्रताप सिंह, मुन्ना तिवारी, जीवन जोशी, जमुना प्रसाद, गुरचरण सिंह, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़।

मौत की झूठी खबर फैलाने वाले के खिलाफ हो कारवाई

खटीमा। टेढ़ा बरी अंजनिया निवासी हयात सिंह बिष्ट ने सत्रहमील पुलिस को तहरीर सौंपकर उसके मौत की झूठी खबर फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में पीड़ित ने कहा है कि 14 फरवरी की शाम लगभग पांच बजे किसी व्यक्ति ने यह सूचना दी कि हयात सिंह की मौत हो गई है। इस घटना के बाद गांव के तमाम लोग मेरे घर पर इकट्ठा होने लगे जिसमें तमाम महिलाएं भी घर पर पहुंच गईं। यह देख मेरे साथी मोनू ने वीडियो कॉल कर दिखाया तो देखा कि घर पर भीड़ लगी हुई थी। भीड़ लगने का कारण जानने पर पता चला कि घर पर उसके मौत की सूचना दी गई है। यह जानने के बाद वीडियो कॉल पर ही लोगों को मुश्किल से समझा सका कि वह ठीक ठाक है। इसके बाद लोग अपने घरों को चले गए। पीड़ित ने पुलिस से झूठी अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

सार-संक्षेप

खटीमा के राणा प्रताप इंटर कॉलेज बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

आईसा ने जीती सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

खटीमा। राणा प्रताप इंटर कॉलेज में बाल सेवा समिति के तत्वावधान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र पंत की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बाल सेवा समिति के अध्यक्ष पंडित भानु प्रकाश तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया एवं राज्य स्तरीय प्रतिभा परीक्षा में उत्तीर्ण 10 विद्यार्थियों को शील्ड देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 6,7,8 के विद्यार्थियों को क्रमशः आईसा शर्मा को 501, सुमति गुप्ता को 251 और दिव्यांशी शर्मा को 101 रुपये के नगद पुरस्कार सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक गीताराम बंसल, संजय कार्की, हरिश्चंद्र मठपाल, ललित मोहन जोशी, सत्येंद्र सिंह कंडारी, देवी सिंह राजपूत, दीपक चंद्र, सुनीता गंगवार, रश्मि सिंह, रजनी, हेमलता कांडपाल, चंद्रिका छेत्री, आकांक्षा चौहान, महेश जोशी, वीरेन्द्र पोखरिया, कृष्ण कांडपाल, भूपेंद्र बेलाल, अभिषेक पासवान आदि उपस्थित रहे।

महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: हनुमान मंदिर के 16वें स्थापना दिवस पर नगर में भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर में माहौल भक्तिमय हो गया।

गुरुवार को श्री सिद्ध हनुमान मंदिर मलेरिया रोड बाजपुर के 16वें स्थापना दिवस पर नगर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। अनाज मंडी स्थित श्री दुर्गा मंदिर से विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई शोभायात्रा मुख्य मार्ग, रेलवे क्रासिंग से होते हुए श्री सिद्ध हनुमान मंदिर मलेरिया रोड पर पहुंची। कलश यात्रा में मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान नगर में भक्ति की बयार बहने लगी। माता रानी व बजरंगवली के जयकारों से वातावरण गूंजायमान हो गया। इस मौके पर मंदिर समिति के संस्थापक प्रेमकृष्ण द्विवेदी, मंदिर समिति के अध्यक्ष मंदीप सूरी, सुशील द्विवेदी, पियूष बंसल, मुख्य पुजारी अजय शास्त्री, राजेंद्र पांडे, समाजसेविका आभा तिलारा, ममता वेद, लता गोयल, कुसुम सैनी, साधना द्विवेदी, स्वीटी भूषण, यशोदा जोशी, प्रीति, आरती, माया, रूपा देवी, मनसा देवी, लक्ष्मी द्विवेदी, शिव प्यारी पांडे, अनिल सिंह, सरद द्विवेदी, अर्पण मिश्रा, दीपक गुप्ता, दीना नाथ आदि मौजूद थे।

बाजपुर में मंगल कलश शोभायात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

काशीपुर क्षेत्र में 11 साल में बढ़े 1.81 लाख मोटर वाहन

संवाददाता, काशीपुर

वृद्धि

44 प्रतिशत रजिस्टर्ड वाहन खरीदे गये फाइनेंस कंपनियों और बैंक की मदद से

अमृत विचार: क्षेत्र की सड़कों पर पिछले 11 वर्षों में एक लाख 81 हजार 208 मोटर वाहन बढ़ गये हैं। 19 जनवरी 2024 तक रजिस्टर्ड कुल वाहनों में लगभग 44 प्रतिशत 79827 वाहन रजिस्ट्रेशन में फाइनेंस/बैंक का विवरण शमिल है। अकेले वर्ष 2023 में 16772 वाहन और 2022 में 14728 वाहन एआरटीओ काशीपुर कार्यालय में रजिस्टर्ड हुए हैं।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय (एआरटीओ) से कार्यालय प्रारंभ होने से सूचना उपलब्ध कराने की तिथि तक वाहनों के रजिस्ट्रेशन कराने संबंधी सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अशीत कुमार झा ने कार्यालय प्रारंभ होने के वर्ष 2013 से 2023 तक 11 वर्षों के वाहन रजिस्ट्रेशन आंकड़ों के विवरण की प्रतियां उपलब्ध करायी है। नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार काशीपुर जसपुर, बाजपुर तहसील क्षेत्र के वाहनों के रजिस्ट्रेशन करने वाले एआरटीओ कार्यालय के प्रारंभ होने के वर्ष 2013 में कुल 7963 वाहन रजिस्टर्ड हुए, जबकि 2014 में 16578, वर्ष 2015 में 17474, वर्ष 2016 में 18703, वर्ष 2017 में 21914, वर्ष 2018 में 20358, वर्ष 2019 में 18259, कोविड महामारी वर्ष 2020 में 14083, वर्ष 2021 में 14376, वर्ष 2022 में 14728 और वर्ष 2023 में 16772 वाहन रजिस्टर्ड हुये। वाहनों में सर्वाधिक संख्या दुपहिया वाहन मोटर साइकिल/स्कूटर की है। 2013 से 2023 तक रजिस्टर्ड वाहनों में 1 लाख 2 हजार 801 मोटर साइकिल/स्कूटर दर्शाये गये हैं।

कुंडेश्वरी चौकी में खड़ी सीज की रेट्रो साइलेंसर लगी बुलेट। ● अमृत विचार

रेट्रो साइलेंसर लगी चार बुलेट पुलिस ने की सीज

काशीपुर। बुलेट पर मॉडिफाइड और रेट्रो साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिसको लेकर पुलिस ने चार बुलेट चालकों को पकड़ा और उनको सीज कर दिया। बुधवार देर शाम कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने अपने क्षेत्र में रेट्रो साइलेंसर दोपहिया चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने चार बुलेट चालकों को रेट्रो साइलेंसर के साथ पकड़ा। पुलिस ने चारों बुलेट को सीज कर दिया। वहीं अन्य 16 वाहनों का एमबी एक्ट में चालान कर आठ हजार रुपये शुल्क वसूला।

यूकेडी कार्यकर्ताओं को घोषित करें राज्य आंदोलनकारी: पाण्डे

संवादादाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: उत्तराखंड क्रांतिदल के केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह असगोला व जिला अध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे ने गुरुवार को पंतनगर व शांतिपुरी क्षेत्र का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। उक्रांद जिला अध्यक्ष मोहन चंद पांडे ने शांतिपुरी भ्रमण के दौरान भाजपा सरकार पर उक्रांद कार्यकर्ताओं को राज्य आंदोलनकारी चिन्हित नहीं करने पर नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि सरकार ने वास्तविक रूप से जिन कार्यकर्ताओं ने 15 से 20 वर्षों तक लगातार आंदोलन किए उन्हें राज्य आंदोलनकारी चिन्हित नहीं किया गया। जबकि सरकार ने ऐसे कई लोग जो 1994-95 में आरक्षण विरोधी आंदोलन में शामिल थे। उन्हें राज्य आंदोलनकारी चिन्हित किया है। पांडे ने कहा कि दल के वरिष्ठ आंदोलनकारियों द्वारा वास्तविक राज्य आंदोलनकारी रहे जवाहरनगर निवासी दीवान सिंह बिष्ट, शांतिपुरी नंबर एक निवासी मोहन चंद पांडे, शांतिपुरी नंबर दो निवासी नरेश कुमार जोशी, उमेश जोशी, वीरेंद्र सिंह कोरंगा, प्रकाश जोशी, गणेश चंद पांडे, इंदिरा कोरंगा, लक्ष्मी कोरंगा, भूपेश बिष्ट, जीवन नेगी आदि कई लोगों का चिन्हीकरण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीघ्र एक ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया जाएगा।

चेतावनी दी है कि अगर उक्त आंदोलनकारियों को आंदोलनकारी घोषित नहीं किया तो तहसील किच्छा में धरना प्रदर्शन करेंगे।

स्मरण पूर्व सैनिकों ने पांचवीं बरसी पर कैंडल जलाकर शहीदों को किया नमन

पुलवामा के अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने पांचवीं बरसी पर शहीदों को नमन करते हुए कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

चक्कीमोड़ बाजार के मुख्य तिराहे चौक पर गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व कै. धन सिंह कोरंगा व अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर के नेतृत्व में दर्जनों पूर्व सैनिक एकत्रित हुए। पूर्व सैनिकों ने पुलवामा के वीर शहीदों को याद करते हुए नमन किया। पूर्व सैनिकों ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू व रमेश कन्याल ने किया। इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, सूबेदार लाल सिंह नयाल, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा, मीडिया प्रभारी कैलाश पाठक, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, कूल्हा उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, राजेंद्र सिंह मेहरा, दरपान सिंह देऊपा, दान सिंह बड़ती, खुशाल सिंह बोरा, दान सिंह कार्की, मोहित चौहान, राजेंद्र सिंह पानू, भुपाल सिंह कोरंगा, राजेंद्र सिंह मेहरा, महेंद्र सिंह पपोला, कुंदन सिंह खनका, भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, सूबेदार मेजर महिपाल सिंह कोश्यारी रहे।

दिनेशपुर चक्कीमोड़ में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए सैनिकों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व सैनिक।

पूनम मौर्य को मिठाई खिलाकर बधाई देते लोग। ● अमृत विचार

पूनम बनीं पूर्ति निरीक्षक

सुल्तानपुर पट्टी। यूकेपीसीएस परीक्षा में 20वीं रैंक हासिल कर नगर निवासी पूनम मौर्य ने पूर्ति निरीक्षक के पद पर चयनित हुई हैं। गुरुवार को पूनम मोर्य जैसे ही अपने घर पहुंची तो बधाई देने वालों का तांता लग गया। नगर व मोहल्ले वासियों ने फूल माला पहनाकर व ढोल नगाड़ों से पूनम का स्वागत कर बधाई दी। वहीं समाजसेवी राजीव सैनी, मोहम्मद रफ़ी, पवन मोर्य, उदल सिंह मौर्य, कैलाश दिवाकर आदि ने पूनम के घर पहुंच शॉल देकर व मिठाई खिलाकर पूनम मोर्य को बधाई दी। पूनम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

पुनर्गठन करने पर जताया आभार

काशीपुर। एक्स-रे टेक्नीशियन संवर्ग के ढांचे का पुनर्गठन किये जाने पर उत्तराखंड एक्स-रे प्राविधिक संघ ने सीएम और स्वास्थ्य मंत्री का आभार प्रकट किया है। प्रांतीय अध्यक्ष एमसी भट्ट ने बताया कि संगठन वर्ष 2016 से लगातार एक्स-रे टेक्नीशियन संवर्ग के पुनर्गठन के लिए प्रयासरत था। जिसे 14 फरवरी 2024 को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद राज्य में एक्स-रे टेक्नीशियन संवर्ग के कार्मिकों को पदोन्नति का लाभ मिल सकेगा।

एक नजर

खनन व्यवसायी विक्रम का ब्रेन हेमरेज से निधन

टनकपुर : टनकपुर के खनन व्यवसायी व वन विकास निगम के ठेकेदार विक्रम सिंह का ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। नगर के चन्द कॉलोनी निवासी विक्रम सिंह को तीन रोज पूर्व अचानक ब्रेन हेमरेज हुआ परिजन उन्हें हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। बुधवार को उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी व एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। गुरुवार को शारदा नदी किनारे उनके पुत्र बल्लू ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके निधन पर वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, विनोद वर्मा, हर्षवर्धन रावत, अमन ठाकुर, योगेश ज्याल, जीडी खुल्लर, करन सजवान, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष हरीश भट्ट, संजीव आर्य, कपिल पुठिया, देवेन्द्र सिंह, मोहम्मद शाहिद, गिरीश उप्रेती, रवीश गड़कोटी, कमल गुप्ता, वैभव अग्रवाल, महादेव सिंह, चंद्र मोहन आदि लोगों ने दुख व्यक्त किया है।

सोच संस्था और एडम्स कॉलेज के बीच करार

अल्मोड़ा : जिले की सोच संस्था और एडम्स गर्ल्स इंटर कालेज अल्मोड़ा के बीच वर्ष 2024 में चलने वाले वार्षिक प्रोजेक्ट को लेकर एमओयू साइन हुआ है। वर्ष भर चलने वाले इस प्रोजेक्ट का प्रारंभ अप्रैल माह में किया जाएगा। सोच संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष आशीष ने बताया कि उनकी संस्था पिछले काफी समय से खेलों के माध्यम से महिला स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म के प्रति जागरूकता फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट को क्रियान्वित करने में उन्हें अंतराष्ट्रीय संस्था सीएसी का सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कोचेज एक्रोस संस्था दुनिया के सात कॉन्टिनेंट्स में काम करती हैं। पिछले वर्ष सोच संस्था के साथ उन्होंने संयुक्त रूप से कार्य करना शुरू किया था।

मांगों को लेकर उपनल कर्मियों का कार्यबहिष्कार जारी

वेतनवृद्धि, स्थायीकरण व मृतक आश्रित के नाम पर नौकरी की मांग, उपनल कर्मियों के साथ धरने पर बैठे पूर्व विधायक हेमेश

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

अमृत विचार : वेतनवृद्धि समेत सात सूत्रीय मांगों को लेकर उपनल कर्मियों का कार्य बहिष्कार जारी है। टनकपुर के राजकीय महाविद्यालय में पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल भी उपनल कर्मचारियो के साथ उनकी मांगों को लेकर धरने पर बैठे।

वही चम्पावत में कर्मचारियों ने गुरुवार को कलक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर रोष जताया। कहा कि जब तक मांगें नहीं मानी जाती आंदोलन जारी रहेगा। उपनल कर्मचारी संगठन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष संदीप कलखुडिया के नेतृत्व में एकत्रित हुए कर्मचारियों ने कहा कि हाईकोर्ट ने 2018 में कर्मचारियों के हित में आदेश दिया था। जिसे लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने उपनल कर्मचारियों के वेतन में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी, पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कार्मिकों के पद सृजित करने, किसी भी कर्मचारी को सेवा से न हटाने मृतक आश्रित को नौकरी देने, माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत प्रयोगशाला सहायकों को उच्च शिक्षा की तरह कुशल श्रेणी में बदलने, उर्जा विभाग में स्थगित महंगाई भत्ता बहाल करने की मांग दोहराई। इस मौके पर पवन कुमार, मुकेश कुमार, लक्ष्मी दत्त, कमल सिंह माहरा, राकेश बिष्ट, चंचल जोशी, हेम पांडेय, हेम चंद्र खर्कवाल, अंबादत्त तिवारी, भूपेंद्र जोशी, ललित रंसवाल, त्रिलोक सिंह, गोपाल राम आदि मौजूद रहे।

इधर टनकपुर राजकीय महाविद्यालय में उपनल कर्मियों का तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। उन्होंने सात सूत्रीय मांगो को लेकर नारेबाजी की। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। टनकपुर राजकीय महाविद्यालय में उपनल कर्मचारियों के आंदोलन को पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने भी अपना समर्थन दिया। गुरुवार को जोगेंद्र कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मानदेय में बढ़ोतरी करने, सर्वोच्च न्यायालय में विचारधीन एसएलपी वापस लेने, हर वर्ष वेतन में 20% की बढ़ोतरी करने आदि मांगें दोहराई। धरना प्रदूषण करने वालों में दिनेश चन्द, रजत शाही, भारत प्रकाश, पवन रावत, जितेंद्र सिंह, प्रवेश प्रकाश आदि रहे।

टनकपुर महाविद्यालय में उपनल कर्मियों के साथ धरने पर बैठे पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल। ● अमृत विचार

उपेक्षा से बढ़ता जा रहा उपनल कर्मियों में रोष

अल्मोड़ा, अमृत विचार : पिछले कई दिनों से कार्य बहिष्कार पर चल रहे उपनल कर्मचारियों का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। उपनल कर्मचारियों ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया है और कहा है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता। जब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। जरूरत पड़ी तो तो वह अपनी मांगों को मनवाने के लिए उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। अपनी मांगों पर कार्रवाई ना होने से नाराज उपनल कर्मचारी गुरुवार को भी कार्य बहिष्कार कर नगर के गांधी पार्क में एकत्र हुए। यहां उन्होंने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और फिर धरने पर बैठ गए। धरना सभा को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री शेखर भट्ट ने कहा कि चार दिन बीतने के बाद भी सरकार की ओर से उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे स्पष्ट है कि सरकार उपनल कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। कर्मचारी उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करने, उपनल कर्मचारियों के वेतन में 20 प्रतिशत वृद्धि करने, महंगाई भत्ता देने, पांच वर्ष से अधिक समय तक कार्य करने पर पद सृजित करने आदि की मांग कर हैं। लेकिन सरकार मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। संगठन के सदस्यों ने कहा है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती वह आंदोलन में डटे रहेंगे। जरूरत पड़ी तो वह अपनी मांगों के लिए उग्र आंदोलन की रणनीति भी बनाएंगे। धरना सभा में मनीष वर्मा, नंदन गिरी, कुंदन कनवाल, ललित नयाल, राजेंद्र कार्की, पुष्कर सिंह खाती, नवल किशोर, युगल किशोर, लतिशा कनवाल, राजेंद्र सिंह, राजेश साह, हितेश वर्मा, मुन्नी भाकुनी, विक्की मेहरा, निशांत गोस्वामी, सोनाली परिहार आदि मौजूद रहे।

सरयू नदी में पुल निर्माण की मांग

अल्मोड़ा, अमृत विचार: धौलादेवी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख पीतांबर पांडे ने जागेश्वर अंतर्गत खेती जटेश्वर मोटर मार्ग के जटेश्वर के निकट सरयू नदी में मोटर पुल के निर्माण की मांग उठाई है।

लोनिवि के अधीक्षण अभियंता प्रथम वृत्त को दिए ज्ञापन में कहा है कि जागेश्वर से पिथौरागढ़ के गांवों को जोड़ने के लिए सरयू नदी में मोटर पुल एवं अवशेष तीन किमी सड़क विस्तार की स्वीकृति उत्तराखंड शासन द्वारा वर्ष 2015-16 में दी गई थी। जिसमें सर्वेक्षण कार्य भी विभाग द्वारा कर लिया गया था। मोटर मार्ग पर समस्त भूमि नाप भूमि आती है, जिसकी अनापत्ति भी पूर्व में क्षेत्रीय जनता द्वारा दी गई थी। लेकिन अभी तक उक्त कार्य लंबित पड़ा है। कहा कि उक्त पुल के निर्माण से दोनों जनपदों के ग्रामीण क्षेत्र एवं महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल एवं धार्मिक स्थलों के जुड़ने से जनता एवं पर्यटकों को लाभ मिलेगा। ज्ञापन में प्रधान गोपाल दत्त जोशी, वीरेंद्र मलाड़ा, गिरीश जोशी आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

गूल में गंदा पानी डालने से रोष

संवाददाता,टनकपुर

अमृत विचार : नगर से लगे गांव आमबाग में सिंचाई विभाग की गूल में कुछ लोगों द्वारा अपने घरों का गंदा पानी और कचरा डाले जाने से लोगों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में पूर्व सैनिक संगठन ने नाराजगी जताते हुए दोषियों के विरुद्ध कानून कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

हवलदार पद पर तैनात आमबाग के दिनेश चन्द के परिजनों ने एक शिकायती पत्र टनकपुर बनबसा पूर्व सैनिक संगठन को सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि कुछ लोगों द्वारा अपने घरों का गंदा पानी और कचरा सिंचाई गूल में डाला जा रहा है। जिससे उन्हें दिक्कत हो रही है साथ ही क्षेत्र में संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका बनी हुई है। आरोप है कि ग्राम प्रधान व अन्य प्रतिनिधियों द्वारा कई बार इनको गूल में दूषित पानी न फेंकने की हिदायत दी जा चुकी है लेकिन अभी तक वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ पाए हैं।

इधर, टनकपुर बनबसा पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भानी चन्द ने कहा कि यह स्वच्छता अभियान के खिलाफ है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई है। इधर सिंचाई विभाग के एसडीओ आरके यादव ने कहा शीघ्र ही टीम द्वारा मौका मुआयना किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सिंचाई गूल में बह रहा गंदा पानी।

जेएमडी ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

बैरती (अल्मोड़ा): निकटवर्ती तिलपाड़ा (पान) में आयोजित जय मां दूनागिरी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल जेएमडी इलेवन ने जीता। टीम ने सलामी बल्लेबाज दीप की शानदार 132 रनों की बदौलत निर्धारित 16ओवर में 210 रन बनाए। जवाब में जय सियाराम की टीम 104 रन ही बना सकी।

दीप को मैन ऑफ द मैच और हिमांशु को मैन ऑफ द सिरीज़ का पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि प्रदेश विभाग प्रभारी अनिल साही द्वारा विजेता टीम को 15 हजार की धनराशि के साथ विजेता ट्राफी प्रदान की गई।

हथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार: बसंत पंचमी के अवसर पर नरसिंह मैदान में व्यापार मंडल के विरोध के बावजूद हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट हथकरघा प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में हथकरघा, महिला समूह द्वारा तैयार सामग्री सहित विभिन्न स्टॉल व बच्चों के लिए झूले आदि लगाए गए हैं। गौरतलब है कि पूर्व में इस हथकरघा प्रदर्शनी का नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारी द्वारा प्रबल विरोध किया गया था।

उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल को इस आशय का ज्ञापन सौंप कर प्रदर्शनी नहीं लगाने का अनुरोध किया था। इसी बीच आपसी सहमति बनने पर इसका विधिवत शुभारंभ कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रदर्शनी का विरोध करने के बजाय स्थानीय दुकानदारों को अपने स्टाल भी लगाने चाहिए। हथकरघा प्रदर्शनी में भारी संख्या में स्थानीय लोग आकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी का कहना है कि हमने पूर्व में इस हथकरघा प्रदर्शनी का विरोध किया था। लेकिन शर्तों के आधार पर इस पर सहमति बनी। कहा कि नगर क्षेत्र में इस तरह की प्रदर्शनी लगना पर्यटक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है।

नर सिंह ग्राउंड में लगी हथकरघा प्रदर्शनी। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं आशा कार्यकर्ता

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : जिला पंचायत सभागार में आशा सम्मान दिवस मनाया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान आशाओं के कार्यों और उन्हें संपादित करने में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, सीएमओ डा. केके अग्रवाल एवं हिमालयन अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष डा. दिनेश जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आशाएं बखूबी अपना कार्य कर रही हैं। उन्हें हर प्रकार की सुविधा मिलनी चाहिए ताकि वे दुर्गम क्षेत्रों में भी आसानी से कार्य कर सकें। विधायक प्रतिनिधि तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार आशाओं की भलाई के लिए कार्य कर रही है। सीएमओ डा. अग्रवाल ने आशाओं को विभाग की ओर से पूरा सहयोग देने की बात कही। हिमालयन केंद्र के अध्यक्ष दिनेश जोशी ने आशाओं की भूमिका का उल्लेख किया। संगठन की जिलाध्यक्ष सरोज पुनेठा ने आशा वर्करों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए उन्हें और अधिक सुविधा दिलाए जाने की मांग की। इस मौके पर सर्वश्रेष्ठ आशा वर्करों, ब्लाक कोआर्डिनेटर तथा फैसिलेटर को पुरस्कार राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस दौरान तहसीलदार ज्योति धपवाल, जिपं के अधिशासी अधिकारी भगवत पाटनी आदि मौजूद रहे। संस्था के महेश सुतेड़ी ने जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। आशा संगठन की अध्यक्ष सरोज पुनेठा ने सरस्वती वंदना तथा प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। जगदीश जोशी, उत्कर्ष जोशी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया। संचालन राजेंद्र गहतोड़ी ने किया।

कार्यक्रम पर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

संजय बने नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देवभूमि नगर उद्योग व्यापार मंडल की चुनाव प्रक्रिया के चौथे दिन नामांकन वापसी के बाद सभी आठ पदों पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन कर लिया गया है। अध्यक्ष पद पर संजय साह रिक्खू निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। जबकि अन्य सभी पदों पर भी निर्विरोध पदाधिकारियों का चयन कर लिया गया। सभी पदाधिकारियों को अब पच्चीस फरवरी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

देवभूमि नगर उद्योग व्यापार मंडल की अल्मोड़ा इकाई के व्यापार मंडल चुनावों को लेकर गुरुवार को नामांकन वापसी का दिन था। जिसमें अध्यक्ष पद के दावेदार अनिल गुरुरानी, हिमांशु कांडपाल और मो. नौशाद द्वारा अपना नामांकन वापस ले लिया। जिसके बाद एक मात्र दावेदार संजय साह रिक्खू का अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के तीन दावेदारों में से एक प्रमोद कुमार भीमा ने अपना नाम वापस लिया। जिसके बाद चुनाव समिति ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दीपक जोशी और कनिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद सिंह भोज का पर्ची माध्यम से निर्विरोध निर्वाचन कराया। महासचिव पद के दो प्रत्याशियों में से एक रोहित सात ने अपना नाम वापस लिया और दीप चंद्र जोशी निर्वाचित हुए। महिला उपाध्यक्ष पद पर चंद्रा रावत ने अपना नामांकन वापस लिया और मन्नु गुप्ता को निर्विरोध चुन लिया गया। कोषाध्यक्ष पद पर भी हिमांशु बिष्ट द्वारा नाम वापस लेने पर रोहित साह को निर्वाचित हुए। उपसचिव के वरिष्ठ और कनिष्ठ पद पर सिक्का उछालकर निर्वाचन किया गया। जिसमें जयप्रकाश को वरिष्ठ व अमन टकवाल को कनिष्ठ उपसचिव चुन लिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी ने कहा कि देवभूमि नगर व्यापार मंडल के सभी आठ पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होना एक स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उदाहरण है। इस अवसर पर चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। सह निर्वाचन अधिकारी विनीत बिष्ट ने कहा कि 25 फरवरी को दिन में 12 बजे से नंदा देवी परिसर में नवनिर्वाचित नगर व्यापार मंडल पदाधिकारियों का शपथ समारोह आयोजित किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया सह पर्यवेक्षक मनोज सलवाल और राजेंद्र बिष्ट की देखरेख में हुई।

इस मौके पर दीप लाल साह, अनूप गुप्ता, हरेंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, राजेंद्र तिवारी, तरूण धवन, हरीश कनवाल, दिनेश मठपाल, हिमांशु कांडपाल, अक्षित पांडे, आशीष जोशी, दीक्षित जोशी, अर्जुन सिंह बिष्ट, अमरीश कुमार व मनोज पवार आदि मौजूद रहे।

नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

वर्ग पहेली-344

बाएं से दाएं

1. 1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना
4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अंगीठी।
5. 1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।
6. 1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।
7. 1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना : इठलाना, लहराना।
8. पैर।

ऊपर से नीचे

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।
3. 1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़जाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।
4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।
9. 1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।



वर्ग पहेली - 343 का हल

	1 ठ		2 फ		3 चि
	ह		ल		न
4 नि	र	नु	ना	सि	क
	ना		फू		
		5 फ	ल	ही	न
6 नि	खो	ट	ना		
		ना		7 पै	रा

सुडोकू -61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2			5	4		6	7
	5		2					
		9		6				
		2			3		1	6
3	1		8	9		5		
				3		4		
	3				1		2	
7		6		2			3	

सुडोकू - 60 का हल

4	2	7	6	8	1	5	9	3
3	8	1	5	9	2	6	7	4
9	6	5	4	3	7	2	8	1
8	4	3	9	5	6	1	2	7
1	7	6	8	2	4	3	5	9
5	9	2	1	7	3	8	4	6
6	5	8	3	4	9	7	1	2
7	1	9	2	6	5	4	3	8
2	3	4	7	1	8	9	6	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 08 .54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 08 .47 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में उन्नति होगी। जीवनसाथी आपके कार्यों में आपका साथ देगा।

वृष — आज आपके परिजनों में कुछ असंतोष हो सकता है। लोग आपकी बातों का बुरा न मानें इसके लिए आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें। अत्यधिक विचार-विमर्श आपके विचारों को प्रभावित कर सकता है।

मिथुन — आज शाम के समय आपकी कोई समस्या हल हो सकती है। व्यापार में शानदार डील मिलने की संभावना बन रही है। आपका चित्त शांत रहेगा। नए व्यापारिक साझेदार जुड़ सकते हैं। परिवार में सुख-समृद्धि रहेगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

कर्क — आज पैतृक संपत्ति को लेकर मनमुटाव हो सकता है। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत जीवन में न पड़ने दें। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

सिंह — आज नई कंपनी में जॉब या ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रयास करें। अपने काम के प्रति एकाग्र रहें। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों को लेकर अध्ययन करेंगे। कार्यक्षेत्र के माहौल में शांति रहेगी।

कन्या — आज अपनी समस्या को लोगों से शेयर न करें क्योंकि लोग मजाक बना सकते हैं। आपकी बातों को लोग कम महत्व देंगे। गृहस्थ जीवन में तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के व्यवहार से कुपित हो सकते हैं। बेहतर होगा की आप थोड़े सतर्क रहें।

तुला — आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। अचानक धन प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। ऋण कम करने में सफल होंगे। शाम को आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। अपने प्रेमी को खुश करने का भरसक प्रयास करेंगे।

वृश्चिक — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी आपके व्यवहार से काफी प्रसन्न रहेगा। गठिया के रोगियों का दर्द उभर सकता है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। कार्य के प्रति आपके समर्पण की प्रशंसा होगी।

धनु — आज आपकी मेहनत सफल होगी। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। प्रेमी जन आज काफी रोमांटिक मूड में हो सकता है। घर के वातावरण में प्रसन्नता रहेगी। बिना योजना के किसी नए कार्य को शुरू न करें।

मकर — आज मौसमी बीमारियों के कारण संक्रमण हो सकता है। कोर्ट-केस से जुड़े मामलों में कठिनाई आ सकती है। सरकारी नियमों की अवहेलना न करें। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ वाद-विवाद भी हो सकते हैं।

कुंभ — आज नई नौकरी के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। शरीर स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम वगैरह की तरफ रुचि लेंगे। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। आपके व्यवहार में आत्मविश्वास और स्वाभिमान दोनों एक साथ व्यक्त होगा।

मीन — आज धन को लेकर कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति की संभावना है। दांपत्य संबंधों में जटिलता रहेगी। जब तक आपसे पूछा न जाए तब तक अपनी राय व्यक्त करने से बचें। आर्थिक समस्या परेशानी का कारण बन सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
बागी — सुबह : 09 .19
एजेंट विनोद — रात : 07 .58

SONY MAX
तू झूठी मैं मक्कार — सुबह : 10 .22
ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान — रात : 09 .37

SONY PIX
जुमांजी — सुबह : 10 .53
ब्राइटबर्न — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
मशीन — सुबह : 10 .30
भीड़ — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
ग्रेट गैंबलर — दोपहर : 01 .19
शेरशाह — रात : 10 .01

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असूयैक पदं मृत्युरतिवाद : श्रियो वध : ।
अशुश्रूषा त्वरा श्लाघा विद्याया : शत्रवस्त्रय : ॥

गुणों में दोष देखना एकदम मृत्यु के समान है। कठोर बोलना या निंदा करना लक्ष्मी का वध है। सुनने की इच्छा का अभाव या सेवा का अभाव, उतावलापन और आत्मप्रशंसा-ये तीन विद्या के शत्रु हैं ।

संपादकीय

समुद्री सीमा सुरक्षा

बीते महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां गए थे जिसकी तस्वीरें दुनियाभर में प्रसारित हुईं। इसके बाद से मालदीव बौखला गया था और वहां से भारत विरोधी सुर फूटने लगे। वहां के नेताओं ने न सिर्फ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था, बल्कि भारत से अपने देश में तैनात सैनिकों को वापस बुलाने तक को कह दिया था। इसके लिए उसने 15 मार्च तक का समय दिया है। भारतीय सेना मालदीव से कब वापस आती है यह तो भविष्य में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले भारत समुद्र में चौकसी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। मार्च माह की शुरुआत में सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड पर नौसैनिक बेस बनाने जा रही है, साथ ही अगाती आइलैंड और कवरत्ती में भी एयरबेस बनेगा जिससे मालदीव और चीन की हरकतों पर नजर रखने में आसानी होगी। मिनिकॉय में बनने वाले आईएनएस जटायु नौसैनिक बेस से मालदीव की दूरी मात्र 524 किलोमीटर है। इतना ही नहीं भारत अगाती आइलैंड पर मौजूद एयरस्ट्रिप को अपग्रेड करने जा रहा है। ताकि उसका इस्तेमाल फाइटर जेट्स और भारी विमानों के संचालन के लिए किया जा सके। गौरतलब है कि लक्षद्वीप, मिनिकॉय द्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की भौगोलिक स्थिति हिंद महासागर पर नजर रखने के लिए काफी अहम है। इस इलाके में चीन की बढ़ती गतिविधियों और समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने के लिहाज से ये नौसैनिक अड्डा काफी अहम होगा।

लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप नौ डिग्री चैनल पर स्थित हैं, जहां से होकर दक्षिण-पूर्वी एशिया और उत्तरी एशिया के बीच अरबों रुपये का आयात-निर्यात होता है। इस अड्डे से व्यापारिक सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है यदि किसी जहाज को सुंदा और लोंबक की खाड़ी की तरफ जाना है तो उसे दस डिग्री चैनल यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास से गुजरना होगा। ऐसे में दोनों जगहों पर मजबूत सुरक्षा और निगरानी दस्ता होना चाहिए, जो जरूरत पड़ने पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे सके। साथ ही आसपास के इलाके में शांति बनी रहे। लक्षद्वीप में नौसेना बेसकैंप बनने से सुरक्षा में बढ़ोतरी हो सकेगी। हाल ही में सरकार ने अंडमान और निकोबार आइलैंड के कैंपबेल खाड़ी में नई फैसिलिटी बनाई हैं। इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सेना बखूबी कर रही है। पूर्व में अंडमान और पश्चिम में लक्षद्वीप पर मजबूत तैनाती से भारत की समुद्री सीमा सुरक्षित रहेगी। दोनों द्वीप समूहों पर पर्यटन भी बढ़ेगा और लोग यहां घूमते समय सुरक्षित महसूस करेंगे।

कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है बड़े नेताओं का पलायन

सुशील दीक्षित विचित्र
शाहजहांपुर

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई।

अपनी महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी भारत जोड़ पाए यह तो पता नहीं, लेकिन इस दौरान कांग्रेस छोड़कर जाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे हर नेता का एक ही आरोप है कि उनकी उपेक्षा की जा रही थी। पार्टी छोड़ने वालों में कई तो ऐसे नेता हैं जिनकी कांग्रेस में काम करते उमर बीत गई। वे पार्टी के आधार स्तंभों में तो रहे ही संकट के दौर में भी अपनी पूरी जिंदगी पार्टी को सजाने संवारने में लगा दी। आश्चर्यजनक यह है कि पायेदार नेताओं द्वारा एक के बाद एक कर पार्टी छोड़ने से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चिंतित होने की जगह जाने वालों की आलोचना कर रहा है। जबकि इसका पार्टी की साख पर गलत असर पड़ रहा है जिसका खामियाजा पहले भी पार्टी ने जनाधार का एक बड़ा हिस्सा खोकर भुगता है और लगता है वह आगे भी कोई सीख लेने को तैयार नहीं है।

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई। मध्य प्रदेश में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी तब भी उनके प्रभाव को पार्टी ने नकार दिया था, लेकिन पिछले विधानसभा में सिंधिया का ऐसा असर पड़ा कि पार्टी चुनाव हार ही नहीं गई, बल्कि उसका जनाधार और अधिक सिमट गया। ऐसे नेताओं की लंबी सूची है जिन्होंने पार्टी छोड़ी और कांग्रेस को भारी क्षति हुई। इनमें से कई नेता तो ऐसे थे, जो राहुल गांधी के इतना करीबी थे कि राहुल की टीम का हिस्सा माने जाते थे।

राहुल गांधी प्रायः मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करते रहते हैं। दावा कितना सच है इस पर सबकी अपनी अपनी राय हो सकती हैं, लेकिन अभी तक जितने नेताओं ने पार्टी छोड़ी उन सबका एक ही आरोप था कि हाईकमान उनकी उपेक्षा करता है। अभी हाल में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन के आरोप में निकाले गए। पुराने कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि वे एक साल से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहे थे। राजनीति के लिए अपनी पार्टी के नेताओं से मिलते रहना आवश्यक होता है। जरूरत तो कार्यकर्ता तक पहुंच बनाने की भी होती है। कभी 23 जी के नाम से मशहूर रहे कांग्रेस के पुराने नेताओं ने पार्टी को पत्र लिखकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की सलाह दी थी। कांग्रेस की जैसी स्थिति है उन हालातों में यह सलाह बहुत माकूल थी। इसका सकारात्मक जबाब होना चाहिए था अलबत्ता ऐसा हुआ नहीं। इन नेताओं को भाजपा का एजेंट बताया गया और पत्र डस्टबिन में फेंक दिया गया। इसके बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ दी। गुलाम नबी आजाद कश्मीर के बड़े नेता हैं। उनके पार्टी छोड़ने से कश्मीर में कांग्रेस कमजोर हुई।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है, जो लगातार बिखर रहा है।

> पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है, जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है, जो लगातार बिखर रहा है।

जैसी कहानी महाराष्ट्र की है वह कमोबेश पूरे भारत की है। जब भारत जोड़ो यात्रा का पहला आयोजन समाप्त हुआ था, तब भी सवाल उठे थे कि जब पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है तब पार्टी का आला कमान निरर्थक आयोजन में उलझा है। अब भी यही सवाल अपनी जगह अडिग खड़ा है कि जब पार्टी लगातार नेताओं और उन नेताओं से जुड़ा जनाधार खो रही है तब इसे सुलझाने से पहले यात्रा जैसे दीर्घ आयोजन का औचित्य क्या? यात्रा के साथ जुड़े न्याय शब्द को लेकर भी कटाक्ष किए जा रहे हैं कि पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ ही न्याय नहीं कर पा रही है तो वह किसी और को क्या न्याय देगी? जैसी कि खबरें आ रही हैं उनसे लगता है कि यदि पार्टी के नीतिनियंताओं ने अपनी रीति-नीति नहीं बदली तो पार्टी के लिए भारी संकट खड़ा हो सकता है। जिस आइएनडीआइए के दम पर कांग्रेस भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दंभ कर रही है, उसका अभी तक कोई अता-पता नहीं। कई स्थानों पर घटक दलों और कई राज्यों में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इससे और भी लगता है कि आइएनडीआइए बनना बहुत मुश्किल है।

कांग्रेस के नेताओं ने कहा भी है कि वे अपनी दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो पार्टी को लोकसभा क्षेत्रों में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी पार्टी की असल ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस में इसी की भारी कमी है। रही सही कसर जमीन से जुड़े जो थोड़े बहुत नेता पार्टी में बचे भी थे, वे या तो पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं।

राजनीतिक लड़ाई बिना सेना के जो भी लड़ने की कोशिश करेगा उसकी पराजय वक्त की बात होगी। अभी जब अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने बहुत दंभ से कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। यह दंभ इसलिए है कि पार्टी ने किसी को दिया है तो उसने भी तो पार्टी को बहुत कुछ दिया। उसे खड़ा रखने के लिए जड़ों को अपने खून पसीने से सींचा। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि पार्टी ममता बनर्जी की भविष्यवाणी सच सिद्ध नहीं होने देना चाहती तो उसे रोज हो रहे पार्टी के पतन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी में हुई दरारों को भरना होगा और इसमें तभी सफलता मिलेगी जब पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर कठिनाइयां दूर की जाए। अन्यथा यदि यही हालात रहे तो पार्टी का अस्तित्व बचाना असंभव की हद तक मुश्किल हो सकता है।

प्रसंगवश

क्या मंदिर की काट है किसान आंदोलन

> सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है।

विगत काफी समय से अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मीडिया में सुर्खियां पाती रही है। लंबे समय तक ऐसी प्रतीति कराई गई जैसे देश दुनिया में अब और कोई बड़ी खबर है ही नहीं तथा देश की सारी समस्याएं इस धर्म आयोजन से ही हल हो गईं हैं। एक-एक छोटी मोटी चीज की ब्रेकिंग और हेडिंग लगाए गई। एक बड़ी अगरबत्ती के ट्रॉसपोर्टेशन तक ने सुर्खियां लूटीं। शासन और प्रशासन ने जोर लगाकर देश दूसरी दिवाली मनवा दी तथा आम आदमी व नई पीढ़ी को यह आभास कराया गया कि राम अब आए हैं और मोदी द्वारा लाए गए हैं, पहले नहीं थे।

लोकसभा चुनाव सर पर हैं और शायद इन्हीं के लिए बढ़त हासिल करने हेतु ये टाइमिंग चुनी गई थी। अब राम के मुद्दे पर विपक्ष की गति सांप छछूंदर जैसी हो गई। खुला विरोध कर नहीं सकते और समर्थन में स्पष्ट राजनीतिक नुकसान! वोट उन्हें भी चाहिए। ऐसे में पुराने ठंडे पड़ चुके किसान आंदोलन को ही जागृत कर गुल-गपाड़ा मचाना इन लोगों ने श्रेयस्कर समझा, क्योंकि इससे एक बार उन्हें सफलता भी मिल चुकी है, जब केंद्र सरकार को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था और तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। गांव की कहावत है "जानों गुइयां फूस बराबर", यानी इस दांव से सत्तारूढ़ दल झुक जाएगा और मीडिया का रुख मंदिर से हटकर कथित किसान भीड़ और भारी जन असुविधा की ओर चला जाएगा। यही हुआ। तीर निशाने पर बैठ रहा है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यदि सरकारी सख्ती से यह भीड़ दिल्ली नहीं भी पहुंच पाएगी तो बाहर से दिल्ली घिरी रहेगी और सामान्य यातायात लंबे समय तक बाधित रहेगा। असामाजिक तत्व फायदा उठाएंगे ही और बुरी घटनाएं होंगी। सरकार की छवि धूमिल होगी तथा मंदिर प्रकरण से सत्ता पक्ष को मिले अंकों में घटोत्तरी होगी। विपक्ष को बढ़त हासिल होगी। वे रामभक्तों को वोट बैंक बनाने के जुगाड़ में थे, ये किसानों को। यद्यपि इन वर्गों के बीच कोई स्पष्ट विभाजक रेखा नहीं है। रामभक्तों में किसान भी हैं और किसानों में भक्त भी। दरअसल अतिशय चतुराई में कभी-कभी दांव उल्टा पड़ जाता है। या अपना ही अस्त्र बूमरेंग हो जाता है। कृषि कानूनों का वापस लिया जाना भी तुष्टीकरण ही था। यह कोई समाधान नहीं था। कानून गलत नहीं थे। फौरी इलाज कर दिया गया था और कहा गया था कि सभी मागें मान ली हैं। वे पूरी करना दुष्कर था और रहेगा। इधर 'भारत रत्न' सम्मान एमएस स्वामीनाथन को देकर भाजपा ने तामिलनाडु में पैर पसारने की कोशिश तो की ही, देश के किसान संवर्ग का दिल जीतने का भी प्रयास किया गया। अब दिल का सौदा थोड़ा कठिन तो होता ही है। एक व्यक्ति को बड़ा सम्मान देकर करोड़ों वोट झोली में आने की सोचना बुद्धि परक नहीं कहा जा सकता।

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है। सभी राजनीतिक दलों के लिए अभीष्ट तो यह है कि वोटों के लिए सस्ते हथकंडे न अपनाएं। ठोस जनसेवा में ही रुचि लें तो राष्ट्र और समाज का भला होगा।

दोनों पक्षों की बातचीत से निकलेगा विकल्प

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

आंदोलित किसानों की आक्रोशित हरकतें और सुरक्षाकर्मियों का अपराधियों भांति बलपूर्वक जोर-जुल्म वाली तस्वीरें दिल को झकझोरती हैं। सोचने पर मजबूर करती हैं कि ये दृश्य आजाद भारत के हैं। क्योंकि ऐसे मूवमेंट अधिकांश अंग्रेजों को खदेड़ने के दौरान हमारे क्रांतकारी सुरक्षाकर्मी करते थे। प्रर्दशनकारी अन्नदाताओं को रोकने के लिए हजारों सुरक्षाकर्मियों ने जिस तरह से मोर्चा संभाला हुआ है।

सड़कों पर सीमेंट के बड़े-बड़े पत्थर, बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले लोहे के मोटे-मोटे राड गाड़े हुए हैं, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है। जैसे मानो पाकिस्तान या चीन से आतंकी बॉर्डर पार करके दिल्ली में दाखिल हो रहे हों और उन्हें रोकने के लिए देश की तमाम सुरक्षा एजेंसियों के हजारों जवान लगे हों? दुख होता है ये सब देखकर। वो भी ऐसे वक्त में जब हमारी तरक्की का डंका समूचे संसार में बजता हो? अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान पर पहुंचने वाले हों? प्रत्येक क्षेत्रों में देश अभूतपूर्व विकास कर रहा हो, विदेशी ताकतें हमारी शक्ति को देखकर नतमस्तक हो रही हों? इन सबके बावजूद देश का अन्नदाता आंसू गैस के गोले खाने पर मजबूर है? तो थोड़ा शक होता है।

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिल्ली के बाहर से आने वाले गंभीर मरीज राजधानी के अस्पतालों में नहीं पहुंच पा रहे? क्योंकि दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी मार्ग बंद हैं। मंगलवार को कई मरीजों ने उचित इलाज नहीं मिलने पर बॉर्डरों पर ही दम तोड़ दिया। ये ऐसी अमानवीय आपातकाल की स्थिति जिससे हमें बिना देर किए तौबा करना होगा। अन्नदाताओं पर आतंकियों जैसा जोर-जुल्म करने के बजाय, उनके साथ सार्वजनिक रूप से खुशनुमा माहौल में केंद्र सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों को बात करनी चाहिए। आंदोलन की रूपरेखा से पूर्व केंद्र के दो मंत्री पीयूष गोयल और अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों से बात जरूर की थी, पर उनसे बात नहीं बनीं? बातचीत को बीच में छोड़ना नहीं चाहिए, क्योंकि प्रर्दशनकारी किसान चाहते हैं उनसे प्रधानमंत्री या गृहमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति मंत्रणा करे। अगर प्रधानमंत्री विदेशी दौरे पर हैं, तो ऐसे में गृहमंत्री को मोर्चा संभालना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे मंगलवार को उन्होंने एनएसए चीफ और दिल्ली पुलिस आयुक्त से करीब तीन घंटे आंदोलन की स्थिति को लेकर मत्रणा की। ऐसा ही उन्हें प्रदर्शनकारी किसानों के लिए भी समय निकालना चाहिए, किसान निश्चित रूप से गृह मंत्री की बात मानेंगे।

13 फरवरी यानी मंगलवार को आंदोलित किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जब तनातनी बढ़ी तो दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों के हालात बेकाबू जैसे थे। किसान दिल्ली पहुंचने की जिद पर अड़े हैं। हालात इतने नाजुक हुए जिसे देखकर गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और दिल्ली पुलिस कमीश्नर संजय अरोड़ा को अपने कार्यालय में तलब किया। दोनों के साथ उन्होंने लंबी गुफ्तगू की। बातचीत खत्म हुई तो आंदोलित किसानों पर कड़ाई से पेश आने के निर्देश सुरक्षाकर्मियों को दिए गए। गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डर, टिगरी बॉर्डर व करनाल जीटी रोड पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर टूट ही पड़े? आंसू गैसे के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक खदेड़ा गया। जिद्दी किसान फिर भी नहीं माने? उसके बाद तो सुरक्षाकर्मियों के साथ किसानों की जमकर झपटें भी होती रहीं। दरअसल ऐसे आदेश गृह मंत्रालय को देने की आवश्यक कतई नहीं थी? अगर थोड़ा नरमाई दिखाकर एक बार उनसे उनकी बातें सुन लेते, तो हो सकता था कोई हल निकल आता। इससे हुकूमतों का अपनी जनता से बात करने में रूतबा कम नहीं होता, बल्कि प्रदर्शनकारियों की नजरों में और इज्जत बढ़ती है।

ऐसा हठधर्मी रवैया दोनों पक्षों नहीं अपनाना चाहिए, इससे नुकसान आमजनों का ही होता है। प्रदर्शनकारियों को मनाने के बजाय उन्हें अरेस्ट करके अस्थाई जेल में डालने की भी प्लानिंग गृह मंत्रालय ने कर ली है। इसके लिए दिल्ली के बवाना स्टेडियम को चुना है। किसान आंदोलन के बहाने विपक्षी पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है। विपक्ष के नेताओं के बयानों के बाद तो किसान आंदोलन में राजनीति का और जबरदस्त तड़का लग गया, लेकिन हमारी सियासत का दुर्भाग्य यही है, समस्या का समाधान खोजने के बजाय सभी अपनी राजनीति चमकाने में मशगूल हैं।

सोशल फोरम

हरि के सामने हर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए विपक्षी एकता तथा पीडीए को आधार बनाया है। ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, विपक्षी एकता का हसीन ख्वाब ध्वस्त होता नजर आ रहा है। नीतीश कुमार के बाद उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी का पाला बदलना, प्रदेश में विपक्षी एकता को बड़ा धक्का है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में जयंत चौधरी का प्रभाव है और उनके साथ छोड़ने से पश्चिम में सपा और कमजोर हुई है। सपा तथा कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर खटास है। सपा कांग्रेस को मात्र 11 सीट देने की बात कहकर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करती जा रही है, जबकि राहुल गांधी पदयात्रा में ही व्यस्त हैं और सपा से कांग्रेस के लिए अधिक सीट की अपेक्षा कर रहें हैं। सपा पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) को अपना वोट बैंक बताकर 90 प्रतिशत मतदाताओं को साधने का सपना देख रही है। अभी उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की तीन सीट पर अपने तीन प्रत्याशी- जया बच्चन, रामजीलाल सुमन तथा आलोक रंजन, का नामांकन कराया है जिसमें से मात्र सुमन दलित हैं शेष दोनों सवर्ण हैं। जया ने पांचवीं बार राज्य सभा का पर्चा भरा है व सुमन चार बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। आलोक रंजन अखिलेश यादव सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। गरीबों की चिंता करने वाली सपा ने किसी गरीब को प्रत्याशी बनाने की जहमत नहीं उठाई जब कि इस चुनाव में चुनाव प्रचार में एक भी पैसा खर्च नहीं होता और माननीय विधायक गण ही पार्टी के निर्देश पर मतदान करते हैं। सपा मुख्यालय लखनऊ में कल "शालिग्राम भगवान शिला" की पूजा की गई। इसे इटावा के लायन सफारी के पास बन रहे केदारेश्वर महादेव के मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संभवतः अयोध्या के रामलला की टक्कर में महादेव जी को तैयार किया जा रहा है। त्रेतायुग में महादेव भक्त रावण ने राम से टकराने का साहस किया था, परिणाम से सभी परिचित हैं। कभी भाजपा ने मंडल की काट कमंडल से की थी। आज देव से दानव नहीं, हरि के सामने हर को अखाड़े में उतारने की तैयारी हो रही है।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

-फेसबुक वॉस से

पार्टी और समाज में आवश्यक है विमर्श

पिछले दिनों मैंने देश के प्रसिद्ध चुनावी विशेषज्ञ/रणनीतिकार प्रशांत किशोर को सुना। लगा यही बात तो मैं सोच रहा था, कई बार लिखा भी कि चुनाव में हार जीत पार्टी की नहीं होती, वोटर की होती है। जब वह अपने लिए, अपने बच्चों के लिए, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए वोट नहीं करता वरन वोट करता है जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, पैसे के नाम पर, प्रचार के नाम पर, तो वह पराजित होता है, पार्टियां नहीं।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बिहार और यूपी देश में सबसे पिछड़े राज्य हैं। दक्षिण की तुलना में पूरा उत्तर भारत ही पिछड़ा है जहां चुनाव में जाति और धर्म सबसे प्रभावी मुद्दे हैं। हम अपनी कई पीढ़ियों का भविष्य खराब कर देते हैं और कभी तो देश को गुलाम बना देते है। आपसी कलह और अवैज्ञानिक सोच को मैं देश की गुलामी का प्रमुख कारण मानता हूं। प्रशांत किशोर आजकल पिछले करीब डेढ़ साल से बिहार की पद यात्रा कर रहे हैं। गांव-गांव जा रहे हैं और आगे अभी पूरा बिहार घूमने में उन्हें साल भर से ज्यादा का समय और लगेगा। वह दो काम कर रहे हैं, एक लोगों को जागृत कर रहे हैं और दूसरा एक ढांचा बना रहे है जिस पर वह आगे अपनी पार्टी खड़ी करेंगे। मैंने तमाम लोगों को स्व. कल्याण सिंह जैसे धुरंधर राजनेता को भी, अपनी पार्टी खड़ी करते देखा पर उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी, क्योंकि उनका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। भाजपा की आजकल जीत के पीछे एक प्रमुख कारण उनकी पार्टी का ढांचा भी है और कांग्रेस की हार के पीछे ऐसे ढांचे का अभाव भी है। कांग्रेस ने खुद ही ढांचा ध्वस्त किया। गांधी की कांग्रेस में ज्यादातर अध्यक्ष एक वर्ष के लिए होते थे, अपवाद स्वरूप ही दूसरा वर्ष। वर्ष 1939 में दूसरे कार्यकाल के लिए जब सुभाष बाबू ने जिद की तो गांधी के कैंडिडेट से उनका चुनाव हुआ, वह जीते पर पार्टी चला नहीं पाए, उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यहां तो सोनिया जी अध्यक्ष बनी तो छोड़ने का ही नाम नहीं लिया। कांग्रेस में पूरी की पूरी पीढ़ी खत्म हो गई, पर अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की भी दो कमजोरी समझ में आती हैं। एक तो संगठन का अभाव और दूसरा उनका अधिनायकवादी होना। अधिनायक जब तक सही सोचता है तब तक तो ठीक है, पर ऐसी पार्टी लंबी दौड़ नहीं जीत सकती। उन्होंने दिल्ली में दो सबसे महत्वपूर्ण विषय स्वास्थ और शिक्षा पर काफी ध्यान दिया तो वहां चुनाव जीत रहे हैं, पर पार्टी में विभिन्न तरह की विरोधी आवाजों के अभाव में आगे सही निर्णय लेने और प्रभावी संगठन न होने से उन्हें भविष्य में समस्या आनी निश्चित है। हर पार्टी में, हर समाज में खुले विमर्श आवश्यक हैं अन्यथा उसकी नीर-क्षीर विवेकी बुद्धि मर जाएगी और पार्टी/ समाज व्यक्ति-पूजक बनकर जड़ हो जाएगा।

प्रशांत किशोर ने जिस तरह अमरेन्द्र सिंह की कांग्रेस को पंजाब में और जगन रेड्डी को आंध्र में और भारी बहुमत से जितवाया था, वह कमाल का मानता हूं मैं। अब उन्होंने किसी के सलाह देने, जितवाने के धंधे से अपने को उन्होंने अलग कर लिया है और आजकल बिहार में सुराज यात्रा कर रहे हैं, जन जागृति यात्रा कर रहे है। अभी उन्होंने पार्टी नहीं बनाई अभी संगठन बना रहे हैं, अभी लोगों को जाति, धर्म के बजाय अपने लिए, आने वाली पीढ़ी के लिए वोट करने हेतु उनको जागृति कर रहे हैं। उनका कहना है पार्टी भी लोग ही बनाएंगे। मैं समझता हूं कि वह सही राह पर हैं और उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। एक दिन वह जल्दी ही बिहार में राज करेंगे और उसके बाद हो सकता है वह देश को जगाए, कम से कम उत्तर भारत को जगाए।

कुलकामधेनु : श्रीविद्या

अपने पिताजी के साथ मुझे यह सौभाग्य मिला कि मुझे देश के अनेक श्रीविद्या उपासकों के दर्शन प्राप्त हुए। मुजफ्फरनगर के पास गंगातट पर शुकताल नामक स्थान है। यहां शुकदेवजी ने परीक्षित को भागवत सुनाई थी। यहां दंडी वाला आश्रम है। सन् 1970 के आसपास यहां एक मेधावी, तपस्वी रहते थे, प्रभासभिक्षुजी। बड़े अनासक्त संन्यासी और विद्वान थे। स्वामी करपात्रीजी भी उनसे आदरपूर्वक शास्त्र-चर्चा करते थे। वे पूर्वाश्रम में प्रभासतीर्थ के पुरोहित थे। उनका मन तो उपासना में लग चुका था, किंतु चिंता थी कि गृहस्थ का काम कैसे चलेगा? उन्होंने एक प्रयोग किया, वे सात दिन तो उपासना में लगे रहते, एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु आश्चर्य यह होता कि उन्हें एक ही दिन में सात दिन के बराबर दक्षिणा मिल जाती। अब इन्होंने इस प्रयोग को पहले मासिक, फिर त्रैमासिक, फिर छह मास में एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु वहां इतना मिल जाता कि उससे गृहस्थ का काम चल जाता। उस समय का उनके द्वारा रचित एक पद्य है- याचे न कंचन न कंचन वंचयामि, सेवे न कंचन निरस्त समस्त दैन्यः। श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्रीं, देवी हृदिस्फुरति मे कुलकामधेनुः।। अर्थात् यह कैसा रहस्य है कि न तो मैं किसी से याचना करता हूं, न किसी को ठगता हूं और न ही किसी की सेवा करता हूं, किंतु मेरा दैन्य निरस्त हो चुका है। मेरे पास किसी वस्तु का अभाव ही नहीं है, पहनने को शोभायुक्त वस्त्र हैं। भोजन को सरस-मधुर व्यंजन हैं, अन्नपूर्णा जैसी पत्नी है निश्चित ही इसका रहस्य वह कुलकामधेनु भगवती ही हैं, जो मेरे हृदय में स्फुरण कर रही हैं। उनको दृढ़विश्वास हो चुका था कि मेरी चिंता व्यर्थ थी। गृहस्थ का पालन करने वाली तो जगदंबा है, उन्होंने घर छोड़ दिया। गंगा के आंचल में आ गए और उपासना में आनंदमग्न रहने लगे।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक नजर

बिजली चोरी के आरोप में ग्रामीण पर मुकदमा

अल्मोड़ा : जिले के सल्ट विकास खंड में बिजली विभाग ने एक ग्रामीण को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा है। विभाग के अधिकारियों की तहरीर पर ग्रामीण के खिलाफ सल्ट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। विद्युत वितरण उपखंड शशीखाल के तसनीफ अहमद द्वारा पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उन्होंने क्षेत्र में टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम कलसीर, मौलेखाल निवासी मंगल सिंह अपने कनेक्शन से बेटे के घर में चोरी से बिजली सप्लाई करता पकड़ा गया। ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने बिजली चोरी में प्रयुक्त उपकरण जब्त कर लिए हैं ।

चंदन बने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

अल्मोड़ा : भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष की घोषणा हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति से सल्ला कालीखान गांव निवासी चंदन लाल टम्टा को अनुसूचित जाति मोर्चा का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। टम्टा को यह दायित्व मिलने पर अनुसूचित मोर्चे समेत पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी के लक्ष्य को पाने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे।

नियमों का उल्लघंन किया तो केबल ऑपरेटर्स पर कार्रवाई

अल्मोड़ा : जिलाधिकारी विनीत तोमर ने कहा है कि जिले में केबल नेटवर्क चलाने वाले सभी संचालकों को सूचना मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए सभी नियमों का अनुपालन करना होगा। नियमों की अनदेखी पर संबंधित केबल ऑपरेटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियो को निर्देश दिये कि इन दिशा निर्देशों का अनुपालन अपने अपने क्षेत्रों में समस्त केबल आपरेटर्स से करवाना सुनिश्चित करेंगे तथा केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 1994 के प्राविधानों का उल्लघंन एवं केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम 1995 के तहत निर्धारित प्रोग्राम कोड में जारी निर्देशों के उल्लघंन पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

जिले में पोलियो ड्राप से वंचित न रहे कोई भी बच्चा

टास्क फोर्स की बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, कार्यक्रम से पूर्व सभी तैयारियां कर लें सुनिश्चित

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारी किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर ना छोड़ें। इस बात का पूरा पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए कि जिले में कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित ना रह जाए। इसके लिए अधिकारी कार्यक्रम से पूर्व सभी तैयारियां करना सुनिश्चित कर लें।

यह बात कलक्ट्रेट में आयोजित पल्स पोलियो टास्क फोर्स एवं पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक में जिलाधकारी विनीत तोमर ने कही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरसी पंत को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि इस कार्य को सफल बनाने हेतु कार्ययोजना समय से बना ली जाए। बूथ पर कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं सुपरवाईजरों को समय से प्रशिक्षण दे दिया जाए। ताकि बाद में किसी प्रकार की कोई परेशानी सामने ना आ सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने कोल्ड चैन उपकरणों की उपलब्धता व आवश्यकता के संबंध में भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी विनीत तोमर। ● अमृत विचार

सीएमओ पंत ने बताया कि जनपद में 0 से 05 वर्ष तक के 49,280 बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए जिले के विभिन्न ब्लाकों के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पल्स पोलियो के लिये 653 बूथ बनाए गए है। हाई रिस्क बूथों की संख्या 40, ट्रांजिट बूथ 20 एवं 07 मोबाईल बूथों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि ग्रामीण बूथों की संख्या 615 व शहरी बूथों की संख्या 38 है। साथ ही जो बच्चे तीन मार्च को पोलियो ड्राप से वंचित रह जाएंगे । उन बच्चों को घर घर जाकर चार और पांच मार्च को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इन सभी पोलियों बूथों में स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों को इस कार्य में लगाया गया है। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. दीपंकर डेनियल, डा. योगेश पुरोहित, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीतांबर प्रसाद सहित बूथों में तैनात स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

तीन मार्च को खुले रहेंगे स्कूल

अल्मोड़ा : जिलाधिकारी ने कहा है कि जिले में जिन स्कूलों में पोलियो बूथ बनाए गए हैं। वह तीन मार्च को खुले रहेंगे। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वह सभी बूथों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त कर लें और संबंधित को इस बारे से ससमय जानकारी देने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें। डीएम ने कहा है कि इस कार्य में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समय पर पूरी हो निर्वाचन कार्यों की तैयारी : डीएम

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्यों की सभी तैयारियों को समयबद्ध पूर्ण करने को कहा। साथ ही कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु समय सारणी बनाते हुए प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

डीएम ने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में पूर्व के चुनाव में नकदी, शराब बरामद हुई तथा अन्य गतिविधियां पाई गईं है, ऐसी जगह पर विशेष ध्यान दें। जनपद की सीमा चैकपोस्ट पर सतर्कता से कार्य करते हुए चैकिंग कार्य प्रभावी रूप से करें। ताकि किसी प्रकार के मादक पदार्थ एवं अन्य अवांछित वस्तुओं का परिवहन न हो सके। इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड के निर्देश पर समस्त उप जिलाधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों को कलैण्डरवार गतिविधि आयोजित करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/नोडल अधिकारी कार्मिक रामजीशरण शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, संभागीय परिहन अधिकारी शैलेश तिवारी, सहायक निदेशक सूचना बीसी नेगी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास जितेन्द्र कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पीसी त्रिपाठी उपस्थित रहे।

कार छोड़कर भागा गांजा तस्कर दबोचा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के स्याल्दे विकास खंड से कार छोड़कर फरार गांजा तस्कर को पुलिस ने दबोच लिया है। संदिग्ध प्रतीत हो रही एक कार को पुलिस ने रोका तो कार चालक मौके से फरार हो गया था। आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस लगातार जगह जगह दबिश दे रही थी। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को कामयाबी मिल गई है।

बीती रात्रि चेकिंग के दौरान थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम को पत्थरखोला नदी पर बने पुल के पास बबलिया गांव की तरफ से एक कार आती हुई दिखाई दी। कार के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोकने का प्रयास किया गया तो वह कार छोड़कर बबलिया कस्बे की ओर भाग गया। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में कार संख्या डीएल-3-सीएजैड-8943 की चेकिंग की गई तो उसमें चार कट्टों में 69.656 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पकड़े गए गांजे की कीमत दस लाख, 44 हजार, 840 रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को सीज कर अज्ञात के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। देघाट पुलिस की गठित टीम ने क्षेत्र के घटगाड़, देघाट, पालपुर, पत्थरखोला, बबलिया, महरगांव, उदयपुर, भाकुड़ा समेत अनेक स्थानों पर दबिश दी। सुरागरसी के दौरान पुलिस ने फरार आरोपी अयूब खान (27) पुत्र नाजर अली, निवासी किदवई नगर, जिला गाजियाबाद, यूपी को हरलाल वर्मा इंटर कालेज भाकुड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

सल्ट पुलिस ने भी फरार आरोपी पकड़ा

अल्मोड़ा, अमृत विचार : मादक पदार्थों की तस्करी के रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सल्ट पुलिस ने भी एक फरार गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। सल्ट के उप निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बीते दिनों पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 40 .600 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। जिसमें एक अभियुक्त हरीश चंद्र नेगी उर्फ छेत्रपाल को गिरफ्तार किया गया था तथा दूसरा अभियुक्त रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने ठोस सुरागरसी कर गुरुवार को फरार अभियुक्त रवींद्र सिंह रावत उर्फ रवि धौनी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

फर्जी नियुक्ति पत्र मामले में रिपोर्ट दर्ज

देहरादून, अमृत विचार : फर्जी नियुक्ति पत्र मामले में डीएम के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है।

जानकारी के मुताबिक रायपुर निवासी जगदीश सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कहा था कि उनकी पुत्री शिवानी मूयाल को नौकरी दिलाने के एवज में अवनीत भट्ट नामक व्यक्ति ने फर्जी पहचान दिखाकर डीएम देहरादून के फर्जी हस्ताक्षर वाला पत्र देकर डीएम कार्यालय में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर फर्जी नियुक्ति पत्र दिया है। उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए डीएम सोनिका ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए। जिसके क्रम में सम्बन्धित व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु कार्यवाही की गई।

एसटीएफ ने दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

संवाददाता, देहरादून/रुद्रपुर

अमृत विचार : पिछले एक साल से दुष्कर्म के फरार चल रहे आरोपी को देहरादून की एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि आरोपी पर वर्ष 2023 में गदरपुर थाने में महिला से मारपीट करने और दुष्कर्म करने का मुकदमा पंजीकृत था। लंबे समय से फरार होने के कारण आरोपी पर इनाम घोषित होने के साथ ही मामला एसटीएफ को चला गया था।

बताते चलें कि वर्ष 2023 में कथुलिया नानकमत्ता निवासी गुरतेज सिंह के खिलाफ महिला ने मारपीट करने और बलात्कार करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर गदरपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इस पर पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित कर दिया। मामले की समीक्षा करते हुए डीजीपी अभिनव कुमार ने अधीनस्थों को फरार चल रहे वांछितों की धरपकड़ करने और दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी का मामला देहरादून एसटीएफ को सौंप दिया था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने गिरफ्तारी की कमान एसटीएफ प्रभारी अब्दुल कलाम और विद्या दत्त जोशी को सौंपी। बुधवार को मिली सूचना के आधार पर देहरादून एसटीएफ ने 25 हजार के इनामी व दुष्कर्म के आरोपी को सहारनपुर में गिरफ्तार कर लिया और गिरफ्तारी की सूचना गदरपुर पुलिस को दी। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि पूछताछ में आरोपी गुरमेज ने बताया कि वर्ष 2020 में वह महिला के संपर्क में आया था और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। जब महिला शादी का दबाव बनाने लगी। तो वह फरार हो गया।

दुष्कर्म के आरोपी संग देहरादून एसटीएफ।

शिकंजा

- वर्ष 2023 गदरपुर का है मामला, 25 हजार का था इनाम
- देहरादून एसटीएफ ने सहारनपुर से किया गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश

ट्रक ने बाइक रौंदी, पिता पुत्र की मौत, एक घायल

संवाददाता, फिरोजाबाद

अमृत विचार : जिले के थाना राजावली क्षेत्र के जलेसर फिरोजाबाद मार्ग के पास गुरुवार को अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

टूंडला के क्षेत्र अधिकारी अनिवेश कुमार सिंह के मुताबिक राजावली थाना क्षेत्र के मिलिख गांव के रहने वाले चंद्रपाल सिंह और उनके दो बेटे बाइक पर सवार होकर पेट्रोल भरवाने के लिए जलेसर फिरोजाबाद रोड पर एरई मोड स्थित पेट्रोल पंप गए थे। पेट्रोल भरवाने के बाद ये लोग अपने गांव की ओर वापस मुड़ रहे थे, इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार 65 वर्षीय चंद्रपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि 36 वर्षीय बबलू की अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। तीसरे घायल राजकुमार की हालत गंभीर है, जिसे जिला अस्पताल फिरोजाबाद से आगरा के लिए रेफर किया है। पुलिस के मुताबिक बबलू रेलवे में कर्मचारी थे। हादसे की खबर के बाद चंद्रपाल के परिवार में कोहराम मच गया गांव से बड़ी तादाद में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और जलेसर फिरोजाबाद रोड पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे को और एसडीएम और क्षेत्रीय विधायक प्रेमपाल धनगर ने समझा बुझाया और जाम खुलवाया। घटना स्थल से घायलों को लेकर परिजन और रिश्तेदार जिला अस्पताल पहुंचे। घायल राजकुमार का आगरा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

बदमाशों ने मारी दूल्हे को गोली, मची भगदड़

मथुरा, अमृत विचार: नौहझील थाना क्षेत्र में बुधवार रात बरात चढ़ने के दौरान दूल्हे को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर बरातियों में भगदड़ मच गई। गोली दूल्हे की जांघ में लगी। उसे पहले सीएचसी में भर्ती कराया, बाद में मथुरा के लिए रेफर कर दिया।

नौहझील थाना क्षेत्र के फरीदमपुर निवासी निरंजन ने बेटी सोनम की शादी अलीगढ़ में तय की थी। बरात पिसवा थाना क्षेत्र के दमुआका गांव से आई थी। गांव निवासी रेखपाल के पुत्र गौरव के साथ शादी तय हुई थी। बुधवार को दोनों की शादी थी। चारों ओर खुशी का माहौल था। बरात चढ़त के दौरान पांच-छह बदमाश गाड़ी में आए और सीधे मैरिज होम में घुसकर दूल्हे को गोली मार दी। सूचना पर इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अंकित कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच की जा रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

पानी के विवाद में चाचा ने भतीजे को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

संवाददाता, सोरोंजी (कासगंज)

अमृत विचार : सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव एवनपुर ताखरू में चाचा ने भतीजे को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। बचाव में आए भाई को भी गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्तपाल में भर्ती कराया है। जहां से उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

घटना गुरुवार दोपहर की है। गांव एवनपुर ताखरू निवासी वीरेश और अवधेश सगे भाई है। दोनों भाइयों के बीच सबमर्सिबल से खेत में पानी लगाने को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पहले अपने खेत में पानी लगाने की बात कह रहे थे। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया। उसके थोड़ी देर बाद अवधेश का बेटा राघवेंद्र खेत पर गया जहां वीरेश से कहासुनी हो गई। आवेश में आए वीरेश ने भतीजे राघवेंद्र को लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी। गोली राघवेंद्र के सीने में जा लगी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

बचाव में आए राघवेंद्र के पिता अवधेश को भी वीरेश ने गोली मार दी। गोली उनके पेट में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सोरों कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि अभी एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

गांव में पुलिस बल तैनात: गांव में तनाव के हालात हैं। ऐसी स्थिति में पुलिस को सतर्कता बरतनी पड़ रही है। गांव में सोरों कोतवाली पुलिस तैनात कर दी गई। जो पूरे गांव ही गांव में निगरानी कर रही है।

मची रही भगदड़, बना दहशत का माहौल

खेत पर ताबड़तोड़ गोलियां चल रही हैं। आवाज सुनकर गांव में दहशत फैल गई। जैसे ही चाचा द्वारा भतीजे को गोली मारकर मौत के घाट उतारने और भाई को घायल कर देने की खबर गांव में फैली तो गांव से खेत तक भगदड़ मच गई। पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। लोग डर सहम गए और तरह तरह की चर्चाएं करते रहे।

चाचा ने भाई और भतीजे के गोली मारी है। भतीजे की मौत हो गई। भाई घायल है। मामले में तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। आरोपी फरार है उसकी तलाश कर रहे हैं। – **भोजराज अवस्थी**, इंस्पेक्टर सोरों

सार-संक्षेप

व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति पर फैसला सुरक्षित

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी स्थित व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति को लेकर अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति की ओर से दाखिल अपील पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। वर्तमान मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ के समक्ष हो रही है। उक्त अपील में वाराणसी जिला न्यायालय के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत मस्जिद के दक्षिणी तहखाना अर्थात व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति दे दी गई थी। विदित हो कि गत 1 फरवरी को मस्जिद समिति ने हाईकोर्ट के समक्ष अपील दाखिल की थी, जिसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने तहखाना में पूजा की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। मुस्लिम पक्ष के वकील का तर्क था कि तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा है। अत : व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाना के अंदर पूजा करने का कोई अधिकार नहीं है।

आप सांसद संजय सिंह को मिली बड़ी राहत

लखनऊ : आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह को बड़ी राहत देते हुए, एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने उनको वारंट के जरिए हिरासत में लिए जाने के अपने पूर्व के आदेश को वापस ले लिया है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 29 फरवरी को होगी। संजय सिंह के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने शीर्ष अदालत द्वारा 9 फरवरी को पारित आदेश को दाखिल करते हुए कहा कि यद्यपि इस न्यायालय द्वारा संजय सिंह के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता के तहत वारंट आदेश जारी कर अनुपालन हेतु आदेश किया गया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने चूंकि संजय सिंह की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

यात्री उत्तरांचल संपर्क क्रांति निरस्त होने से परेशान

मुरादाबाद : दिन में दिल्ली तक की यात्री की प्रमुख उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के निरस्त होने से यात्रियों को दिक्कत हुई। यह ट्रेन यहां से लिंक होकर दिल्ली जाती है। रामनगर और काठगोदाम से आने वाली दो ट्रेनों को यहां जोड़ा जाता है। स्थानीय यात्रियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण इस ट्रेन के निरस्त होने के बाद दिल्ली रूट की बसों में अचानक भीड़ बढ़ गयी। सूत्रों का कहना है कि महीने भर से इस ट्रेन के साथ यही स्थिति बनी हुई है। लालकुआं से आनंद विहार को जोन वाली एक्सप्रेस भी निरस्त रही। लखनऊ से आनंद विहार के बीच चलने वाली डबल डेकर और जनसेवा एक्सप्रेस को परिचालन कारणों से रद किया गया है।

मिली लक्ष्मी तो आसान होगी शिक्षा की राह

लखनऊ : छात्रों को विद्या प्राप्त करने के लिए अब लक्ष्मी की कमी से दो चार नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश के ढाई लाख छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि चली गई है। जबकि 60 प्रतिशत केंद्रांश के लिए जल्द ही डाटा भेजा जाएगा और राशि की मांग की जाएगी। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जाना है। अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के छात्रों को इसका लाख दिया जाता है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नवंबर से शुरू हुए थे और जनवरी में आवेदन के लिए दो बार तिथि बढ़ाई गई थी। इस बाद प्री मैट्रिक्स में पढ़ने वाले लगभग ढाई लाख छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। छात्रवृत्ति के लिए 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र की ओर से जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाती है। विभाग ने राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाले राज्यांश के तहत 38 करोड़ की राशि बच्चों के खाते में भेज दी है।

झोलाछाप के इलाज से गर्भवती की मौत, अस्पताल सील

रामपुर : पटवाई में बुधवार देर रात झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से गर्भवती की हालत बिगड़ी तो वह उसे अपनी कार से दूसरे अस्पताल ले जाने लगा, लेकिन उससे पहले ही रास्ते में महिला की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने झोलाछाप के अस्पताल में हंगामा किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे नोडल अधिकारी ने अस्पताल सील कर दिया। पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मतवाली निवासी बाबू अपनी पत्नी किरण (25) को प्रसव के लिए बुधवार दोपहर दो बजे एक निजी अस्पताल ले जा रहा था। इस दौरान एक झोलाछाप ने उसे बातों में फंसा लिया। बाबू गर्भवती पत्नी को उसके साथ पटवाई-मिलक रोड स्थित गंगवार अस्पताल ले गया। जहां गर्भवती को भर्ती कराया। बाबू का आरोप है कि इस दौरान वहां के स्टाफ ने उसे गलत इंजेक्शन लगा दिया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर अस्पताल के आरोपी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

खनन लदे ओवरलोड 11 ट्रक किए सीज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पुलिस प्रशासन समेत अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के तहत उत्तराखंड से अवैध रूप से ओवरलोडिंग कर खनन कर ला रहे 11 वाहनों को पकड़ कर सीज कर दिया। कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम को देखकर खनन से लदे ट्रक के चालक व परिचालक सड़क किनारे ट्रकों को खड़ा कर फरार हो गए।

उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में खनन विभाग और आरटीओ विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। उत्तराखंड से प्रदेश में प्रवेश करने वाली सड़कों पर चेकिंग की तो 11 वाहन खनन लदे पकड़े। एसडीएम के अनुसार ट्रकों में खनन लदा है

नौकरी के नाम पर 8 लाख ठगे कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

संवाददाता, मीरगंज (बरेली)

अमृत विचार : रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर छह लोगों ने एक युवक से आठ लाख रुपये ठग लिए, जब पीड़ित ने डीआरएम आफिस में नियुक्त पत्र दिखाया तो पता चला कि आरोपियों ने उसे फर्जी पत्र दिया हैं। जिसकी उसने स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस जांच के नाम पर उसे टरकाती रही। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली, न्यायालय के आदेश पर मीरगंज पुलिस ने सूर्य प्रकाश गंगवार उर्फ विनीत, योगेन्द्र गंगवार उर्फ छोटू, सुधा गंगवार, रमेश चन्द्र गंगवार निवासी ग्राम सुनारखेड़ा थाना कैमरी जनपद रामपुर हाल निवासी रुद्रपुर थाना ट्राजिंट कैम्प जनपद उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड, अमित यादव और अजय यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की।

मीरगंज के गांव सिमरिया निवासी संजय कुमार ने बताया कि उसके पारिवारिक संबंध सूर्यप्रकाश गंगवार, उसके घर वालों से थे। सूर्य प्रकाश उसकी पत्नी सुधा गंगवार ने जून 2019 में कहा कि तुम्हारी नौकरी रेलवे में लगवा सकता हूं तुम्हे आठ लाख खर्च करने होगें। पांच लाख पहले देने होंगें बाकी तीन लाख ट्रेनिंग का लेटर मिलने के बाद देने होगें। विश्वास दिलाने के लिए अजय यादव और अमित यादव से बात कराई और कहा कि यह गोरखपुर रेलवे में बड़ी पोस्ट पर हैं।

सेना में नौकरी के नाम पर ठगे 18 लाख

मुरादाबाद, अमृत विचार: नौकरी लगाने के नाम पर 18 लाख हड़पने वाले आरोपियों के खिलाफ मझोला थाने में एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों ने पीड़ित बलवीर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह से समझौता कर दो में बार पांच लाख देकर 13 लाख का फर्जी चेक दिया था। पीड़ित ने फर्जी चेक को लेकर एसएसपी के कार्यालय में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी।

बुधवार को बलवीर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के कार्यालय पहुंचा। जहां उसने आरोपी नासिर और हारुन निवासी आजाद नगर करूला के खिलाफ दी गई तहरीर पर मझोला थाना पुलिस द्वारा अभी तक कार्रवाई न करने की बात बताकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

महिला आत्मनिर्भर तो समाज स्वतः होगा सशक्तः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। वर्ष 2047 में जब देश आजादी का 100वां वर्ष पूरा करेगा तो हमें एक विकसित भारत मिलेगा जिसमें देश की आधी आबादी अपना विकास करेगी। महिला सशक्तिकरण को सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे।

वे गुरुवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया।

योगी ने कहा कि पिछले लोकसभा सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया। इसके तहत अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 835 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1565, जय जवान 1440, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1550, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

खाद्य कीमतों के झटके और भू-राजनीतिक तनाव मुद्रास्फीति से निपटने में चुनौतियां

गवर्नर्स सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर दास बोले-अंतिम चरण के लिए हम सतर्क

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाद्य कीमतों की तरफ से बार-बार झटके लगने और भू-राजनीतिक मोर्चे पर नए तनाव पैदा होने से मुद्रास्फीति से निपटने की राह में चुनौतियां पैदा होती हैं। दास ने यहां '59वें सीसेन गवर्नर्स सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि कहा-हम अवस्फीति (मुद्रास्फीति में गिरावट) के अंतिम चरण से निपटने के लिए सतर्क हैं क्योंकि यह अक्सर सफर का सबसे मुश्किल दौर होता है। हमारा दृढ़ मत है कि स्थिर और निम्न मुद्रास्फीति स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी आधार देगी।

उन्होंने कहा कि भारत कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर चुका है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा-विवेकपूर्ण मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों ने मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है।

आरबीआई का अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। देश के लिए यह लगातार चौथा साल होगा जब इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी। इसके साथ ही दास ने कहा कि मुद्रास्फीति वर्ष 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से अब नीचे आ चुकी है। द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए अहम खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी महीने में 5.1 प्रतिशत रही है।

नए अवसर भी दरवाजे पर दे रहे हैं दस्तक



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए आज यहां कहा कि इससे निपटने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ तो भरपूर हैं, लेकिन नए अवसर भी दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में, केंद्रीय बैंकों को मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस माहौल में सहयोग एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की आवश्यकता है।

निर्यात 3.12% बढ़कर 3 माह के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जनवरी में व्यापार घाटा 9 माह के निचले स्तर पर पहुंच गया**

लाल सागर संकट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जनवरी में देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 महीने के उच्चस्तर 36.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 9 महीने के निचले स्तर 17.49 अरब डॉलर पर आ गया। बृहस्पतिवार को सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, लगातार दो महीनों तक नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद जनवरी में आयात लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 54.41 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान निर्यात भी सालाना आधार पर 3.12 प्रतिशत बढ़कर 36.92 अरब डॉलर हो गया। यह तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। इसके साथ आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा 17.49 अरब डॉलर पर आ गया, जो नौ महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल, 2023 में व्यापार घाटा 15.24 अरब डॉलर रहा था। व्यापार घाटे में पिछला निचला स्तर अप्रैल, 2023 में 15.24 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में यह 17.03 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन माह में कच्चे तेल का आयात 4.33 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.56 अरब डॉलर हो गया। वहीं सोने का आयात लगभग 174 प्रतिशत उछलकर 1.9 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में कुल निर्यात 4.89 प्रतिशत घटकर 353.92 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान आयात 6.71 प्रतिशत घटकर 561.12 अरब डॉलर हो गया। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दस महीनों में 207.2 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ जबकि अप्रैल-जनवरी, 2022-23 में यह 229.37 अरब डॉलर रहा था।

पिछले 10 माह में कच्चे तेल का आयात 15.91 प्रतिशत घटकर 146.75 अरब डॉलर रह गया जबकि सोने का आयात 301.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 38 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि भारत ने लाल सागर संकट, विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती और जिंस कीमतों में गिरावट के बावजूद 'जनवरी में उत्पाद निर्यात में सकारात्मक वृद्धि' दर्ज की है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,225
गिन्नी (प्रति नग)	47,100-47,300
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	71,300
चांदी तैयार	71,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,350
सोना जेवरात गिन्नी	62,350
चांदी पक्की	710 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,500
चांदी आभूषण	71,350।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 75-85 मसूरी 50-75 1121 बासमती 110, **दाल दलहन**-काला चना 70 साबुत चना दाल 77 मूंग साबुत 105 राजमा 112 दाल उड़द 110-130 साबुत मसूर दाल 79-96 मसूर दाल 73-110 उड़द साबुत 107-115 काबुली चना 138-157 अरहर दाल 133 लोबिया/करमानी 105-109 सोयाबीन 60-70 मूंगफली 115-120 मटर (सूखी) 53-61 मक्का 27 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 रुपये।

सरकार दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कर रही प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 2027 तक का लक्ष्य बताया**

दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भारत 2027 तक दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि घरेलू दलहन उत्पादन में पहले ही उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो 2014 के 1.7 करोड़ टन से अब काफी अधिक हो चुका है। इस साल के लिए लक्ष्य 2.95 करोड़ टन के उत्पादन का है। मुंडा ने जलवायु अनुकूल किस्मों और अन्य प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रसार की जरूरत पर भी जोर दिया। दालों की कमी को पूरा करने के लिए देश सालाना लगभग 35 लाख टन दलहन का आयात करता है। मुंडा ने यहां ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन और सहकारी संस्था नेफेड की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-भारत चने और कई अन्य दलहन फसलों में आत्मनिर्भर हो गया है।

ईएसआई में 18.86 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ईएसआई योजना में दिसंबर 2023 में 18.36 लाख से अधिक श्रमिक शामिल हुए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि ईएसआई योजना में दिसंबर, 2023 में 18.86 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इसी माह में नये 23,347 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। आंकड़ों के अनुसार देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं क्योंकि आलोच्य अवधि के दौरान जोड़े गए कुल 18.86 लाख कर्मचारियों में से 8.83 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग तक के हैं,जो लगभग 47 प्रतिशत है।

प्रवर्तन निदेशालय ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आरबीआई की कार्रवाई के बाद कई दस्तावेज जमा किए**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने की आरबीआई की हालिया कार्रवाई के बाद, पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और कई दस्तावेज जमा किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत फिनटेक कंपनी में आरबीआई द्वारा चिह्नित कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि पेटीएम के अधिकारियों ने हाल ही में कुछ दस्तावेज जमा किए थे जिसके बाद उनसे कुछ सवाल पूछे गए। कुछ और जानकारी भी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। फेमा के तहत कोई उल्लंघन पाए जाने पर ही इस कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

राष्ट्रीय

सांस्कृतिक उत्सव गुलदस्ता-ए-जम्मू और कश्मीर...

जम्मू में गुरुवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव गुलदस्ता-ए-जम्मू और कश्मीर के दौरान महिला कलाकारों ने मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

भाजपा के नंदकिशोर सर्वसम्मति से बने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से गुरुवार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। विधानसभा में सभाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने श्री यादव के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा की। इसके बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव श्री नंदकिशोर यादव को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए और उन्हें आसन पर बैठाया। इससे पहले उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन के नेता और तेजस्वी प्रसाद यादव को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान की जाने की घोषणा की। इसके बाद सभाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू करते हुए सभाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन होने की सदन को सूचना दी।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलीं-इलाके में शांति बहाली के लिए की गई आवश्यक कार्रवाई

संदेशखालि मामले में दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अशांत संदेशखालि में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए हरसंभव आवश्यक कार्रवाई की गई है। बनर्जी ने राज्य विधानसभा में कहा कि अशांत संदेशखालि क्षेत्र में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचारों को लेकर जिस क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हो रहा है, उसका जिक्र करते हुए बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि उन्होंने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही होने देंगी। उन्होंने कहा-हम संदेशाखालि की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। किसी भी गलत काम में शामिल किसी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। मैंने वहां राज्य महिला आयोग को भेजा है और संदेशाखालि के लिए एक पुलिस दल गठित किया है। बनर्जी ने कहा-क्षेत्र में अशांति फैलाने के लिए एक भयानक साजिश रची जा रही है और राज्य सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की है। बुधवार को सातवें दिन संदेशखालि में विरोध प्रदर्शन जारी रहा, बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की।

बंगाल पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखालि जाने से रोका

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी को बृहस्पतिवार को संदेशखालि जाने से रोक दिया। जिस वाहन में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और तीन अन्य भाजपा विधायक सवार थे, उसे संदेशखालि जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले रामपुर गांव में पुलिसकर्मियों के एक दल ने रोक दिया। अधिकारी ने कहा कि कुल चार विधायक इलाके में जा रहे थे इसलिए निषेधात्मक आदेश के उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले, अधिकारी और पांच अन्य भाजपा विधायकों को सोमवार को संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोक दिया गया था।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने संदेशखालि का किया दौरा

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि का दौरा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि वहां के लोगों ने आयोग के सदस्यों के साथ अपने 'खौफनाक अनुभव' साझा किए। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचार किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हलदर के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने उस क्षेत्र के निवासियों से बात की, जहां मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़े समुदायों के लोग रहते हैं। दौरे के बाद हलदर ने कहा कि हमने विभिन्न लोगों से बात की जिन्होंने अपने साथ हुए खौफनाक अनुभवों के बारे में बात की।

एक नजर

भाजपा की आज से होगी राष्ट्रीय परिषद की बैठक

नई दिल्ली। भाजपा की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक शनिवार को यहां स्थित भारत मंडपम में शुरू होगी, जिसमें देश भर के करीब 11,500 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिनिधियों में देश भर से पार्टी के पदाधिकारी, वर्तमान और पूर्व सांसद, विधायक और निर्वाचित महापौर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसका एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा होगा।

तमिलनाडु में भाजपा पदाधिकारी की हत्या

मदुरै (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के मदुरै शहर में वंडियूर टोल प्लाजा के पास एक अज्ञात बदमाशों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी की गुरुवार को बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान एम.पी. शक्तिवेल (40) के रूप में हुई है। वह मदुरै शहरी जिले के भाजपा के ओबीसी विंग के सचिव थे। जब वह मोटरसाइकिल चला रहे थे तो हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और उनकी हत्या कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी राजाजी अस्पताल (जीआरएच) भेज दिया गया।

गुजरात में दो समूहों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत, 30 लोगों पर मामला दर्ज

हिम्मतनगर। गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज शहर में दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात खोडियार कुवा इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक विजय पटेल ने कहा-मयूर भोई और इमरान कादरी नाम के दो व्यक्तियों के बीच पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद झड़प हुई। जिसमें राजू भोई नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''राजू की हत्या के आरोप में 30 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें से 17 लोगों की पहचान कर ली गई है।

एनआईए ने महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

आईएसआईएस षड्यंत्र मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिमी घाट क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की साजिश से संबंधित एक मामले में महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापों के बाद बृहस्पतिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में नौ जगहों पर अनेक संदिग्धों के आवासों पर छापों के दौरान मोहम्मद जोहेब खान को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान मामले से संबंधित अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। प्रवक्ता ने कहा कि खान के खिलाफ मामला एनआईए मुंबई द्वारा इस जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया था कि उसने और उसके साथियों ने आईएसआईएस खलीफा के लिए काम करने की शपथ ली थी।

कोर्ट का 182 साल जेल की सजा टाल रहे कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **हाईकोर्ट ने कहा-निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भूखंड खरीददारों से ठगी करने के मामले में 182 साल जेल की सजा को टाल रहे एक रियल एस्टेट कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा है कि इसे प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, नियमित रूप से विस्तारित किए जाने वाला अधिकार नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा कि निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता और महज इस आधार पर पैरोल को अनंत काल तक जारी रखने की व्यक्ति द्वारा की जा रही कोशिशें दिल्ली कारागार नियम, 2018 के तहत 'फर्लो' एवं 'पैरोल' प्रदान करने की योजना के खिलाफ होगी।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा-मौजूदा मामले में, याचिकाकर्ता दिल्ली कारागार नियम, 2018 के अनुरूप पैरोल प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकार के समक्ष अर्जी लगाए बिना, कानूनन सुनाई गई सजा को वर्षों से टाल रहा है। उन्होंने कहा कि रिट याचिकाओं के जरिये पैरोल के स्वतः विस्तार को नियमित नहीं माना जा सकता, जो करीब चार साल से जारी है। तिरुपति एसोसिएट्स के राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय का यह आदेश आया है। कुमार ने छह महीनों के पैरोल के लिए अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा-पैरोल प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, और उपरोक्त अवधि के लिए नियमित रूप से पैरोल अधिकार नहीं है...। याचिकाकर्ता के अनुसार, वह सात साल हिरासत में रह चुके हैं। उन्हें एक उपभोक्ता मंच ने भूखंड खरीददारों के एक संघ द्वारा दायर किये गये मामले में 182 साल जेल की सजा सुनाई है। कुमार ने दलील दी कि उच्च न्यायालय के 13 सितंबर 2019 के एक आदेश पर उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया और मामले को सुलझाने के उनके आश्वासन के मद्देनजर समय-समय पर इसे विस्तारित किया गया। पिछला आदेश इस साल 10 जनवरी को जारी किया गया था।

अयोग्यता के मामले में अजित गुट की जीत

मुंबई, एजेंसी

- **विधानसभा अध्यक्ष राहुल ने खारिज की सभी याचिकाएं**
- **नार्वेकर बोले-संख्या के हिसाब से अजित गुट असली एनसीपी**

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि अजित पवार की अगुवाई वाला समूह उस समय असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) था, जब पार्टी में जुलाई 2023 में दो गुट उभरे थे, और अजित तथा शरद पवार नीत खेमों की अयोग्यता याचिकाएं खारिज कर दीं।

नार्वेकर ने यहां विधानमंडल परिसर में अपने फैसले में कहा-(विधायकों की) अयोग्यता का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। अजित पवार के अपने समर्थकों के साथ जुलाई 2023 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अयोग्यता याचिकाएं शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार नीत प्रतिद्वंद्वी खेमों ने दायर की थीं। नार्वेकर ने फैसले में कहा कि पार्टी संस्थापक शरद पवार के फैसलों पर सवाल उठाना या उनकी इच्छा की अवहेलना करना दल-बदल नहीं है बल्कि यह केवल एक आंतरिक असहमति है।

उन्होंने कहा कि दल-बदल रोधी प्रावधानों से संबद्ध संविधान की 10वीं अनुसूची का इस मामले में दुरूपयोग किया गया। पार्टी नेतृत्व बड़ी संख्या में सदस्यों को अयोग्य करार दिये जाने की धमकी देकर उनकी असहमति की आवाज दबाने के लिए 10वीं अनुसूची का इस्तेमाल नहीं कर सकता। फैसले में कहा गया है कि राकांपा में (जुलाई 2023 में) हुआ घटनाक्रम स्पष्ट रूप से पार्टी की अंदरूनी असहमति थी।

विधानसभा अध्यक्ष हुल नार्वेकर ने कहा कि पार्टी में टूट होने के समय अजित पवार खेमे में ज्यादातर विधायक थे। उन्होंने कहा कि अजित पवार खेमे के फैसले ने राकांपा की इच्छा को प्रदर्शित किया। पिछले हफ्ते, अजित पवार नीत पार्टी को असली राकांपा करार देने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद नार्वेकर का यह निर्णय आया है। विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राकांपा-शरदचंद्र पवार पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह शिवसेना में अयोग्यता मामले में दिये नार्वेकर के पूर्व के फैसले का ही दोहराव है।

पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत अर्जी खारिज

पटना। पटना की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात एवं रंगदारी के मामले में अभियुक्त बनाए गए पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत याचिका आज खारिज कर दी। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित पटना की विशेष अदालत के प्रभारी न्यायाधीश आशुतोष खेतान ने यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें जमानत पर मुक्त किए जाने से इनकार कर दिया। पूर्व सांसद श्री यादव की ओर से विशेष अदालत में 13 फरवरी 2024 को आत्म समर्पण सह जमानत याचिका दाखिल की गई थी लेकिन जमानत अर्जी पर बहस नहीं की गई थी।

भारतीय टेस्ट कैप पाकर भावुक हो गए सरफराज और जुरेल

राहुल के चोटिल होने, अय्यर के बाहर और विराट की अनुपस्थिति के कारण टेस्ट टीम में मिली जगह

राजकोट, एजेंसी

भारतीय टीम में गुरुवार सुबह तब भावनाएं पड़ी जब सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले टेस्ट कैप सौंपी गई। मुंबई की तरफ से अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।

केएल राहुल के चोटिल होने, श्रेयस अय्यर को बाहर किए जाने तथा विराट कोहली की अनुपस्थिति से सरफराज को टेस्ट टीम में जगह मिला। दूसरी तरफ केएस भरत के बल्लेबाजी में लगातार लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश के जुरेल का विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में चयन तय माना जा रहा था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत लगभग 47 है। सरफराज भारत के 311वें और जुरेल 312वें टेस्ट क्रिकेटर बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। कुंबले ने कहा कि सरफराज जैसे आगे बढ़े उस पर हमें गर्व है। आपने जो हासिल किया मुझे विश्वास है कि आपके पिता और परिवार को गर्व होगा। आपसे पहले केवल 310 लोग टेस्ट खेले हैं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। जुरेल को पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने टेस्ट कैप सौंपी। कार्तिक ने कहा कि आगरा से आना और छोटी उम्र में नोएडा जाना और आपके साथ आपकी मां का होना। इस यात्रा में कुछ मुश्किलें जरूर आई होंगी। इस यात्रा में कई लोगों ने आपकी मदद की होगी और मुझे यकीन है कि आज आपको देखकर वे खुश हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि आपने विभिन्न प्रारूप में मैच खेले होंगे लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे कड़ा प्रारूप होता है और जब आप इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है।

311 वें टेस्ट क्रिकेटर बने सरफराज

312 वें खिलाड़ी चुने गए ध्रुव जुरेल

टी-20 विश्व कप तक भारत के मुख्य कोच राहुल और टीम के कप्तान रहेंगे रोहित : शाह

राजकोट, एजेंसी

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राहुल द्रविड़ इस साल जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच बने रहेंगे। द्रविड़ का अनुबंध पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था, लेकिन उन्हें कार्यकाल तय किए बिना उनके सहयोगी स्टाफ के साथ दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के दौरे तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया था। शाह ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप तक द्रविड़ को मुख्य कोच बनाए रखने का फैसला करने से पहले इस पूर्व कप्तान से बातचीत की। शाह ने कहा कि विश्व कप के बाद राहुल को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना पड़ा। आप राहुल द्रविड़ जैसे सीनियर के अनुबंध को लेकर चिंतित क्यों हैं। वह टी-20 विश्व कप में भी कोच बने रहेंगे। शाह ने हालांकि संकेत दिए कि टी20 विश्व कप से पहले उनके बीच कुछ दौर की बातचीत होगी।

रोहित की अगुवाई में भारत टी-20 विश्वकप जीतेगा

जय शाह ने भारत की कप्तानी पर कहा कि उन्हें भरोसा है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत खिताब जीतेगा। शाह ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम करने के कार्यक्रम में कहा कि हम भले ही 2023 वनडे विश्वकप का फाइनल हार गए हों, लेकिन हमने लगातार 10 मैच जीतकर दिल जीत लिया। मुझे विश्वास है कि भारत बारबाडोस में रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्वकप जीतेगा। शाह ने टी-20 विश्वकप के लिए रोहित को कप्तानी की कमान सौंपने के फैसले के बारे में यह जानकारी दी।

खेल डायरी

डब्ल्यूपीएल 2 : यूपी वारियर्स से जुड़े अभय

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रह चुके अभय शर्मा 23 फरवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र से पहले यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग कोच के रूप में जुड़ गए हैं। रेलवे के पूर्व रणजी कप्तान अभय ने पिछले घरेलू सत्र में दिल्ली की रणजी टीम को कोचिंग दी थी। वह भारत ए और भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। इंग्लैंड के जॉन लुईस यूपी वारियर्स के मुख्य कोच हैं। डब्ल्यूपीएल के सूत्र ने कहा कि अभय यूपी वारियर्स के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ गए हैं। अभय 54 साल के हैं और उन्होंने 1988 से 2003 के बीच 89 प्रथम श्रेणी मैच खेले। यूपी वारियर्स की टीम बेंगलुरू में ट्रेनिंग कर रही है। डब्ल्यूपीएल का पहला चरण बेंगलुरू में होगा जिसके बाद दूसरा और अंतिम चरण दिल्ली में खेला जाएगा।

स्वास्थ्य को लेकर चिंतित नडाला कतर ओपन से हटे

दोहा (कतर), एजेंसी। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अगले सप्ताह से शुरू होने वाले कतर ओपन से हट गए हैं, क्योंकि उनका मानना है कि कोर्ट पर वापसी के लिए अभी वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं। नडाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं दोहा में खेलना पसंद करता जहां आयोजकों के साथ दर्शकों ने भी मेरा भरपूर समर्थन किया। दुर्भाग्य से मैं अभी प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हूं और इस कारण दोहा नहीं आ पाऊंगा। मैं 2014 की अविस्मरणीय जीत के बाद दोहा में खेलना चाहता था। मैं लास वेगास में होने वाले प्रदर्शनी मैच और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में खेलने के लिए खुद को तैयार करने पर ध्यान दूंगा। स्पेन के इस खिलाड़ी को 3 मार्च को कार्लोस अल्कराज़ के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेलना है और इसके बाद वह कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

फीफा रैंकिंग में भारत खिसककर 117वें स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम हाल में एएफसी एशियाई कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गुरुवार को फीफा रैंकिंग में 15 पायदान खिसककर 117वें स्थान पर पहुंच गई जो 7 साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है। भारत एएफसी एशियाई कप में अपने सभी तीनों ग्रुप मैच गंवा बैठा था। यह भारत की जनवरी 2017 में 129वीं रैंकिंग के बाद सबसे खराब रैंकिंग है। अब तक देश की सबसे खराब रैंकिंग 2015 में 173 थी। भारत ने पिछली रैंकिंग से 35 .63 रेटिंग अंक गंवा दिए। अब यह टोगो (116वीं रैंकिंग) और गिनी बिसाऊ (118वीं) के बीच में है। एशियाई देशों में भारत की रैंकिंग 22 है। कोच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में भारत एशियाई कप में आस्ट्रेलिया से 0-2, उज्बेकिस्तान से 0-3 और सीरिया से 0-1 से हार गया था जिससे उसे कोई अंक नहीं मिला और टीम इसमें कोई गोल भी नहीं कर पाई।

द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दिया 267 रन का लक्ष्य

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी। डेविड बेडिंगहैम के शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के सामने 267 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर 40 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने दिन के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर डेवोन कॉनवे (17) का विकेट गंवाया, जिन्हें ऑफ स्पिनर डेन पीट ने पगबाधा आउट किया। स्टंप के समय टॉम लैथम 21 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 235 रन बनाए। उसकी पारी का आकर्षण बेडिंगहैम का शतक रहा, जिन्होंने 110 रन बनाए जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। बेडिंगहैम ने इस बीच कीगन पीटरसन (43) के साथ पांचवें विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा कप्तान नील ब्रांड (34) और जुबेर हम्ज़ा (17) ही दोहरे अंक में पहुंचे। दक्षिण अफ्रीका ने अपने अंतिम छह विकेट 33 रन के अंदर गंवाए।

पहले दिन रोहित और जडेजा ने जड़ा शतक

तीसरे टेस्ट के पहले दिन खेल समाप्त होने तक भारत ने बनाए 5 विकेट पर 326 रन

राजकोट, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने गुरुवार को शतक जड़कर न सिर्फ टीम को शुरुआती झटकों से उबारा बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच का पहला दिन भी भारत के नाम किया। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 5 विकेट पर 326 रन बनाए हैं। रोहित (131) और जडेजा (नाबाद 110) ने चौथे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी की। यह भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ चौथे विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इन दोनों के अलावा अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने 66 गेंद पर 62 रन की मनोरंजक पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय जडेजा के साथ नाइट वॉचमैन कुलदीप यादव एक रन पर खेल रहे थे।

रोहित और जडेजा ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर अपने तीन युवा बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (10), शुभमन गिल (00) और रजत पाटीदार (05) के विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। रोहित और जडेजा ने सहजता से रन बटोरे। उन्हें निरंजन शाह स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर परेशानी नहीं हुई। वुड को हालांकि सुबह के सत्र में थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था लेकिन बाद में इस तेज गेंदबाज ने शॉर्ट पिच गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ली। रोहित ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर दो रन लेकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया जो इंग्लैंड के खिलाफ उनका तीसरा शतक है। रोहित ने विशेषकर रेहान को निशाने पर रखा लेकिन वुड ने शॉर्ट पिच गेंद करना जारी रखा। रोहित का धैर्य जवाब दे गया और इस तेज गेंदबाज की एक और शॉर्ट पिच गेंद को सबक सिखाने के प्रयास में मिड विकेट पर बेन स्टोक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 196 गेंद का सामना करके 14 चौके और 3 छक्के लगाए। जडेजा ने शतक के करीब पहुंचने के बाद धीमी बल्लेबाजी की। उन्होंने 198 गेंद का सामना करके अपने टेस्ट कॅरियर का चौथा शतक लगाया। इस ऑल राउंडर ने लेग साइड में रन बटोरे तथा विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। जडेजा ने अब तक 212 गेंद का सामना करके 9 चौके और 2 छक्के जड़े हैं। सरफराज को देखकर नहीं लगा कि वह अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी की तथा मैदान के चारों तरफ शॉट लगाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली की गेंद छक्के के लिए भेजी और 48 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। जब लग रहा था कि सरफराज बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे तब जडेजा के साथ गफलत के कारण उन्हें रन आउट होना पड़ा। उन्होंने 66 गेंद की अपनी पारी में 9 चौके और 1 छक्का लगाया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही जबकि वुड ने सुबह के सत्र में 2 और हार्टली ने 1 विकेट लेकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। वुड की गति और पिच से मिल रहे मूवमेंट के कारण भारत को शुरू में कुछ करारे झटके लगे। पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए तथा वुड की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे। विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक बनाकर वापसी करने वाले गिल को वुड ने खाता भी नहीं खोलने दिया। उन्होंने विकेटकीपर बेन फॉक्स को आसान कैच दिया। गिल की पारी केवल नौ गेंद तक सीमित रही। भारत का स्कोर तब 3 पर 33 रन हो गया। नंबर 4 पर आए पाटीदार ने हार्टली की गेंद पर शॉर्ट कवर पर खड़े बेन डकेट को कैच दिया। दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित का भाग्य ने साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें पगबाधा दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस से पता चला की गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई थी। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित तब 27 रन पर खेल रहे थे।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर यशस्वी, शुभमन और रजत का विकेट गंवाया
- रोहित और जडेजा ने 204 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला, सरफराज ने दिया 62 रन का योगदान
- इंग्लैंड की तरफ से तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 69 रन देकर 3 विकेट लिए

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी)			326/5 (86 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड	10	10	2/0
रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड	131	196	14/3
शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड	00	09	0/0
रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली	05	15	1/0
रविंद्र जडेजा (खेल रहे)	110	212	9/2
सरफराज खान रन आउट (मार्क वुड)	62	66	9/1
कुलदीप यादव (खेल रहे)	01	10	0/0

अतिरिक्त : (बाई-1, लेगबाई-3, नो बॉल -2, वाइड-1) 07, **विकेट पतन :** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, **गेंदबाजी :** जेम्स एंडरसन 19-5-51-0, मार्क वुड 17-2-69-3, टॉम हार्टली 23-3-81-1, जो रूट 13-1-68-0, रेहान अहमद 14-0-53-0

डब्ल्यूएफआई के फिर से निलंबन की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फिर से निलंबित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि संजय सिंह की अगुआई वाली संस्था को बहाल करने से पहलवान 'खतरे और उत्पीड़न' के दायरे में आ गए हैं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। बजरंग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल में साझा किए पत्र में लिखा कि इस फैसले से भारतीय पहलवान एक बार फिर डब्ल्यूएफआई सदस्यों से खतरे और उत्पीड़न के दायरे में आ गए हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था। कई अड़चनों के बाद अंततः डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए और संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बजरंग ने कहा कि हम पहलवान आपसे अनुरोध करते हैं कि विभिन्न माध्यमों से अनुचित कार्यों और उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करें। भारतीय पहलवान न्याय और निष्पक्ष एवं सुरक्षित खेल के अपने अधिकारों के लिए आपकी ओर देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप भारत में स्वच्छ और निष्पक्ष खेल गतिविधियों का समर्थन तथा डब्ल्यूएफआई के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के हमारे अनुरोध पर विचार करेंगे।

भारतीय पुरुष टीम चीन से 2-3 से हारी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

बीएटीसी

भारतीय पुरुष टीम को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी की कमी खली, जिससे उसे गुरुवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप (बीएटीसी) के ग्रुप मैच में चीन से 2-3 से हार मिली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने अपने एकल मुकाबले जीते लेकिन चीन ने दोनों युगल मुकाबले जीतकर स्कोर 2-2 कर दिया और अंतिम मैच में चिराग सेन को वांग झेंग जिंग से हार मिली, जिससे भारत मुकाबला गंवा बैठा। पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुकी भारतीय टीम ग्रुप में दूसरी रही और चीन ने शीर्ष स्थान पाया। पता चला है कि सात्विक और चिराग को टीम प्रबंधन ने आराम दिया था क्योंकि भारत पहले ही हांगकांग पर 4-1 की जीत से क्वार्टरफाइनल में जगह बना चुका था। प्रणय ने वेंग पर जीत दर्ज कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पहले युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला एक गेम जीतने के बावजूद चेन बो यांग और लियू यिन से पराजित हो गए। लक्ष्य सेन ने फिर लेई लान जि को हराकर भारत को वापसी कराई। लेकिन सूरज गोआला और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय की जोड़ी को दूसरे युगल में रेन जियांग यु और जि हाओ नान की जोड़ी से हार मिली, जिससे स्कोरलाइन 2-2 हो गई। निर्णायक मैच में चिराग भारत के लिए मैच नहीं जीत सके।

बॉलीवुड हलचल

शैतान का गाना खुशियां बटोर लो रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो रिलीज हो गया है। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत'। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

आलिया भट्ट की सीरीज पोचर का ट्रेलर जारी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट निर्मित फिल्म पोचर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'पोचर' अमेज़न प्राइम वीडियो की ओरिजिनल क्राइम सीरीज़ है। इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'पोचर' को आलिया भट्ट ने प्रोड्यूस किया है. वहीं, निर्देशक रिची मेहता है। यह सीरीज असल घटना पर बनी है, इसकी कहानी एक हाथी के इर्द-गिर्द घूमती है। पोचर 23 फरवरी को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। पोचर को हिंदी के साथ इंग्लिश, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। 'पोचर' के ट्रेलर में हाथियों की लगातार हो रही हत्या की एक झलक दिखाई गई है। इस अवैध शिकार में पुलिस वालों के साथ तमाम लोग इस गिरोह में शामिल होते हैं। इस गिरोह पर जांच बैठती है।

मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री

बॉलीवुड में जब भी खूबसूरती की का जिक्र होता है मधुबाला के बाद माधुरी दीक्षित का नाम आना लाजमी है। 90 के दशक में माधुरी के नाम का डंका बजता था और वो न केवल सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री थीं बल्कि कई सुपरस्टार्स से अधिक फीस लिया करती थीं। फिल्म तेजाब का गाना एक, दो, तीन पर माधुरी ने ऐसा डांस किया कि जिसे आज भी उदाहरण की तरह देखा जाता है। इस फिल्म के साथ ही माधुरी की स्टारडम की जर्नी भी शुरू हो गई थी। शादी के बाद जब माधुरी भारत छोड़ कर चली गईं तो उनके फैंस बेहद निराश हुए थे और शायद उन्हीं के लिए वो लौट आईं। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म अबोध से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि उनकी इस फिल्म में उन्हें खास पसंद नहीं किया गया। 1988 में आई फिल्म तेजाब उनके लिए जैकपॉट साबित हुई। इस फिल्म में माधुरी ने अपनी काबिलियत साबित की। उनके डांस के लोग दीवाने हो गए। फिल्म के आइकोनिक सॉन्ग 'एक-दो-तीन' का आज भी कोई जवाब नहीं है। तेजाब के बाद बेटा और दिल जैसी फिल्मों के साथ माधुरी बॉलीवुड पर छा गईं। इसके बाद आई राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' जिसकी सफलता ने माधुरी को लेडी सुपरस्टार बना दिया। करियर के पीक पर माधुरी ने 1999 में डॉ श्रीराम नेने से शादी की और फिर अमेरिका चली गईं। इस बात से उनके फैंस बेहद निराश हुए, लेकिन 2007 में माधुरी ने 'आजा नचले' से कमबैक किया और फिर कई सारी सफल फिल्में दीं।

एकता कपूर ने की मोशन पोस्टर के साथ लव, सेक्स और धोखा 2 की घोषणा

फिल्मकार एकता कपूर ने लव, सेक्स और धोखा की अगली किस्त की घोषणा की। दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी। बनर्जी ने ही 2010 में इसके पहले भाग का निर्देशन किया था। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2021 में रिलीज हुई थी जिसका नाम संदीप और पिंकी फरार था। एकता कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, 'लव सेक्स और धोखा' का दरिया है और डूब के जाना है। लव सेक्स और धोखा 2सिनेमाघरों में 19 अप्रैल को। निर्माताओं के अनुसार, लव, सेक्स और धोखा 2 या एलएसडी 2 रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाता है और इंटरनेट के युग में आधुनिक प्रेम के छिपे पहलुओं को उजागर करता है। फिल्म एक मनोरंजक कथा और सम्मोहक प्रदर्शन के माध्यम से प्यार, विश्वासघात और हमारी तकनीकी रूप से संचालित दुनिया के परिणामों को गहराई से उजागर करने का वादा करती है। इसका निर्माण एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने किया है।

शाहरुख खान की फिल्म डंकी ओटीटी पर



शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक नाटकीय प्रदर्शन के बाद राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने बुधवार आधी रात को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफोर्म नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के साथ लिखा कि अपना सामान पैक करें। दुनिया भर में डंकी के बाद, अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग। डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी रिलीज़ थी। दो बैक-टू-बैक मेगा ब्लॉकबस्टर के बाद फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक थीं। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर 'पठान' और 'जवान' की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन मेगा हिट रही और भारत में 227 करोड़ की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन पर सबसे ज्यादा असर प्रभास-स्टारर सालार पार्ट वन : सीजफायर से हुआ, जो शाहरुख की फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा क्षेत्र में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार देर रात कतर की राजधानी दोहा पहुंच गए। यहां उन्होंने अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच भारत और कतर के संबंधों को बढ़ाने पर बात हुई। पीएम मोदी ने इस बैठक को शानदार करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद कतर के शासक शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-कतर के संबंधों के साथ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को कहा कि भारत और कतर दो देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए निवेश को माध्यम के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं।

दोहा में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की और भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश और साझेदारी को लेकर बात की।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की वार्ता पर विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा में व्यापार साझेदारी, निवेश सहयोग और ऊर्जा संबंध शामिल हैं।

भारतीयों ने किया मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी के दोहा पहुंचने के बाद होटल के बाहर प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। हाथों ने भारतीय तिरंगा लेकर आए लोगों ने 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पीएम मोदी ने होटल के बाहर स्वागत के लिए जुटे लोगों से हाथ मिलाया। कुछ प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी को किताबें भी भेंट कीं। इस दौरान लोगों ने पीएम मोदी से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी लीं। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, दोहा में असाधारण स्वागत के लिए प्रवासी भारतीयों का आभारी हूं।

महेश दत्तानी की सोच से मैंने बहुत कुछ सीखा

मुंबई, एजेंसी

- अभिनेत्री शिल्पा ने कहा- दत्तानी का नाटक 'बिग फैट सिटी' देश की सबसे प्रमुख ब्लैक कॉमेडी

1986 में अपने पहले नाटक 'व्हेयर देयर इज ए विल' से ही, नाटककार और निर्देशक महेश दत्तानी ने समकालीन भारतीय वास्तविकताओं को थिएटर में शामिल किया और आधुनिक मुद्दों और रिश्तों को एक नए दृष्टिकोण के साथ पेश किया।

जी थिएटर के टेलीप्ले 'बिग फैट सिटी' में भी महेश मुंबई के संघर्षमय जीवन से जूझते उन लोगों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं जो अधूरी जरूरतों और इच्छाओं के चक्र में फंसे हुए हैं। जानी-मानी फिल्म, थिएटर, ओटीटी और टेलीविजन अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला इस बात से रोमांचित हैं कि उन्हें दत्तानी के साथ काम करने का मौका मिला और कहती हैं, जब उन्होंने मुझे 'बिग फैट सिटी' के लिए बुलाया, तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। ये उन्हीं के मार्गदर्शन का नतीजा है की आज में अभिनय की कला को एक नए

अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला।

दृष्टिकोण से देखती हूं जहां कोई एकरसता नहीं है। उन्होंने कहा- मैंने उनसे, जीवन पर उनकी टिप्पणियों और उनके संपूर्ण अस्तित्व से कितना कुछ सीखा है। एक शिक्षक के रूप में वह उत्कृष्ट हैं। उन्होंने कितने ही लोगों का मार्गदर्शन दिया है और वह वास्तव में हमारे लिए एक अथाह खजाने की तरह हैं। उनके जैसे बहुत कम लोग हैं। 'बिग फैट सिटी' में की गई सामाजिक टिप्पणी के बारे उन्होंने कहा, नाटक उन आकांक्षाओं के बारे में है जिनके चलते हम एक फ्लैट, एक प्रेमी या शायद एक बड़ी भूमिका की कामना में उलझे रहते हैं। ये कहानी दर्शाती है कि कुछ लोग बाहरी नजरिए से दुनिया को देखते हैं और अंदर नहीं झांकते । वे ग्लैमर और छवि के संदर्भ में ही सोचते हैं जबकि वास्तव में, उनके सपनों के शहर में बहुत गंदगी हो सकती है। यह संभवतः भारत की पहली ब्लैक कॉमेडी है जो आकांक्षा के अंधेरे पक्ष को उजागर करती है। उन्होंने कहा- दत्तानी ने नाटक में 'हास्य' और 'वीभत्स' जैसे रसों का मिश्रण किया है, जहां ठहाकों के साथ-साथ एक लाश से उपजी भय की भावना भी है। उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने कहानी के भीतर जटिल जमीनी हकीकतों को बुना है, वह लाजवाब है। महेश सर ने आधुनिक तकनीक का भी शानदार ढंग से उपयोग किया है। जिस तरह से उन्होंने टेक्स्ट संदेशों आदि का उपयोग किया है , वह अब कहीं जाकर ओटीटी शो दिखा रहे हैं।

एक नजर

अमेरिका में धोखाधड़ी के आरोप में भारतवंशी युवक को पांच साल की सजा

वाशिंगटन। अमेरिका में एक 24 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के को अमेरिकी महिला के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में 51 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, लड़के ने महिला को कंप्यूटर हैकिंग के जरिए 150,000 अमेरिकी डॉलर का चूना लगाया था। भारतीय मूल के लड़के की पहचान सुखदेव वैद्य के तौर पर की गई है। उसे पिछले साल दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। उसने अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटर हैकिंग के जरिए महिला को निशाना बनाया था और उनसे 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी की। बुधवार को अदालत ने बताया कि कस्टडी से रिहा होने के बाद आरोपी को निर्वासन के लिए ब्यूरो ऑफ कस्टम और इमीग्रेशन इंफोर्समेंट के पास भेजा जाएगा।

सेना व्यवसाय के बजाए रक्षा पर दे ध्यानः पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट

इस्लामाबाद। सेना के राजनीतिक और व्यवसायिक हस्तक्षेप को लेकर पाकिस्तान स्थित सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की है। एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आश्वासन मांगा कि सेना रक्षा के अलावा किसी अन्य व्यवसायों पर फोकस नहीं करेगा। गौरतलब है कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सैन्य भूमि के इस्तेमाल की जांच करने वाले एक मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ का नेतृत्व पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस बात पर जोर दिया कि देश की सभी संस्थानों को सिर्फ अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए।

निजी कंपनी ने चंद्रमा पर भेजा मून लैंडर, सफलतापूर्वक लॉन्च

वाशिंगटन। नासा की मदद से गुरुवार को अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने मून लैंडर ओडिसी को लॉन्च करने में सफलता हासिल की है। इसका नाम कवि होमर के हीरो के नाम पर रखा गया है। पहले इसे 14 फरवरी को लॉन्च किया जाना था, लेकिन ईंधन संबंधी समस्या के कारण इसमें देरी हुई। अबतक अमेरिका, रूस, चीन, भारत और जापान ने चंद्रमा पर सफल मिशन भेजा है। हालांकि, किसी निजी फर्म की ओर से अबतक ऐसा संभव नहीं हो पाया है।

अमेरिका के कंसास सिटी में गोलीबारी, एक की मौत, 21 घायल

वाशिंगटन। अमेरिका में एक बार फिर फायरिंग हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 21 लोग घायल हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने बताया कि गोलीबारी चीफ्स की सुपर बाउल जीत के लिए परेड और रैली के बाद हुई थी। घटना मिसौरी के कंसास शहर की है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, जब चीफ्स के प्रशंसक यूनियन स्टेशन के पश्चिम में गैरेज के पास से गुजर रहे थे, तभी वहां गोलीबारी हो गई थी। पुलिस ने हमले के बाद तीन हथियारबंद लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर है। घटना के बारे में एक महिला ने बताया कि जब गोलियां की आवाज आई तो हम वहां से भागकर एक लिफ्ट में छिप गए।

पाकिस्तानः पीएम पद के लिए शहबाज का नाम आने के बाद, पीटीआई ने भी की घोषणा

इमरान ने लगाई अयूब के नाम पर मुहर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव खत्म हुए एक हफ्ता हो गया है, लेकिन प्रधानमंत्री पद को लेकर अभी भी संशय बरकरार है।



अगला पीएम कौन होगा इसपर भी स्थिति साफ नहीं है। नवाज शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की रूपरेखा लगभग तैयार होने के बीच एन वक्त पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित कर दिया है।

शरीफ परिवार की घोषणा के बाद पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने गुरुवार को बड़ा दांव चला, पीटीआई ने पीएम पद के लिए पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान के पोते और पार्टी महासचिव उमर अयूब के नाम पर मुहर लगा दी है। बता दें, आशंका जताई जा रही है कि शहबाज शरीफ के पीएम बनते ही बड़े भाई नवाज शरीफ के राजनीतिक करियर का अंत हो जाएगा। दरअसल, पिछले हफ्ते चुनावों के आए नतीजों में त्रिशंकु संसद बनने के बाद शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है। नवाज-शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले पीएमएलएन का अन्य पार्टियों के साथ लगभग गठबंधन हो चुका है।

इस गठबंधन में छह पार्टियां शामिल हैं, जिसमें बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भी शामिल है। बता दें कि पाकिस्तान के तीनों प्रमुख दलों में से किसी को भी चुनावों में बहुमत नहीं मिला है।

विजेता उम्मीदवार की अधिसूचना रद करने वाली नवाज की याचिका खारिज

पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ झटका दिया है। ईसीपी ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने पंजाब प्रांत के एक निर्वाचन क्षेत्र में विजयी उम्मीदवार की अधिसूचना रोकने की मांग की थी। पीटीआई समर्थित उम्मीदवार ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नवाज को हराया था। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के नेतृत्व में ईसीपी की दो सदस्यी पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने नवाज शरीफ के अनुरोध को खरिज किया और पीएमएल-एन सुप्रिमो के वकील को अर्जी फिर से दायर करने का निर्देश दिया। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार शाहजादा गुस्तासप खान ने एनए-15 (मानसेहरा) सीट पर 105,249 मतों से जीत दर्ज की। जबकि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ 80,2382 मतों के साथ दूसरे नंबर पर रहे।

राजनीति मेरे बस की नहीं, टीएमसी सांसद मिमी देंगी इस्तीफा

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस नेता मिमी चक्रवर्ती ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने घोषणा की है। वे लोकसभा में पश्चिम बंगाल की जादवपुर सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं।

हालांकि, मिमी ने अब तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा नहीं सौंपा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को अपना त्याग पत्र सौंपा है। बताया जा रहा है कि मिमी स्थनीय स्तर पर पार्टी नेतृत्व से खुश नहीं थीं। इस वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। मिमी चक्रवर्ती ने इस्तीफा देने को लेकर कहा कि राजनीति मेरे लिए नहीं है, यहां अगर आप किसी की मदद कर रहे हैं तो आपको उसका प्रचार करना होता है। राजनीति के साथ-साथ मैं एक अभिनेत्री के रूप में भी कार्य करती हूं, मेरा दायित्व दोनों तरफ एक समान बनता है, अगर कोई राजनीति में आता है तो आप काम करें या न करें आपको भला-बुरा कहा जाता है।

अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का समकक्ष के साथ निरीक्षण करते मनोज पांडे।

सेना प्रमुख ने अमेरिकी समकक्ष से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

- 16 फरवरी तक अमेरिकी यात्रा पर हैं सेना प्रमुख मनोज पांडे

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक शांति और सुरक्षा प्रयासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चर्चा की। बता दें कि जनरल मनोज पांडे की 13 फरवरी को शुरू हुई अमेरिकी यात्रा 16 फरवरी को संपन्न हो जाएगी।

जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अर्लिंगटन नेशनल सीमेट्री में 'टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर' पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जनरल मनोज पांडे की अमेरिकी यात्रा की तस्वीरें शेयर कीं और कहा, बयान में कहा गया कि जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय चर्चा में हिस्सा लिया। इस चर्चा का उद्देश्य द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों और वैश्विक शांति व सुरक्षा के लिए परस्पर प्रतिबद्धता को बढ़ाना था। सेना प्रमुख ने फोर्ट बेल्वोइर में आर्मी जियोस्पेशियल सेंटर का भी दौरा किया और फोर्ट मैकनेयर में राष्ट्रीय रक्षा विव के साथ बातचीत की।

रामलला के दरबार में गोवा सरकार...

गोवा : मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ गोवा का पूरा मंत्रिमंडल रामलला के दरबार में पहुंचा और दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ आए सभी 51 सदस्यों ने रामलला के चरणों में माथा टेका। गुरुवार को अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे तो परंपरागत अंदाज में उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी को ई बस द्वारा एयरपोर्ट से राममंदिर परिसर ले जाया गया। ● एजेंसी

इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति होंगे रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो

जाकर्ता। इंडोनेशिया में हुए राष्ट्रपति चुनावों की मतगणना बुधवार को शुरू हुई। नतीजों के शुरुआती रुझानों में तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो ने 58 फीसदी मतों के साथ प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है।

रुझानों के बाद सुबियांतो ने अपनी जीत का एलान करते हुए कहा कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। हालांकि, सुबियांतो को देश में लोकतंत्र विरोधी नेता के तौर पर जाना जाता है। इंडोनेशिया के करीब 20 करोड़ लोगों ने अपना राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को मतदान किया था। कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 80 फीसदी ने मतदान किया है।

अमेरिका में भारतीय मूल के एक और शख्स की गोली मारकर हत्या

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतवंशी नागरिक होटल कारोबारी था किराये पर कमरे को लेकर हुआ विवाद

अमेरिका के अलबामा राज्य में भारतवंशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि भारतीय मूल के नागरिक का होटल का कारोबारी था और एक कमरे को लेकर ग्राहक के साथ विवाद हो गया, जिसके बाद ग्राहक ने मोटल (होटल) मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी।

बता दें, एक हफ्ते पहले शेफील्ड में हिलक्रेस्ट मोटल के मालिक प्रवीण रावजीभाई पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में 34 वर्षीय विलियम जेरेमी मूर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी किराये पर एक कमरा लेना चाहता था, इसी बीच विवाद हो गया और उसने ने बंदूक निकाली और पटेल को गोली मार दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी मूर को शेफील्ड पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि मूर की तलाशी लेने पर उसके पास से हथियार मिला। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के पास चश्मदीदों का बयान लिया गया है।

क्या बोले चश्मदीद

घटनास्थल के पास काम करने वाले नाई जेमेरिज ओवेन्स ने बताया, मैंने तीन गोलियों की आवाज सुनी। उन्होंने कहा कि गोली चलने पर उन्हें विश्वास नहीं हुआ और वह अपने काम में लगे रहे।

एशियन अमेरिकन होटल ओनर्स एसोसिएशन ने इस घटना पर दुख जताया है। एसोसिएशन ने कहा है कि वे इस घटना से काफी दुखी और स्तब्ध हैं। एएचओए के अध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि हिंसा के संवेदनहीन कृत्यों के लिए हमारे समुदायों में कोई जगह नहीं है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका में कई भारतीय मूल के नागरिकों की हत्या कर दी गई है।

कुपवाड़ा से आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में गुरुवार को पुलिस और सुरक्षाबलों को एक आतंकी मददगार को पकड़ने में सफलता मिली है। उसके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। जिले के गुंडमाचेर ब्रिज पर कुपवाड़ा पुलिस, सेना की 28 आरआर और सीआरपीएफ की 162बीएन ने संयुक्त नाका लगाया हुआ था।

चेकिंग के दौरान, लालपोरा से गुंडमाचेर की ओर आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके पास सफेद रंग का बैग था। जैसे ही उक्त व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रफीक अहमद गनई पुत्र गुलाम अहमद गनई निवासी लालपोरा शेखपोरा बताया। बैग की तलाशी के दौरान उसमें से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

बीजद विधायक व पूर्व मंत्री के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- 7 से 8 वर्ष पहले इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का लगा था आरोप

ओडिशा सरकार के पूर्व मंत्री व भद्रक जिला भंडारीपोखरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रफुल्ल सामल के 10 ठिकानों पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक साथ छापामारी की है। यह छापामारी भद्रक शहर में छह स्थानों पर तथा भुवनेश्वर में चार स्थानों पर की जा रही है।

विधायक के विभिन्न ठिकानों के साथ उनके रिश्तेदारों के यहां भी छापामारी किए जाने की सूचना मिली है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार तड़के प्रवर्तन निदेशलय की विशेष टीम भद्रक पहुंची। टीम भद्रक पहुंचने के बाद शहर के नुआ बाजार में मौजूद भंडारीपोखरी विधायक तथा पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल के आवास के अंदर गई। केन्द्रीय सुरक्षा बल के कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी की टीम भद्रक पहुंची है। 7 से 8 वर्ष पहले जिले के बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का आरोप लगा था। इसे लेकर एकाधिक बार इंजीनियरिंग कॉलेज के कर्मचारियों ने प्रतिवाद किया था। इस बीच कर्मचारियों के वेतन भी रोक दिए गए। ऐसे में वर्षों से वेतन ना मिलने कॉलेज कर्मचारियों ने कॉलेज के सामने, जिलाधीश कार्यालय के सामने, विधानसभा के सामने न्याय के लिए प्रतिवाद किया था।

कोर्ट में विचाराधीन है मामला

बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज का मामले हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसको लेकर पहले ईडी एवं सतर्कता विभाग से जांच करने की भी मांग की गई थी। इस को आधार पर बीजद विधायक के घर पर छापामारी की है।

विज्ञान | वैज्ञानिकों ने पतझड़ में 'ला नीना' के सक्रिय होने की जताई संभावना, अल्बानी विवि न्यूयॉर्क ने जारी की रिपोर्ट

अब छटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अच्छी खबर है कि अल नीनो समाप्ति की ओर है। बसंत के आखीर में प्रभाव समाप्त हो जाएगा और पतझड़ में ला नीनो सक्रिय होगा। वायुमंडलीय और पर्यावरण विज्ञान अल्बानी विश्वविद्यालय व स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने यह रिपोर्ट जारी की है।

अल नीनो के प्रभाव से शीतकाल मे देश दुनिया के कई हिस्से सूखे की चपेट में रहे। पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में कृषि क्षेत्र में बड़ा असर पड़ा है। शीतकाल में जंगलों की आग भी अन्य वर्षों की तुलना में अधिक भड़की है। वर्षा नही होने से भूजल भी काफी घटा होगा। इसका असर ग्रीष्मकाल तक देखने को मिलेगा। स्वाभाविक है वर्षा की कमी से पेयजल संकट उत्पन्न होगा।

मगर अब अलनीनो समाप्ति की ओर है। एक माह के अंतराल में इसका प्रभाव पूरी तरह समाप्त होने की संभावना है और संभवतः चालू वर्ष के पतझड़ तक ला नीना सक्रिय होने लगेगा। ला नीना सक्रिय होने से मौसम का पैटर्न लौट आएगा और वर्षा के साथ बर्फबारी सामान्य रूप से होने लगेगी। वैज्ञानिक अल नीनो का प्रभाव लंबा खींचने की आशंका जता रहे थे। जिसका भारतीय मानसून पर असर पड़ता। मगर अब इसके कमजोर पड़ने से आशंका के बादल छट गए हैं।



अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

क्या है अल नीनो

अल नीनो और इसके विपरीत ला नीना जलवायु पैटर्न हैं जो दुनिया भर के मौसम को प्रभावित करते हैं। अल नीनो वैश्विक तापमान बढ़ाता है। जिसका प्रभाव हाल के महीनों में देखा गया। इसके उलट ला नीना की घटनाएं थोड़ी ठंडी होती हैं। अल नीनो की शुरुआत दक्षिण अमेरिका से दूर पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में भूमध्य रेखा के साथ समुद्र के गर्म पानी की धारा की उत्पत्ति करता है। भूमध्य रेखा से लगे क्षेत्र के तापमान ने असामान्य रूप से वृद्धि करता है। अलनीनो की घटना 4 से 5 साल में एक बार होती है, लेकिन दस 10 से 20 के बीच यह शक्तिशाली रूप से सक्रिय होता है।

ट्रंप से ज्यादा अनुभवी नेता जो बाइडनः व्लादिमीर पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- उन्होंने कहा- किसी भी निर्वाचित अमेरिकी नेता के साथ मिलकर करेंगे काम

अमेरिका में आम चुनाव से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने बाइडन को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ज्यादा अनुभवी बताया। पुतिन ने कहा कि उनका देश बाइडन को दूसरे कार्यकाल के लिए जीतते हुए देखना पसंद करेगा।

पुतिन ने रूस के सरकारी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह निर्वाचित होने वाले किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करना पसंद करेंगे। लेकिन, जब उनसे पूछा गया कि रूस के नजरिए से कौन बेहतर विकल्प होगा तो उन्होंने कहा कि वह बाइडन की जीत को तरजीह देंगे।

पुतिन ने कहा, बाइडन ज्यादा अनुभवी और पुराने राजनेता हैं।

लेकिन हम ऐसे किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं, जिस पर अमेरिकी लोग भरोसा करते हैं। पुतिन की ओर से यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले आई है। इन चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी के बाइडन के खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी डोनाल्ड ट्रंप को खड़ा कर सकती है। चुनाव से पहले दोनों सियासी दल यूक्रेन की सैन्य मदद को लेकर एक दूसरे पर हमले बोल रहे हैं।